

क्रिसिल की रिपोर्ट : एफडीआई में 2 प्रतिशत से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी-12



वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्ध : आईईए-12



गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं-13



अक्षर पटेल ने कहा- मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं -14

आज का मौसम
28.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.13
सूर्यास्त 06.25


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी 04:08 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 24 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 118, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### शेयर बाजार धड़ाम सेंसेक्स 1,836 और निफ्टी 602 अंक टूटा



**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है। इससे कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी व रुपये की विनिमय दर में गिरावट को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। सेंसेक्स 1,836 .57 अंक यानी 2 .46% टूटकर 72,696 .39 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 1,974 .52 अंक का गोता लगाकर 72,558 .44 अंक पर आ गया था। निफ्टी 601 .85 अंक यानी 2 .60% लुढ़ककर 22,512 .65 अंक पर बंद हुआ।

### इंडिगो ने आलोक सिंह को मुख्य रणनीति अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक अलोक सिंह को अपना मुख्य रणनीति अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे को दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि सिंह में रणनीतिक दृष्टि और परिचालन क्षमता का उत्कृष्ट मिश्रण है।

### दिल्ली के उत्तम नगर में हाई अलर्ट, नवरात्र के कारण कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तम नगर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और नवरात्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। एक अधिकारी ने बताया कि ईद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस ने एहतियाती उपाय के तौर पर 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया था। सत्यापन के बाद उन सभी को रिहा कर दिया गया।

# दोगुनी होगी गेहूं की खरीद, नक्शा पास होते ही बदल जाएगा भूमि उपयोग

**कैबिनेट बैठक में 35 प्रस्ताव मंजूर**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने दोगुना किया लक्ष्य, 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी सरकारी खरीद
- ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार देने वाले कई अहम निर्णय

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों पर विचार के बाद चीनी उद्योग और लखीमपुर खीरी पुल विस्तार योजना को स्थगित करते हुए 35 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में सबसे अधिक फोकस किसानों पर रहा, जबकि ऊर्जा, निवेश, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

कैबिनेट ने राजस्व संहिता की धारा 80(8) में बदलाव करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका भूमि उपयोग स्वतः बदल जाएगा। अलग से लैंड यूज परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे निर्माण और निवेश प्रक्रिया आसान होगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी देते हुए एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। इसके साथ ही किसानों को उतराई, सफाई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने का निर्णय लिया गया है, जिसका करीब 60 करोड़ रुपये का व्यय मंडी परिषद वहन करेगा। इस बार खरीद अवधि 30 मार्च से 15 जून तक तय की गई है। सभी किसानों से गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाएगी।

प्रदेश के 75 जिलों में 6500 क्रय केंद्रों के माध्यम से आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। सबसे अहम फैसला खरीद लक्ष्य को लेकर हुआ, जहां पहले 25 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव था, जिसे मुख्यमंत्री ने बढ़ाकर 50 लाख मीट्रिक टन कर दिया। इससे अधिक किसानों को सरकारी खरीद का लाभ मिल सकेगा। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कैबिनेट ने निजी बिजनेस पार्क योजना-2025 को मंजूरी दी है। इसके तहत प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिससे निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है, जो प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जोड़ेगा। औद्योगिक कॉरिडोर को मजबूत करने के को गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे 29 स्थानों पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 24,542 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है। इन क्लस्टरों में सड़क, बिजली, जल आपूर्ति समेत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाते हुए गोरखपुर में 20 मेगावाट सोलर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है, जिससे हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। घाटमपुर पावर प्लांट की 660 मेगावाट की तीन इकाई के लिए झारखंड में 2242.90 करोड़ में एक कोल ब्लाक लेने के लिए मंजूर किया गया है। इससे बिजली लागत 3.78 रुपये प्रति यूनिट से घटकर 2.72 प्रति यूनिट होने की उम्मीद है।

### संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संभल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के निर्माण को मंजूरी दी गई है। करीब 300 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली इस परियोजना से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

### लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के लिए बनेगा कन्वेंशन सेंटर

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राजधानी लखनऊ में 1435 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस सेंटर में 10 हजार क्षमता का मुख्य हॉल और 2500 क्षमता का ऑडिटोरियम होगा। जिससे लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# होर्मुज का रास्ता रोकना नामंजूर, सरकार हर अप्रत्याशित संकट से निपटेगी : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- युद्ध का प्रभाव लंबा रह सकता है, इसलिए हमें तैयार और एकजुट रहना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है और इसका सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा।

उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट और व्यावसायिक जहाजों पर हमलों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कूटनीति और बातचीत से ही संभव है तथा भारत तनाव को कम करने व संघर्ष समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र में सरकार की तैयारियों के कारण आज हालात से निपटने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, सरकार संवेदनशील है, सतर्क है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व ऐसे संकट में गलत फायदा उठाने का प्रयास करते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी एजेंसियों को सतर्क रखा गया है। इस युद्ध के कारण दुनिया में बने हालात का प्रभाव लंबे समय तक रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा, हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज, संयम और शांत मन से हर चुनौती का मुकाबला करना है। मोदी ने कहा कि होर्मुज से कच्चे तेल, गैस और उर्वरक से लदे जहाजों के आवागमन में चुनौती के बावजूद सरकार का प्रयास देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति बहुत अधिक प्रभावित नहीं होने देने का है। देश में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया जा रहा है और पेट्रोल-डीजल की लगातार सुचारू आपूर्ति पर काम किया गया है।



- पश्चिम एशिया संकट पर लोकसभा में मोदी ने दिया वक्तव्य, कहा- कूटनीति से ही युद्ध का समाधान संभव

### बढ़ेगी बिजली की मांग पर्याप्त संसाधन मौजूद

प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश में किसानों ने अन्न भंडार भर रखे हैं। हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न हैं। प्रयास है कि खरीफ मौसम की सही से बुवाई हो। उन्होंने कहा, मैं देश के किसानों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार उनकी हरसंभव मदद करती रहेगी। कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली की मांग बढ़ने की चुनौती रहेगी, लेकिन सभी संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार पर्याप्त हैं।

### आर्थिक, राष्ट्रीय व मानवीय सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती

पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालात ने भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं जो आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय सुरक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज में संदेश दुनिया में जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट की स्थिति बनने के बाद उन्होंने स्वयं पश्चिम एशिया के अधिकतर राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है और उन सभी ने वहां भारतीयों की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया है। मोदी ने कहा कि प्रभावित देशों में भारत के जितने भी मिशन हैं वे निरंतर भारतीयों की मदद में जुटे हैं, वहां काम करने वाले भारतीयों, पर्यटकों को हर संभव मदद दी जा रही है। मोदी ने कहा, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग एक हजार भारतीय सुरक्षित वापस आए हैं।

# ट्रंप ने ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर हमला टाला, होर्मुज के लिए समयसीमा बढ़ाई

दुबई, एजेंसी



- ट्रंप बोले- 5 दिन अटैक नहीं करेंगे पहले दिया था 48 घंटे का अल्टीमेटम
- समझौता होने पर संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की बात कही
- ईरान ने कहा- कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा सोमवार को बढ़ा दी और कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले टाल रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल साइट पर युद्ध के समाधान की संभावना भी जताई। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने बातचीत होने से इनकार किया है। कहा कि तेल कीमत घटाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप गुमराह कर रहे हैं।

ट्रंप के रुख में आए बदलाव से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का कुछ समाधान निकलने की उम्मीद जगी है। बाद में, ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी दूत एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिम एशिया के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके (ट्रंप के) दामाद जेरेड कुशनर ने रविवार शाम तक बातचीत की तथा वार्ता जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई से बात नहीं की है।

ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता हो जाता है, तो अमेरिका ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर ट्रंप की घोषणा के ठीक बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा, ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे।

### हर घटनाक्रम पर भारत की है बारीक नजर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले को पांच दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद भारत ने सोमवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। जायसवाल ने पश्चिम एशिया के प्रमुख देशों के साथ भारत के लगातार संपर्क में रहने और नई दिल्ली द्वारा इस क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया।

### दो और एलपीजी टैंकर होर्मुज पार कर भारत के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज को पार कर गए हैं और दो से ढाई दिन में भारतीय बंदरगाह पर पहुचेंगे। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन जहाजों पर लदी गैस देश में लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों जहाज पर लगभग 92,000 टन एलपीजी है। – विस्तृत कारोबार पर

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहा, 4 की मौत



प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की गिरी छत।

प्रयागराज, एजेंसी

- अमोनिया गैस का रिसाव होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मची, एक किमी तक फैली गैस, 14 घायल

यहां के गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि 14 श्रमिक घायल हो गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया, घायलों का इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है, इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

# मत्स्य निरीक्षक 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



रिश्वत लेते पकड़ा गया पूरनलाल।

- एंटी करप्शन बरेली की टीम ने तहसील में कसा शिकंजा
- बरेली का रहने वाला है आरोपी मत्स्य निरीक्षक पूरनलाल

**अमृत विचारः** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की बरेली यूनिट ने शाहजहांपुर तहसील सदर में छापेमारी कर वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बरेली का रहने वाले आरोपी निरीक्षक पूरनलाल ने विभाग में रजिस्ट्रेशन के नाम पर वसूली की थी। पीड़ित से पैसा लेते ही टीम ने उस पर शिकंजा कस दिया।

एंटी करप्शन यूनिट की कार्रवाई के समय शाहजहांपुर में तहसील दिवस का आयोजन हो रहा था। डीएम और एसपी समेत कई अधिकारी तहसील सभागार में जनसमस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने रिश्वत लेते हुए मत्स्य निरीक्षक को दबोच लिया। संगठन प्रवक्ता के अनुसार, थाना पुवायां क्षेत्र के गांव सदापुर निवासी राजेश कुमार ने मत्स्य विभाग में समिति पंजीकृत कराने के लिए दिसंबर 2025 में ऑनलाइन आवेदन किया था। आगे की प्रक्रिया पूरी करने को आरोपी निरीक्षक पूरनलाल उससे पैसे एक लाख रुपये मांग रहा था और उसे कार्यालय के चक्कर लगवा रहा था। आरोपी पूरनलाल बरेली में थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव खेलम का रहने वाला है। उसकी तैनाती शाहजहांपुर में चल रही थी। पीड़ित ने एंटी करप्शन से मामले की शिकायत की थी, जिसके कार्रवाई को जाल बिछा दिया गया। तहसील के गेट पर आकर जैसे ही निरीक्षक ने पैसे लिए, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी कार्रवाई के लिए टीम उसे कटरा थाने ले गई। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

### अधिकारी आत्महत्या मामलाः आप के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य भंडारण निगम के एक अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि भुल्लर को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा। अमृतसर स्थित पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शनिवार तड़के जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। वीडियो सामने आया है, जिसमें वह (रंधावा) भुल्लर पर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते दिख रहे हैं। मामले में उनके पिता समेत तीन पर मामला दर्ज है।

**आदेश** | सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर जताई नाराजगी

# अनिल अंबानी बैंक फ्रॉड केस की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच हो

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) व उसकी कंपनियों से जुड़े बैंकिंग धोखाधड़ी मामले की जांच में सीबीआई और ईडी द्वारा दिखाई गई अनिच्छा पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने उन्हें इस मामले में निष्पक्ष, तटस्थ, पारदर्शी और समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सीबीआई और ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया और सभी संबंधित वित्तीय संस्थानों को ईडी को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। अंबानी के नेतृत्व वाले एडीएजी की कंपनियों द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी मामले की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करते हुए पूर्व नौकरशाह ईएएस शर्मा ने जनहित याचिका दायर की है।

इस पर सुनवाई करते हुए, पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को यह अनुमति दी कि यदि अन्य सरकारी निकाय उन्हें सहयोग देने में अनिच्छा दिखाते हैं तो वे उससे संपर्क कर सकते हैं। सुनवाई की शुरुआत में मेहता ने पीठ को सूचित किया कि एक एसआईटी का गठन किया गया है। जांच एजेंसियों ने अब तक 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।



### 73,000 करोड़ रुपये है धोखाधड़ी की कुल राशि

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम उन्हें यह निर्देश नहीं दे सकते कि किसे गिरफ्तार करना है, लेकिन जांच एजेंसियों की ओर से दिखाई गई अनिच्छा स्वीकार्य नहीं है। उन्हें समयबद्ध तरीके से बताना चाहिए कि क्या पाया गया है। आपकी जांच से पता चलना चाहिए कि क्या किया गया है और इससे न केवल हमें, बल्कि सभी को विश्वास होना चाहिए। पीठ ने जांच एजेंसियों की नयी वस्तु स्थिति रिपोर्ट में सामने आए कुछ तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी वर्तमान में क्रमशः सात और आठ प्राथमिकी की जांच कर रही हैं। पीठ ने यह भी कहा कि 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण का निपटारा कथित तौर पर 26 करोड़ रुपये का भुगतान करके किया गया है। पीठ ने कहा कि अनुमान है कि धोखाधड़ी की कुल राशि लगभग 73,000 करोड़ रुपये है। न्यायालय ने कहा, जांच एजेंसियों को इस मामले की तह तक जाना चाहिए। हम सीबीआई और ईडी से आग्रह करते हैं कि जांच को पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से पूरा किया जाए ताकि इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके।

# विकास को मिलेगी रफ्तार या गुटबाजी को धार, सभासदों ने ली शपथ

## नगर पालिका और नगर पंचायतों में आयोजित किया शपथ ग्रहण कार्यक्रम, प्रशासनिक अधिकारियों ने दिलाई शपथ, जनप्रतिनिधि भी रहे शामिल



पूरनपुर में हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विधायक, चेयरमैन, एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार



नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह संग नामित सभासद।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 25 मार्च को भी आयोजित किया जाएगा शपथ ग्रहण समारोह

**अमृत विचार :** नगर पालिका और नगर पंचायतों में विकास के तमाम दावों के बीच कई जगह हावी गुटबाजी जगजाहिर है। इसी बीच शासन स्तर से नामित किए गए सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी अधिकांश नगरपालिका और नगर पंचायतों में सोमवार को संपन्न कराया गया। कई जगह ऐसे भी चेहरे नामित हुए हैं, जिन्होने पूर्व में भाजपा का कमल खिलने में रोड़ा डालने का काम किया था। हालांकि उस वक्त उन्हें हार मिली और भाजपा के सभासदों ने जीत दर्ज की।

अब ऐसे चुनाव में हार का सामना कर चुके चेहरे शासन स्तर से सभासद नामित किए गए हैं। विकास के लिए सबको साथ लेकर चलने की बात संगठन और जनप्रतिनिधि कर रहे हैं। इसकी शपथ भी दिलाई जा रही है। फिलहाल अब देखना है कि नामित सभासदों के आने के बाद नगर निकायों के विकास को रफ्तार मिलेगी या फिर गुटबाजी को धार।

बता दें कि कई निकायों में गुटबाजी चरम पर रही है। कहीं सभासदों के बीच तो कहीं कुछ सभासदों का चेयरमैन या उनके प्रतिनिधि से ताल-मेल न बनना उजागर होता रहा। शिकायतबाजी भी कम नहीं रही। बीते दिनों निकायों के लिए शासन स्तर से नामित सभासदों की घोषणा करते हुए सूची जारी कर दी गई थी। नामित सभासदों की सूची में कई ऐसे भी नाम आए, जिन्होंने अपना चुनाव भाजपा के जीते सभासदों के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ा था। इसके बाद से उनके शपथ ग्रहण को लेकर तैयारियां चलती रही। शहर से सटी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में भी गुटबाजी कई बार उजागर हो चुकी है। कुछ सभासदों के द्वारा चेयरमैन व उनके पति की शिकायतें भी की गई थी। सोमवार को यहां पर शासन द्वारा नामित सदस्य डालचंद सक्सेना, प्रभा मौर्य, मनोज शर्मा का शपथ ग्रहण समारोह एक होटल में आयोजित किया गया।

एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के विकास को जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय एवं सहभागिता के साथ कार्य करने पर बल दिया गया। अंत में सभी का आभार जताया गया। इधर, नगर पालिका पीलीभीत की स्थिति लंबे समय से चर्चित है। सभासदों के बीच की गुटबाजी संगठन के वरिष्ठ नेताओं से लेकर शासन स्तर तक एक दूसरे की शिकायतें करने के दौरान उजागर हो चुकी हैं। हालांकि नगर पालिका पीलीभीत का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नहीं हुआ, अब ये 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। उसी दिन न्यूरिया हुसैनपुर और बरखेड़ा नगर पंचायत का भी शपथ ग्रहण आयोजित होगा। उधर, पूरनपुर नगरपालिका सभागार में भी चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरनपुर विधायक विधायक बाबूराम पासवान, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। अरविन्द गुप्ता, उपेंद्र भारती, प्रदीप सिंह मुखिया, गुंजन सक्सेना, डॉ. मयंक सक्सेना ने सभासद पद की शपथ लेकर नगर पालिका बोर्ड में अपनी जिम्मेदारी संभाली। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, संजीव त्रिवेदी, राजेश लोधी, पूर्व सभासद सुनील सक्सेना, राधेश्याम सागर, प्रदीप शुक्ला, उमाशंकर सक्सेना, सुनील दीक्षित आदि मौजूद रहे।

वहीं, नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत कार्यालय में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं प्रभारी अधिकारी एसडीएम अमरिया मयंक गोस्वामी ने नामित सदस्यों महेंद्र, डॉ. एसएन सिंह, ग्यारसी लाल मित्तल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने कहा कि नव-नामित सदस्यों के जुड़ने से नगर पंचायत बोर्ड को और अधिक मजबूती मिलेगी। जनसेवा का संकल्प लिया गया।

### बीसलपुर में भी नामित सभासदों ने ग्रहण की शपथ



**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका पुस्तकालय में आयोजित हुए समारोह में एसडीएम नागेंद्र पांडे ने शासन से नामित सभासद कौशल कुमार पांडे, शुभम कुमार सिंह, अमित सक्सेना, विपिन कुमार, आरती गुप्ता को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर नामित सभासदों का अभिनंदन किया गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की, शरद पाल सिंह, ईओ शमशेर सिंह, कार्यालय प्रभारी अकरम, अखिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बिलसंडा में एसडीएम न्यायिक ने दिलाई शपथ



**बिलसंडा, अमृत विचार :** सोमवार को नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एसडीएम न्यायिक लाल सिंह यादव ने नामित सभासदों सुमित गुप्ता, रामेंद्र गोस्वामी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने नामित सभासदों को शुभकामनाएं दी। कहा कि राजनीतिक जीवन में पद पर बैठे व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। सरकार ने उन्हें सभासद के पद पर मनोनीत कर जनसेवा करने का अवसर दिया है। चेयरमैन डीके गुप्ता ने नामित सभासदों को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की अपील की। इस मौके पर अधिवक्ता आशीष सक्सेना, राकेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, रामदास पाठक, वैभव सक्सेना, सतनाम सिंह, अमित जायसवाल, अमन गुप्ता, संजीव मौर्य, अनुपम दीक्षित, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सांड़ से टकराई बाइक दो बच्ची घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रसिया खानपुर मार्ग पर बाइक पर सवार होकर परिजन संग जा रही दो बच्ची घायल हो गई। बाइक अचानक सामने आए सांड़ से टकरा गई थी। बता दें कि गांव रसिया खानपुर निवासी उबैस अपनी भांजी नौ वर्षीय सितारा पुत्री नौसे अली, 12 वर्षीय शाविया को लेकर बीसलपुर जा रहे थे। अमृता चौराहे के पास पहुंचते ही बाइक सांड़ से टकरा गई। हादसे बच्ची बाइक से गिरकर घायल हो गई। उन्हें सीएचसी में प्राथमिक इलाज देने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी साजिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 मार्च को वह अपने घर पर थी। तभी गांव का नाजिम, फिरोज और मोहम्मद मियां उसके घर पर आ गए। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि घायल का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### युवती को ले गया सहेली का भाई

**बिलसंडा, अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री ने कक्षा सात तक पढ़ाई की है। करीब तीन वर्ष पूर्व बीसलपुर के मदरसे में उर्दू पढ़ने के लिए गई थी। उस वक्त मदरसे में ही रही। वहीं, इरम नामक लड़की भी पढ़ती थी। दोनों की दोस्ती हो गई और एक दूसरे के घर आने जाने लगे। इरम का भाई रज्जाक भी घर आता था। उसने पीड़ित की पुत्री से बातचीत शुरू कर दी और प्रेम प्रसंग हो गया। इसकी बाद में जानकारी हुई। बीस मार्च को सुबह उनकी पुत्री को रज्जाक बहला फुसलाकर ले गया। इसमें इरम और एसके पति सलमान, ताऊ महबूब आदि ने मदद की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### लापता बच्ची को परिवार से मिलाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नवरात्रि पर मां यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में मेला लगा है। इसमें भीड़ पहुंच रही है। सोमवार को बारादरी बरेली के संजय नगर की रहने वाली साढ़े तीन वर्षीय बच्ची मेले में परिवार के साथ आई और गुम हो गई थी। उसे तलाशने के बाद परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

### चेयरमैन ने नियुक्त किए आठ प्रतिनिधि

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने कस्बे के संतोष भारती, मनोज सक्सेना, उत्तम अग्रवाल, प्रिंस भारद्वाज, कमलेश कश्यप, संजीव कुमार यादव, सूरजपाल और अशोक वर्मा को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनका कहना है कि ये उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे।

### कुकर्म के दो आरोपी भेजे जेल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने आठ साल के बालक से कुकर्म करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दरोगा अनिल कुमार सिद्धू ने बताया कि महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी गांव मातीमाफी के निवासी अतुल कुमार और पिंकू उर्फ छोटू को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# निःशुल्क सर्जरी से 35 बच्चों की लौटी मुस्कान

**आरबीएसके योजना**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जन्मजात बीमारियों से जूझ रहे 56 बच्चों का कराया विभिन्न बीमारियों का मुफ्त इलाज
- स्माइल ट्रेन संस्था के सहयोग से क्लेफ्ट लिप-पैलेट की सर्जरी संभव

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत जिले में आर्थिक तंगी से जूझ रहे बच्चों के लिए उम्मीद की किरण जगी है। योजना के माध्यम से जन्मजात गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क इलाज कर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई जा रही है।

बता दें कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों का इलाज कराया गया। इसमें क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट पैलेट (होट कटे एवं तालू कटे) से ग्रसित 36 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी स्माइल ट्रेन संस्था के सहयोग से कराई गई। इनमें खासकर तीन नवंबर को ब्लॉक मरौरी के आरबीएसटी के डॉ. दिनेश, ओप्टोमेटरिस्ट राजीव कुमार और स्टाफ नर्स माला शर्मा के द्वारा ग्राम बस्थाना में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान वैष्णवी देवी पुत्री सुमित कुमार को चिन्हित किया गया। जिनका होंठ जन्म से कटा हुआ था। इसका ऑपरेशन निःशुल्क कराया गया। इसके अलावा माह नवंबर में ब्लॉक मरौरी की टीम डॉ. वर्षा, डॉ. खुशबू जमाल, ओप्टोमेटरिस्ट धर्मेन्द कुमार, स्टाफ नर्स सुषमा ने गांव खाग के आंगनबाडी केंद्र पर हुआ स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान अनामिका को चिन्हित किया गया। उसका भी निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। आंकड़ों के अनुसार हार्ट सर्जरी के 11, क्लब फुट के 26, कंजनाइटल कैटरेक्ट के 8, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट के 2 और अन्य न्यूरो संबंधी बीमारियों से ग्रसित 9 बच्चों का भी सफल इलाज कराया गया। इसी क्रम में मरौरी ब्लॉक के ग्राम बस्थाना में एक बच्ची वैष्णवी देवी, जिसका जन्म से होंठ कटा हुआ था, की पहचान कर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के सहयोग से निःशुल्क सर्जरी कराई गई। वहीं ग्राम खाग की अनामिका नामक बच्ची का भी इसी योजना के तहत सफल ऑपरेशन कराया गया। योजना के तहत अब तक करीब 16 हजार से अधिक बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

## योजनाओं की दी गई जानकारी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** पशुपालन विभाग की ओर से सोमवार को ब्लॉक सभागार में पशुपालकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.हरपाल सिंह ने पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। पशुओं की नस्ल सुधार, बांझपन, थनैला रोग, पशुओं में किलनी, मक्खी व मच्छर से फैलने वाले रोग, पशुओं से मनुष्य में फैलने वाले रोगों, पशुओं के रखरखाव के बारे में बताया। इससे संबंधित पत्रक भी पशु पालकों को वितरित किये। इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी जोगीठेर हर्षवर्धन ने भी विचार रखे।

## नौगवां में बंटवारे को लेकर मारपीट, दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस से कार्रवाई के लिए की शिकायत

**अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी गीता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके जेठ रामेश्वर को उसके ससुर स्वर्गीय गंगाराम ने उसकी शादी से पहले शारदा अस्पताल के सामने जगह दिलवाई थी। उसकी शादी को 28 साल बीत गए। तब से वह नौगवां पकड़िया स्थित घर में अपने छह बच्चों के साथ रह रही है।

22 मार्च को उसके पति रिश्तेदारी में गए हुए थे। वह बच्चों को घर पर छोड़कर पड़ोस के घर पर बैठी थी। शाम साढ़े चार बजे उसका जेठ रामेश्वर अपने पुत्र विजय व पुत्रवधु लक्ष्मी के साथ जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने मकान में अपना हिस्सा मांगना शुरू कर दिया। उसकी पुत्री कल्पना ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर जब वह अपने घर पहुंची तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**बीसलपुर, अमृत विचार :** अतिरिक्त दहेज में बाइक और पचास हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी श्रीपाल सिंह की पुत्री रेनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 अप्रैल को शाहजहांपुर जनपद के थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम खेड़ा नवादा निवासी कल्लू सिंह के पुत्र सोनू से हुई थी।

पति सोनू, सास सोमवती, ननद आशा देवी, जेठ बड़े लल्ला, जेठानी रचना, चचिया ससुर अजय वीर, देवर सुमित संतुष्ट नहीं थे। बाइक और पचास हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर 12 मई 2025 को घर से निकाल दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## राकिमसं ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बीसलपुर ब्लाक अध्यक्ष रामचंद्र के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि बेसिक स्कूलों में 3.95 लाख रसोइयां कार्य कर रही हैं जो कि बच्चों को खाना बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, जिन्हें मात्र दो हजार रुपये के हिसाब से दस महीने का दिया जा रहा है। रसोइयों का मानदेय बढ़ाने की मांग की गई। गांव गुलेंदा गौंटिया से जसकरनपुर दियोकलिया के बीच में पुल निर्माण की मांग की गई। इस मौके पर प्रेम सागर पटेल, रामचंद्र, धर्मेन्द्र, सतीश कुमार, रामसिंह, राजेश सिंह, अमर सिंह, चित्रा देवी, रानी देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, गंगा देवी, लज्जावती, विद्या आदि मौजूद रहे।

## कार्यक्रम में शहीदों का किया नमन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से शहीद दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें कैफ रजा ने कहा कि 23 मार्च शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के सर्वोच्च बलिदान को नमन करने का दिन है। इन शहीदों की विचारधारा सिर्फ अंग्रेजों को भगाना नहीं, बल्कि एक समतामूलक समाज बनाना था। उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया और कहा कि इन शहीदों के आदर्शों को याद रखना और उनके सपनों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर वेदप्रकाश, जुल्फिकार अली, राजू वर्मा, शाहजली खान, मोहम्मद मियां, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### ट्रेड डील समझौते का विरोध भाकियू ने हरियाणा में भरी हुंकार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पिपली हरियाणा में हुई जनक्रांति रैली में पीलीभीत के भी भाकियू चढूनी के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भारत-अमेरिका ट्रेड डील समझौता रद्द करने की मांग की गई। एक दिन पूर्व ही जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रवाना हुए थे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पिपली कुरूक्षेत्र हरियाणा में जन क्रांति रैली में भारत अमेरिका ट्रेडिंग समझौते को रद्द करवाने के लिए बड़ी संख्या में किसान जमा हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के नेतृत्व में बिगूल फूंक दिया है। भारत अमेरिका ट्रेड डील समझौता रद्द नहीं हुआ तो उसके लिए हमें कोई भी कीमत चुकानी पड़े चुकाने को तैयार हैं। इस मौके पर जिले से प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुरजिंदर सिंह, तहसील उपाध्यक्ष रेशम सिंह, सरबजीत सिहं, पवनदीप सिंह, जसविंदर सिंह, चमकौर सिंह, जितेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह आदि थे।



### फाइनल मुकाबले में दिखाया दमखम, मिला पुरस्कार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बेनहर गुरुकुल के रंजीत स्टेडियम में जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इसकी शुरुआत प्रबंधक डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने कराई। पहला मैच गर्ल्स बेनहर हरक्यूलिस और गर्ल्स गुरुकुल स्ट्रांम्स के बीच खेला गया। गुरुकुल स्ट्रांम्स ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हरक्यूलिस की टीम ने 75 रनों का लक्ष्य दिया। गुरुकुल स्टॉम्स ने 7.4 ओवर में ही 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। दूसरा फाइनल मैच बालक वर्ग में बेनहर टाइटंस और गुरुकुल वारियर्स के बीच खेला गया। इसमें बेनहर गुरुकुल वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रनों का लक्ष्य दिया। टाइटंस के एकमजोत सिंह ने 37 रनो की शानदार परी खेल अपनी टीम को छह विकेट से जीत हासिल कराई। बेनहर पब्लिक स्कूल की संस्थापक रजीत सिंह सैहमी, प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर, एकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित, एक्टिविटी इंचार्ज गुरुसेवक सिंह, रोशनी बग्गा, त्रिलोक चंद्रा आदि मौजूद रहे।



### स्लोगन प्रतियोगिता में राशिका भारती ने मारी बाजी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कराई। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग विशेष रूप से व्यक्ति के मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव डालता है। इससे व्यक्ति के लिए आत्म नियंत्रण करना कठिन हो जाता है। जिस कारण मस्तिष्क की कार्यप्रणाली में परिवर्तन असहनीय रूप से होते हैं। स्लोगन प्रतियोगिता में राशिका भारती प्रथम, नैन्सी व हीराकली ने संयुक्त रूप से द्वितीय और प्राची व आकांक्षा वर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर आकांक्षा राना, दीप्ति, ज्योति, नैन्सी, प्रिया, रेखा, अंशिका क्षत्री, अंजलि, डॉ. अतुल कुमार मिश्रा, शिव शंकर, डॉ. कृष्णा शर्मा, संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर, सोनिया सिंगला, कविशा कनौजिया, महक तब्बसुम, अतीबा आरिफ, कुसुम लता, राजपाल, आलोक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



### वार्षिकोत्सव की रही धूम, बच्चे व शिक्षक को किया पुरस्कृत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय संतोषपुरा में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। विद्यालय के द्वारा निपुण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापिका शैली शर्मा, किशन कुमार, सुमन की प्रशंसा की गई। शिक्षामित्र सुमन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रशांत त्रिवेदी, एआरपी कपिल गुप्ता, संकुल शिक्षक हिमांशु कुमार, पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति प्रांतीय मंत्री प्रखर मिश्र, डॉ. गौरव वर्मा, संघमित्रा गौतम, पूजा, चमन आरा, ममता रानी आदि मौजूद रहे। खंड शिक्षाधिकारी ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

# योगी कैबिनेट तक पहुंची पीटीआर की गूंज

- मंत्रियों के हाथों में दिखी कॉफी टेबल बुक
- पीटीआर की ख्याति देश-दुनिया में और तेजी से फैलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक के दौरान मंत्रियों को भेट की गई काफी टेबल बुक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों के संरक्षण की गूंज अब प्रदेश के सत्ता के गलियारों तक पहुंच गई है। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान पीलीभीत टाइगर की कॉफी टेबल बुक सभी कैबिनेट मंत्रियों को भेंट की गई। इस पहल के बाद अब प्रदेश के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टाइगर रिजर्व की ख्याति देश-दुनिया में और तेजी से फैलने की उम्मीद है।

टाइगर रिजर्व बनने के बाद से पीलीभीत ने पर्यटन के मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब इस विशेष काफी टेबल बुक के माध्यम से यहां के दुर्लभ वन्यजीवों, जंगलों और चूका बीच जैसे खूबसूरत पर्यटक स्थलों को बेहद आकर्षक ढंग से दर्शाया गया है। सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में टाइगर रिजर्व की कॉफी बुक टेबल कैबिनेट मंत्रियों को भेंट की गई। शासन स्तर पर इस पुस्तक के वितरण के पीछे पीलीभीत टाइगर रिजर्व की उपलब्धियों और यहां के ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। माना मा रहा है कि जब प्रदेश के मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि कॉफी बुक टेबल के माध्यम से यहां की विशेषताओं को जानेंगे, तो वे बाहरी सैलानियों और निवेशकों को पीलीभीत की ओर से आर्कषित कर सकेंगे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह की इसकी पुष्टि की है।

# विद्यालयों तक पहुंचीं निःशुल्क पुस्तकों की खेप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र से पहले बेसिक शिक्षा विभाग ने इस बार तैयारियां समय से पूरी कर ली हैं। जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सत्र शुरू होते ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए किताबों की खेप स्कूलों तक पहुंचा दी गई हैं। उनका सत्यापन कराया जा रहा है।

जिले में संचालित 1508 परिषदीय विद्यालयों में इस बार नए सत्र की शुरुआत से पहले ही किताब वितरण की व्यवस्था लगभग पूरी कर ली गई है। इनमें 291 कंपोजिट, 928 प्राथमिक और 280 उच्च प्राथमिक विद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भी संचालित हैं, जबकि 18 विद्यालय नगरीय क्षेत्र में स्थित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। कक्षा चार से आठ तक करीब 1.15 लाख और कक्षा एक से तीन तक 60,864 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। पिछले वर्षों में सत्र शुरू होने के बाद भी सभी बच्चों को समय पर किताबें नहीं मिल पाती थीं, लेकिन इस बार विभाग ने पहले से ही तैयारी कर ली है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह के निर्देशन में करीब 17 लाख से अधिक किताबों का ऑर्डर दिया गया था, जिसके सापेक्ष अब तक लगभग 80 प्रतिशत यानी करीब 12 लाख किताबें जिले में पहुंच चुकी हैं। बीएसए रोशनी सिंह ने बताया कि नए शैक्षिक सत्र को देखते हुए समय से पहले किताबों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और सत्यापन के बाद निर्धारित समय पर वितरण कराया जाएगा।

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

## शहर में आज

- गांधी प्रेक्षागृह में सरकार के नौ साल पूरे होने पर कार्यक्रम दोपहर 03 बजे।
- हिंदू महासभा की ओर से विक्रमपुर गांव में हनुमान चालीसा पाठ शाम 04 बजे।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत मां यशवंतरी देवी मंदिर परिसर समेत अन्य स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम सुबह 08 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में वृद्ध समेत तीन लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार** : अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में तीन लोग घायल हो गए। बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम भदपुरा निवासी कढ़ेराम बाइक से निजी कार्य के चलते बीसलपुर आ रहे थे। ग्राम चुर्रासकतपुर के पास एक वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक मार्ग पर फिसल गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरगपुरकलां निवासी अरविंद कुमार का पुत्र अश्वनी बाइक से बीसलपुर आ रहा था। ग्राम नीवाडांडी के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। इसके अलावा बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव नांद निवासी राधे श्याम का पुत्र शुभम् बीसलपुर से गांव लौट रहा था। चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गए। सभी को सीएचसी भर्ती कराया है।

### बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रिछोला सबल निवासी अरबाज अपने निजी कार्य से बीसलपुर आ रहा था। उसकी कार जैसे ही ईदगाह चौराहे पर पहुंची वैसे ही एक बस ने कार में टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# भाजपा नगर महामंत्री पर एफआईआर के बाद हंगामा

## कोतवाली में धरना-प्रदर्शन, चौकी प्रभारी पर नगराध्यक्ष से अभद्रता करने का आरोप, व्यापार मंडल पदाधिकारी भी जुटे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : गिरवी रखे जेवर हड़पने के आरोप में भाजपा के नगर महामंत्री एवं व्यापारी नेता पीयूष अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हंगामा हो गया। ठेका चौकी प्रभारी पर मुकदमे के संबंध में दूरभाष पर संपर्क करने पर नगराध्यक्ष भाजपा से अभद्रता करने के आरोप लगे। कई भाजपा नेताओं और व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कोतवाली में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त करने और ठेका चौकी इंचार्ज को हटाने की मांग की है।

बता दें कि सदर कोतवाली में एसपी के आदेश पर गजरौला क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भजा धियोना निवासी ज्वाला प्रसाद की ओर से भाजपा के नगर महामंत्री एवं व्यापारी नेता पीयूष अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इसमें ज्वाला प्रसाद ने बताया कि उसने 23 अक्टूबर 2023 को 250 ग्राम चांदी और 24 अप्रैल 2023 को तीन ग्राम सोने का जेवर पीयूष अग्रवाल के पास उनकी रंगीलौल चौराहा के पास स्थित दुकान पर गिरवी डाला था। पांच हजार रुपये ब्याज भी जमा कर दिया था। इन्हीं की



कोतवाली परिसर में धरना देते भाजपा नगराध्यक्ष, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष व अन्य।

- **एसपी के आदेश पर नगर महामंत्री पर दर्ज की गई थी गिरवी रखे जेवर हड़पने की रिपोर्ट**

दुकान पर रामनगर गांव के दाताराम काम करतें हैं, जिनकी ससुराल उनके घर के बराबर में है। ऐसे में डेढ़ हजार रुपये दाताराम को दे दिए थे और उसने कहा था कि रकम वह अपनी तनख्वाह में कटवा देगा। इसके बाद 31 दिसंबर 2025 को जब जेवर लेने गए तो आरोप है कि पीयूष अग्रवाल ने लौटाने से इन्कार कर दिया। उनको कोई रसीद व अन्य सबूत तक नहीं दिए गए। जिसकी वजह से पत्नी भी बीमार रहने लगी, उसका इलाज चल रहा है। एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर कोतवाली पुलिस के विवेचना शुरू करने से पहले ही हंगामा हो गया। सोमवार शाम को भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि जब नगराध्यक्ष भाजपा इंद्रेश सिंह चौहान ने ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह से मुकदमे के संबंध में जानकारी करने को दूरभाष पर संपर्क किया तो चौकी प्रभारी ने नगराध्यक्ष से अभद्रता कर दी। नगर महामंत्री पीयूष अग्रवाल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में भी नगर महामंत्री हैं। ऐसे में संबंधित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों संग तमाम व्यापारी भी कोतवाली आ गए और उन्होंने भी धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ठेका चौकी इंचार्ज को हटाने और नगर महामंत्री पर दर्ज किए गए मुकदमे को निरस्त करने की मांग की गई। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने सभी को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बन सकी। कोतवाली परिसर में व्यापारी और भाजपा नेता धरना देकर अपनी मांगों पर अडिग रहे। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर को पुलिस बल के साथ कोतवाली बुला लिया गया। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। कोतवाली परिसर में एक तरफ कार्यकर्ता और व्यापारी धरने पर रहे, जबकि भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी समेत कई पदाधिकारियों से सीओ की कक्ष में वार्ता चलती रही।

### दूसरी बार धरने पर बैठे भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान

अपनी ही सरकार के दौरान मांगों को मनवाने के लिए भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान का धरना देना एक बार फिर चर्चा में आ गया। इससे पहले भी वह धरने पर बैठ चुके हैं। 18 अप्रैल 2025 को उन्होंने सुनगढ़ी थाने में कार्यकर्ताओं संग धरना प्रदर्शन किया था। उस वक्त उनका एक व्यापारी नेता से विवाद हो गया था। आरोप था कि मुकदमा दर्ज होने के कई घंटे बाद भी पुलिस के स्तर से कार्रवाई नहीं की गई थी। अब नगर महामंत्री पर दर्ज की गई रिपोर्ट के बाद चौकी प्रभारी द्वारा अभद्रता किए जाने के बाद उस पर कार्रवाई के लिए कोतवाली परिसर में धरना दिया।

### नगर टीम का धरना, जिलाध्यक्ष बोले- संज्ञान में नहीं

एक तरफ नगर महामंत्री के खिलाफ एफआईआर, नगर अध्यक्ष से दरोगा द्वारा अभद्रता करने के आरोप के बाद कोतवाली में धरना प्रदर्शन चल रहा था। अफसर भी मनाने में जुटे हुए थे। वहीं, जब जिलाध्यक्ष भाजपा गोकुल प्रसाद मौर्य से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने इतना ही कहा कि धरने की जानकारी तो लगी है, मगर पूरा प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है।

### एएसपी पहुंचे कोतवाली, मंगलवार को होगा निर्णय

कोतवाल और फिर सीओ सिटी के शांत कराने के प्रयास के बाद भी मामला बन नहीं सका। इसके बाद रात को एएसपी विक्रम दहिया कोतवाली पहुंचे। उनके समक्ष भी वहीं दो मांग रख दी गई। इसके बाद चौकी प्रभारी को अपने कार्यालय बुलाने की बात कही गई और प्रदर्शन कर रहे कुछ मुख्य लोगों को एएसपी ने कार्यालय ले गए। वहां पर मामले में वार्ता चलती रही। फिर मंगलवार को इस मामले में निर्णय लेने का आश्वासन देकर शांत किया गया।

> हमारे द्वारा कोई जेवर गिरवी नहीं रखा गया था। ये मुकदमा पूरी तरह से फर्जी है। पहले इसकी आईजीआरएस वगैरह पर शिकायतें की गई। उस वक्त भी कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। इसके बाद अब अचानक एफआईआर दर्ज कर दी गई है। किसी के साथ कोई धोखाधड़ी नहीं की है। – **पीयूष अग्रवाल**, नगर महामंत्री भाजपा एवं व्यापार मंडल

> मामला संज्ञान में आया है। मुकदमे की निष्पक्ष तरीके से जांच कराई जाएगी। इसके बाद उसमें नियमानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी। दरोगा पर लगे आरोप की भी जांच कराई जा रही है।
>
> – **विक्रम दहिया**, एएसपी

## मुकदमे में समझौता न करने पर पीड़िता को धमकाया

**पीलीभीत, अमृत विचार** : पूर्व में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में दर्ज मुकदमे में समझौता न करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर थाना अमरिया में मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना अमरिया क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात फरवरी 2026 को उसने आकाश पुत्र खेमकरन निवासी ग्राम भमौरा थाना न्यूरिया के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना करते हुए न्यूरिया पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी जेल से रिहा हो गया। जिसके बाद से आरोपी उसके साथ और अन्य गवाहों के साथ समझौता करने का दबाव बनाने लगा। 15 मार्च को आरोपी आकाश अपने साथी खेमकरन और तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ दोपहर दो बजे उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने समझौता करने का दबाव बनाया। समझौता न करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# मझोला-गिधौर के बीच के हिस्से को पहले बनवाएगा लोक निर्माण विभाग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **व्यापारियों को हो रही दिक्कत के चलते राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने रखी थी बात**
- **आधी -अधूरी बनाकर छोड़ दी गई मझोला-दियूनी डैम रोड का मामला**

**अमृत विचार** : आधी-अधूरी छोड़ दी गई दियूनीडैम-मझोला रोड से हो रही दिक्कतों के समाधान के लिए व्यापारियों का एक शिष्टमंडल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल से मिला। खुद के समक्ष आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए समाधान कराने की गुहार लगाई।

बता दें कि मझोला-दियूनी डैम रोड पर निर्माणाधीन है। यहां पर लंबे समय से काम भी बंद है। दुकानदारों और राहगीरों को उड़ती धूल के गुबार से परेशानी हो रही है। कई बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हो सका है। इसी क्रम में सोमवार को राज्यमंत्री के जिला प्रतिनिधि से मुलाकात कर व्यापारियों ने अपना दुखड़ा सुनाया।

व्यापारियों के शिष्टमंडल की अगुवाई धीरेंद्र गुप्ता ने की। इस दौरान बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग का निर्माण मझोला से शुरू ना करके दियूनीडैम की ओर से किया। नगर के अंदर रोड पूरी खोदे जाने के कारण पूरा दिन धूल मिट्टी उड़ती रहती है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को बीमारियां हो रही हैं। बाजार में खरीदारी करने आ रहे लोगों को भी दिक्कत हो रही है। ऐसे में इस मार्ग पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। जिला प्रतिनिधि ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राजेश चौधरी से दूरभाष पर वार्ता की और समस्या के बारे में बताया। इसका प्रभावी समाधान कराने के लिए आग्रह किया गया। इस पर एक्सईएन ने मझोला से गिधौर के बीच के हिस्से को पहले बनवाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर गुरुमुख सिंह, सोनपाल सिंह, जसपाल सिंह, अमरीक सिंह, माजिद अहमद, भोलेनाथ सिंह, ऋषभ अग्रवाल, सनी सुमन, राकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

# माले कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर निकाला मार्च

- **रामस्वरूप पार्क में की सभा, ईरान पर हमले बंद करने की मांग**
- **शहादत दिवस को साम्राज्यवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शहीदी दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान माले कार्यकर्ताओं ने शहर में साम्राज्य विरोधी मार्च निकाला और ऐतिहासिक रामस्वरुप पार्क में पहुंचकर सभा की। सभा में अमेरिका -इजरायल से ईरान पर तत्काल हमला बंद करने की मांग की गई।

शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस पर जनपद भर से भाकपा माले कार्यकर्ता सोमवार को शहर के बल्लभनगर कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय इकट्ठा हुए। पार्टी कार्यालय से सभी माले कार्यकर्ता ने साम्राज्य विरोधी मार्च निकाला। सभी कार्यकर्ता साम्राज्यवाद का नाश हो, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए शहर के मुख्य बाजार से होते हुए रामस्वरूप पार्क पहुंचे। यहां सभा हुई। सभा में जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ जनता की मुक्ति के लिए अपनी जान कुर्बान की। जिला प्रभारी अफरोज आलम ने भी विचार रखे। कहा कि भाकपा माले साम्राज्यवादी ताकतों के खिलाफ हमेशा खड़ी रहेगी। सभा मे किसान महासभा के जिला संयोजक धर्मेंद्र पांडेय, देवीदयाल, एडवोकेट शम्स विकास, मनोहर लाल, रामपाल वर्मा, सर्वेश कश्यप, गोपाल मिश्रा, भूपराम, गीता आदि ने भी विचार रखे।



शहर के रामस्वरूप पार्क में एकत्र भाकपा माले कार्यकर्ता। • अमृत विचार

## डाइट में मनाया गया शहीद दिवस

**बीसलपुर, अमृत विचार** : शहादत दिवस के अवसर पर डाइट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य दरवेश कुमार ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें राष्ट्र सेवा, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति की प्रेरणा देता है। शहीदों ने अपना आज हमारे कल के लिए न्योछावर कर दिया, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं और विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिकता एवं कर्तव्यपरायणता के संस्कार विकसित करें। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# समाधान दिवस : 14 में महज एक शिकायत का निस्तारण

- **डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस पर की सुनवाई, गोशाला सुधारने के दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : जनपद की समस्त तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कलीनगर तहसील में फरियादियों को सुना। 14 शिकायत पत्र प्राप्त हुए और निस्तारण महज एक का ही हो सका। मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वरिसों को प्रदान की गई। सुनवाई के बाद डीएम ने गोशाला का भी निरीक्षण किया।

डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। एक शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि अन्य 13 शिकायतें संबंधित विभाग को दी गई। डीएम ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें। अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण के लिए मौका मुआइना अवश्य करें। दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराया जाए। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो, वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाए। मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वारिसों को प्रदान की। इस मौके पर एसपी सुकीर्ति माधव, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार आदि मौजूद रहे। इसके बाद डीएम ने हरीपुर फुलहर में मां गोमती आदर्श पर्यटन और देवीपुरा गोशाला का औचक निरीक्षण कर हालात परखे। निराश्रित गोवंश के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मां गोमती आदर्श पर्यटन गोशाला में टिनशेड का निर्माण करने और हरा चारा बोने के लिए भूमि को चिन्हित करने के निर्देश दिए। देवीपुरा गोशाला के निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन नाले के कार्य को देखा और गौशाला में खाली पडी जगह पर इंटरलॉकिंग करवाने के निर्देश दिए।



देवीपुरा गोशाला का निरीक्षण करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। • अमृत विचार

### दस साल बाद भी पुराने रिकार्ड पूरनपुर में होने से परेशानी, जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**कलीनगर, अमृत विचार** : डीएम से कलीनगर तहसील क्षेत्र के कुछ लोगों ने ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की गुहार लगाई। इस दौरान बताया कि नवसृजित तहसील कलीनगर को करीब 10 वर्ष बीत चुके हैं। आज तक खतौनी आवंटन पत्रावली आदि पुराना रिकॉर्ड पूरनपुर तहसील के अभिलेखागार में है। जिसके कारण अधिवक्ताओं व वादकारियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को पट्टे में प्राप्त भूमि को संक्रमणीय भूमिधर घोषित किए जाने के लिए कृषकों द्वारा किए जाने वाले आवेदनों को धारा 76 उपरासं के अन्तर्गत स्वीकार कराया जाना अति आवश्यक है। पट्टेदार किसानों के प्रार्थना पत्र स्वीकार न किए जाने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ये भी कहा कि शासन द्वारा कलीनगर में आठ दिसंबर 2025 को उप-निबंधक कार्यालय खोलने की अधिसूचना जारी होने के पश्चात भी आज तक संचालन प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे जनता में काफी रोष है। इस कार्यालय का संचालन तहसील परिसर के समीप कराया जाना जनहित में होगा। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता विष्णुकांत यादव, पूरेंद्रण शर्मा, जयदेव पासवान, वसीम आदि मौजूद रहे।

## प्रधान ने पुलिस कर्मियों पर लगाया मारपीट का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र की ग्राम पंचायत महुआ के प्रधान वीरबल ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 21 मार्च को सुबह करीब 11 बजे गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए, जहां मामले को लेकर पंचायत चल रही थी। इसी दौरान वह भी थाने पहुंच गए। आरोप है कि थाना गजरौला में तैनात दरोगा सुनील कुमार और एक कांस्टेबल ने वहां पहुंचकर उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। प्रधान का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ मारपीट भी की। आरोप है कि पुलिस ने दूसरे पक्ष से तहरीर लेकर उनका ही शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। प्रधान वीरबल ने निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कहासुनी के बाद दो पक्ष में मारपीट, तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **अलग-अलग समुदाय के थे दोनों पक्ष, ग्राम चंदोई का मामला**

**अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदोई निवासी मोहम्मद इसरार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे उसका भाई आशिफ सिरसा के युवकों संग खेतों में क्रिकेट खेल रहा था। इस दौरान मोहल्ला खकरा निवासी सोनी सरकार,टिंकू निवासी ग्राम चंदोई, दिलप्रीत निवासी खकरा और 10 अज्ञात लोगों ने भाई के साथ गाली गलौज के बाद मारपीट की। जब वह बचाने पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी गई।

गांव के अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन लोगों को बचाया। इधर, दूसरे पक्ष के निशांत सिंह,सोनू सरदार और टिंकू ने भी कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि ग्राम चंदोई निवासी आसिफ का बल्ला सोनी उर्फ गुरु सेवक पुत्र निशांत सिंह निवासी ग्राम सिरसा के पास था। जिसे लेने के लिये आसिफ ग्राम सिरसा में गया था। वहां खाली पड़े मैदान पर छोटे बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। जिस पर आसिफ ने उनको डांटना शुरू कर दिया। गुरसेवक के विरोध करने पर आसिफ ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट करना शुरू कर दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। गुरसेवक भी घायल हुआ है। कोतवाली पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि दो युवकों को हिरासत में लिया गया है।

# ढाबे पर शराब की बोतल तोड़ने पर विवाद, मारपीट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पानी मांगने को लेकर विवाद हाथापाई तक पहुंचा**
- **पुलिस पहुंचने से पहले ही मौके से भागे युवक, वीडियो वायरल**

**अमृत विचार** : माधोटांडा रोड पर नए बाईपास पर रविवार देर रात एक ढाबे पर मामूली बात ने तूल पकड़ लिया। पानी मांगने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस से पहले ही आरोपी मौके से भाग गए।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र स्थित नए बाईपास पर रविवार देर रात उस समय हंगामा हो गया, जब ढाबे पर बैठे कुछ युवकों और कर्मचारी के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि युवक ढाबे पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां काम कर रहे कर्मचारी से पानी मांगा। पानी देने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में गाली-गलौज में बदल गई। माहौल गर्म होता देख ढाबे के कर्मचारी ने मेज पर रखी शराब की बोतल तोड़ दी। इसके बाद मामला और बढ़ गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद हाथापाई तक पहुंच गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। सूचना मिलने पर थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक विवाद करने वाले युवक वहां से भाग चुके थे। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि आरोपी मौके से भाग चुके थे। जांच की जा रही है।

# हाईवे पर रफ्तार का कहर : डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, पीलीभीत/अमरिया

- **अमरिया में हुए हादसे में बाइक सवार की पत्नी गंभीर घायल**
- **न्यूरिया में बस पलटने से मां पूर्णागिरि जा रहे श्रद्धालु घायल**

**अमृत विचार** : हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। अमरिया क्षेत्र में डंपर से कुचलकर बाइक सवार की जान चली गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं न्यूरिया क्षेत्र में मां पूर्णागिरि धाम जा रहे श्रद्धालुओं की बस पलट गई। हादसे में 10 श्रद्धालुओं को चोट आई। संबंधित थानों की पुलिस ने पहुंचकर जानकारी की। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया है।

अमरिया थाना क्षेत्र के गांव नवदिया जिठनिया निवासी 40 वर्षीय रंजीत सिंह किसान थे। सोमवार को वह पत्नी मंजीत कौर के साथ बाइक से उत्तराखंड के सितारगंज जा रहे थे। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर दबका गौंटिया के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रंजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी मंजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गईं। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। परिवार वाले भी हादसे की जानकारी पर पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक रंजीत सिंह के दो पुत्रियां नवकिरन (12) और अवनीत (10) हैं। बताते हैं कि मृतक इन दिनों सितारगंज में रहते थे और सोमवार को अपने पैतृक गांव से लौट रहे थे। इधर, हादसा करने वाला डंपर और उसका चालक सितारगंज के चीनी मिल चौकी पर पकड़ लिया गया। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



रंजीत सिंह।

उधर, दूसरा हादसा टनकपुर हाईवे पर न्यूरिया थाना क्षेत्र में हुआ। जिला हरदोई के रहने वाले करीब 53 श्रद्धालु उत्तराखंड के टनकपुर स्थित मां पूर्णागिरी धाम में दर्शन के लिए निजी बस से जा रहे थे। टनकपुर हाईवे पर ग्राम मैदना के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद चीख पुकार मच गई। राहगीर और ग्रामीण बड़ी संख्या में जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया गया। घायलों में रितेश (23), फूलरानी (60), रामभरोसे (35), रूबी (16), राधेश्याम (68), सर्वेश (46), अजीत (23), संदीप (23), गौरव (21), संजय (28) आदि थे। अन्य कुछ घायलों को मामूली चोट आई थी।



न्यूरिया क्षेत्र में पलटी इसी बस में सवार थे श्रद्धालु। • अमृत विचार



विलाप करते मृतक रंजीत सिंह के परिवार वाले। • अमृत विचार

### चालक को आ गई झपकी और पलट गई बस

मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की बस पलटने के हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद हादसे की वजह को लेकर जानकारी की जाती रही। इस दौरान तेज रफ्तार होने के साथ ही सामने आया कि चालक को झपकी आ गई थी और यही वजह रही कि बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इधर, मार्ग पर आवागमन कुछ देर बाधित रहा। जिसके चलते जाम के हालात भी बने रहे। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर आवागमन सुचारू कराया। क्रेन भी मंगवाई गई, जिसकी मदद से बस को सीधा कर साइड में कराया गया।

# पीटीआर : वन वॉचरों को सात महीने से नहीं मिला मानदेय

## टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन से मानदेय देने की तैयारी, डीडी ने दी हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में लगे 240 वन वॉचरों एवं अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पिछले सात माह से मानदेय नहीं मिल सका है। इससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में टाइगर रिजर्व प्रशासन ने बजट मिलता न देख अब टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन से इन सभी दैनिक भोगी कर्मचारियों को मानदेय देने का निर्णय लिया है। डिप्टी डायेक्टर ने उच्चाधिकारियों से मिले दिशा निर्देश के बाद फाउंडेशन से इन सभी को मानदेय देने को हरी झंडी दे दी है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सभी पांच रेंजों में करीब 240 वन वॉचर समेत अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी तैनात है। दिन-रात जंगलों के भीतर अपनी जान-जोखिम में डालकर ड्यूटी करने वाले इन वाचरों को मात्र 9,634 रुपये ही प्रति माह मानदेय दिया जाता है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में स्टाफ की कमी को पूरा करने वाले इन वन वॉचरों को पूर्व में कई-कई माह बीत जाने के बाद भी मानदेय नहीं मिल रहा है। ऐसे में वन वॉचरों को मानदेय न मिल पाने के कारण तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इनकी जिम्मेदारी की बात करें तो वन वाचरों की ड्यूटी की कोई सीमा नहीं है। रात-दिन उनको ड्यूटी करना पड़ती है। हालांकि गत वर्ष से इन वन वाचरों को मानदेय दिए जाने की स्थिति में सुधार देखा जा रहा है। मौजूदा समय में इन वन वॉचरों का करीब 07 माह का मानदेय बकाया चल रहा है। दरअसल टाइगर रिजर्व को भी पिछले कुछ समय से बजट नहीं मिल सका है। वन वॉचरों समेत अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की समस्या का संज्ञान लेते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। इधर उच्चाधिकारियों से मिले दिशा निर्देश के बाद टाइगर रिजर्व प्रशासन ने इन सभी 240 वन वॉचरों एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन से मानदेय देने का निर्णय लिया है। इसमें वन वॉचरों के अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर, चालक, महावत भी शामिल हैं। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन से मानदेय दिए जाने को हरी झंडी दे दी हैं।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय। ● अमृत विचार

- ● टाइगर रिजर्व में तैनात है 240 वन वॉचर और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी

> पीटीआर में तैनात दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का मानदेय बकाया चल रहा है। बजट न मिलने के कारण इन सभी को मानदेय नहीं दिया जा सका है। अब इन सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन से मानदेय देने का निर्णय लिया है। जल्द ही इन सभी को मानेदय दे दिया जाएगा। **- मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

## अनियंत्रित बाइक खंभे से टकराई युवक की मौत

**बंडा, अमृत विचार :** मोटर साइकिल से पूर्णागिरी धाम की यात्रा करके वापस अपने घर जा रहे 28 वर्षीय युवक की मोटर साइकिल अचानक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां से उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक सवार दूसरे साथी को मामूली चोटें आई हैं।

फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के जेल मोहल्ला निवासी श्री नारायण गुप्ता का 28 वर्षीय पुत्र टिल्लू गुप्ता अपने मोहल्ले के ही दूसरे 20 वर्षीय साथी आकाश के साथ मोटर साइकिल से अन्य चार बाइक सवार आठ लोगों के साथ अपने घर से 19 मार्च को पूर्णागिरी मंदिर पर दर्शन करने के लिए निकला था। सोमवार को घर वापस लौटते समय शाम करीब चार बजे बंडा पुवायां नेशनल हाईवे पर गांव दलेलपुर के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े खंभे में जा टकराई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एचपीवी वैक्सीन अभियान शुरू, सीएचसी पर लगा टीका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** किशोरियों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए सोमवार को एचपीवी वैक्सीन अभियान टीकाकरण की शुरुआत की गई। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने माधोटांडा सीएचसी पर अभियान की शुरुआत कराई।

माधोटांडा स्थित उच्च जूनियर हाईस्कूल की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर टीकाकरण कराया, जिससे अभियान को सफल शुरुआत मिली। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आशीष शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपनी पुत्री को टीका लगवाकर समाज में जागरूकता का संदेश दिया। वहीं नायब तहसीलदार श्री ऋषि दीक्षित ने टीका लगवा चुकी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), यूनिसेफ, जेएसआई और यूएनडीपी जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य सीएचसी पर भी टीकाकरण कराय गया।

## प्रगतिशील किसानों को बांटे प्रशस्ति पत्र

- ● गांधी प्रेक्षागृह में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नौ दिवसीय कार्यक्रम के छठे दिन गांधी प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उपलब्धियां बताई गई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य रहे। इसकी अध्यक्षता डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने की। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। एआर कोऑरपेटिव डॉ.प्रदीप कुमार ने खाद समितियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि और डीएम ने कृषि ड्रोन के लिए चयनित किसान सुरेन्द्र कुमार, रोटावेटर के लिए चयनित झम्मन लाल, उद्यान विभाग की योजना केला की खेती के लिए बाबूराम, खूबचन्द्र, संजीव कुमार, सालिक राम, नरेश फुम्मन सिंह, महेश आदि प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कई विभागों ने स्टॉल भी लगाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, बीएसए रोशनी सिंह आदि मौजूद रहे।


स्टॉल पर जानकारी करते मुख्य अतिथि डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

## कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नई बस्ती निवासी आकाश पांडेय ने कोर्ट के आदेश पर थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व जान पहचान होने के कारण दिनेश राजपूत निवासी मोहम्मदगंज न्यूरिया की टनकपुर बाईपास रोड पर स्थित दुकानों को वह किराए पर लेने के लिए गया था। इसके लिए उसने किराये के रूप में 50 हजार रुपये एडवांस के तौर पर तय किए। इस पर उसने 30 हजार रुपये नगद दे दिए। दुकान स्वामी दिनेश राजपूत ने एग्रीमेंट कराने पर चाबी देने की बात कही। इसके बाद उसने दो अलग अलग बार में 20 हजार रुपये दे दिए। रुपये देने के बाद भी आरोपी ने न तो दुकान की चाबी दी और न ही रुपये वापस किए। विरोध पर धमकाया।

## बच्चों के विवाद में 7वीं के छात्र की आंख में मारा पेन

- ● झगड़ में बीच बचाव कराते समय हुई घटना, चल रहा इलाज
- ● सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के बरहा गांव का मामला, दो पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** दो छात्रों के बीच हो रहे झगड़े में बीच बचाव करना एक छात्र को महंगा पड़ गया। बरहा के कंपोजिट विद्यालय में झगड़ा छुड़ाने पहुंचे कक्षा सात के छात्र की आंख में पेन घुसा दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बरहा निवासी कुसुम देवी पत्नी छेदालाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र कमल गांव के कंपोजिट विद्यालय में कक्षा सात का छात्र है। वह 16 मार्च को रोजाना की तरह स्कूल पढ़ने के लिए गया था। आरोप है कि स्कूल में गांव के ही दो अन्य बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। इसी दौरान कमल वहां खड़ा था और उसने बीच-बचाव करने की कोशिश की। तभी एक छात्र ने उसके दाहिनी आंख में पेन घुसा दिया। घटना में छात्र की आंख गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी आंख की रोशनी भी प्रभावित हो गई। सूचना मिलने पर परिजन स्कूल पहुंचे और प्रधानाचार्या से शिकायत की। आरोप है कि संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद घायल छात्र को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उसका मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोप है कि आरोपी छात्र के परिजनों ने पहले इलाज कराने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में मुकर गए। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## बर्खास्त संविदाकर्मी के खिलाफ धोखाधड़ी की दो एफआईआर

- ● कई लोगों से करोड़ों की ठगी चेक बाउंस और जान मारने की धमकी के आरोप
- ● सदर कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर, सीएमओ पहले ही कर चुके बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खकरा निवासी नीलेश सक्सेना ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अरुण कुमार मौर्य पुत्र रमाकांत मौर्य से उसकी जान पहचान थी।

अरुण ने उससे अपनी जरूरतें बताकर साढ़े पांच लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस मांगने पर उसने एक चेक दे दिया, जोकि बाउंस हो गया। जब इसकी शिकायत उसके पिता रमाकांत मौर्य से की गई तो उन्होंने भी गाली गलौज करते हुए धमकी दी। वहीं निरंजनकुंज कॉलोनी के रहने वाले सुमित कुमार ने भी एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया कि सीएमओ कार्यालय में आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत तैनात कर्मचारी अरुण कुमार मौर्य निवासी नई बस्ती ने निजी परेशानी एवं व्यापार में हानि का झूठा बहाना बनाकर उससे अलग अलग बार में कुल 03 लाख 43 हजार 723 रुपये उधार लिए थे। उसकी फर्म से 13970 रुपये का स्टेशनरी का सामान भी आरोपी ने उधार लिया। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने दो बैंक चेक भी दिए जो बाउंस हो गए। इसके बाद उसको अपनी दुकान पर बुलाकर आरोपी अरुण, उसके पिता रमाकांत मौर्य, भाई पंकज मौर्य और पांच से छह अज्ञात लोगों ने धमकाया। इसकी शिकायत उसने आईजीआरएस से की। शिकायत वापस लेने के लिए भी दबाव बनाया गया। इतना ही नहीं आरोपी ने अलग अलग लोगों से ठगी करके संपति बनाई है। जिसकी जांच की जाए। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो अलग अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। मुकदमों की विवेचना खकरा चौकी प्रभारी सौरभ सिंह को सौंपी गई है।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

**न्यूज ब्रीफ**

### चुनावी रंजिश में मारपीट, 4 को पकड़ा

**धौरहरा, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के अदलीशपुर गांव में चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। अदलीशपुर गांव निवासी अलीमुद्दीन पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की सुबह करीब 11:10 बजे गांव के ही जाबिर उर्फ मोइन, अकील, रईश और नसीब आदि उससे चुनावी रंजिश मानते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर उसे बचाई आए उसके भाई अकीम को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

### चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के भुड़वारा गांव निवासी स्नेहलता पत्नी प्रदीप कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 मार्च की रात 9 .30 बजे गांव निवासी स्वामी दयाल, दिनेश, मायाराम और राकेश कुमार ने उनके देवर के साथ मारपीट की, जब वह अपने पति और सास के साथ उन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन लोगों ने मारपीट कर सभी को घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। उन्होंने चारों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, फसलें प्रभावित

## चैत में सर्दी की दस्तकः बूंदाबांदी और तेज हवा से गिरी फसल, तीन दिनों में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से चैत महीने में भी माघ जैसी ठंड का अहसास हो रहा है। शनिवार से आसमान में बादल छाए हुए हैं और बीच-बीच में बूंदाबांदी भी हो रही है। कुछ इलाकों में ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस बार चैत में वैसी गर्मी नहीं पड़ रही है, जैसी आमतौर पर पिछले वर्षों में देखने को मिलती थी। सोमवार को सुबह से ही बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रहीं, जिससे दोपहर बाद सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम हो गई। कई घरों में फिर से गर्म कपड़े निकल आए हैं।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों में धूप निकलने पर हल्की गर्मी महसूस हुई थी, लेकिन रात के समय ठंड बनी रही। वहीं बूंदाबांदी, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण सरसों और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले एक या दो दिन में निवर्तमान पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ ही मौसम साफ़ होने से तापमान में तेजी से बढ़ोत्तरी आनी आरंभ हो जाएगी। साथ ही दिन के अधिकतम तापमान में औसतन तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। इसी क्रम में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से नीचे पहुंच जाने, नमी की प्रचुरता एवं वायुमंडलीय स्थिरता के परिणामस्वरुप सुबह में कहीं-कहीं हल्की धुन्ध की स्थितियां बन सकती हैं, जो सूर्योदय के थोड़ी देर बाद छंट जाएगी।



लखीमपुर शहर में दोपहर बाद छाए बादल। ● अमृत विचार



खेत में खड़ी सरसों की फसल। ● अमृत विचार

- **अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

### आम का बौर भी गिरा

किसानों का कहना है कि आसमान में छाए बादलों और तेज हवाओं, बारिश व ओले गिरने से आम के पेड़ों में आया बौर गिर गया है, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि बौर को देखकर इस बार आम की फसल अच्छी होने की उम्मीद थी, लेकिन इस मौसम ने बर्बाद कर दिया है।



तेज हवा के कारण खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

# ठेकेदार से हुई मारपीट में सभासद लामबंद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **सीतापुर में जल निगम के एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचारः** नगर में करोड़ों से कराई जा रहे अमृत-02 पेयजल योजना के निर्माण में अवर अभियन्ता निशांत कनौजिया की संदिग्ध भूमिका के बारे में पालिका सभासदों ने सीतापुर में जल निगम के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

20 मार्च को नीलकंठ मैदान के सामने मोहल्ले में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाले जाने को खोदी गई इंटरलॉकिंग को लेकर हुए विवाद में नगर पालिका के सभासद लामबंद हो गए हैं। उन्होंने सोमवार को जल निगम अधिशासी अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि नगर में अमृत-02. योजना का कार्य 18 माह से चल रहा है, लेकिन 40 प्रतिशत कार्य नहीं हुआ है। सभी वार्डों में कर्मचारियों ने सड़कें खोद दी हैं।

नगर में करोड़ों रुपये से बनी सड़कें क्षतिग्रस्त कर दी हैं। आरोप है कि कई बार नगर पालिका परिषद से पत्राचार किया लेकिन जेई निशांत कनौजिया ने सडकों की मरम्मत नहीं होने दी। वार्डवासियों ने कर्मचारियों व जेई की शिकायत की तो कर्मचारी और जेई झगड़े पर आमादा हो गए।

आरोप है कि वार्ड के सभासद हर्ष अवस्थी के पहुंचने पर जेई, ठेकेदार के कर्मचारी अभद्रता करने लगे। जेई ने लोगों को उकसाया, सभासद को आरोपित करते हुए वीडियो बनवाकर वायरल कर दिया। ज्ञापन में कहा है कि जेई द्वारा सरकार की महत्वपूर्ण पेयजल योजना में अनियमितता उजागर न होने पाए, इसलिए दवाब बनाने को सभासद पर कूटरचित रिपोर्ट दर्ज करा दी। ज्ञापन सौंपकर निर्माणाधीन योजना के कार्यों की जांच कराने की मांग की। यहां सभासद धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, कफील अहमद, दानिश, राजेश अवस्थी, नामित सभासद सूर्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



सीतापुर में जल निगम के एक्सईएन को ज्ञापन देते गोला के सभासद। ● अमृत विचार

# कानूनगो पर रिश्वत लेने का आरोप, महिला ने की रुपये वापस दिलाने की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में खुशहालपुर गांव निवासी प्रेमा देवी ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसने ग्रंट नंबर 11 स्थित अपनी जमीन की पैमाइश कराने का वाद दर्ज कराया था। आरोप है कि कानूनगो ने गलत तरीके से बरगला कर पैमाइश के लिए 10 हजार रुपये लेकर पैमाइश की, जिसमें काफी रकबा निकला। लेकिन जब न्यायालय ने रिपोर्ट प्रस्तुत की तो दूसरे पक्ष के कहने पर गलत रिपोर्ट लगा दी, जिससे प्रेमा देवी का वाद निरस्त हो गया।

जानकारी होने पर जब कानूनगो से वाद निरस्त होने की बात कही तो वह वाद विवाद पर आमादा हो गए। दिए गए रुपए वापस मांगने पर कानूनगो ने उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। महिला ने डीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मामले में कानूनगो ने बताया कि पैमाइश का वाद दर्ज कराया गया था। मौके पर रकबा कम मिला है। रिश्वत लिए जाने का आरोप निराधार है।

# वनकर्मियों को छका रहा बाघ

संवाददाता, बिलहरी

- **आठ दिनों से बाघ की लोकेशन नहीं हो रही ट्रेस**
- **कांबिंग करने पर वनकर्मियों को नहीं मिले पगचिह्न**

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज की आंवला बीट के गांव नंदलालपुर में खेत पर गन्ना की छिलाई कर रहे युवक पर हमला कर मौत के घाट उतारने वाले बाघ की अब वनकर्मियों को लोकेशन नहीं मिल रही है। रात और दिन कांबिंग करने वाले वनकर्मियों को बाघ के पगचिह्न भी नहीं मिले हैं।

नंदलालपुर में बाघ के हमले से मनोज की मौत से गुस्साये परिजनो ने ग्रामीणों के सहयोग से लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग को तीन घंटे तक जाम कर दिया था। तब मौके पर पहुचे विधायक अमन गिरि की अतिशीघ्र ही बाघ को पकडने की शर्त पर ग्रामीणो ने जाम खोल दिया था। तब से वनकर्मी दिन-रात कांबिंग कर रहे हैं, लेकिन बाघ की लोकेशन नहीं मिल रही है। एक हफ्ते बाद भी वन विभाग की सिर्फ कार्रवाई ढाक के तीन पात तक ही सीमित रही है।

कांबिंग कर रहीं तीनो टीमो के प्रभारी रोहित कुमार श्रीवास्तव, माया प्रकाश वर्मा, विजय सिंह ने बताया कि बाघ हर दिन अपनी लोकेशन बदल रहा है, जिसके चलते उसकी लोकेशन क्लियर नही मिल पा रही है। कैमरे भी उसके लोकेशन के आसपास लगाए जा रहे है, लेकिन बाघ वनकर्मियों को हर बार चकमा देकर निकल जाता है।

> हमारी तीन टीमें लगातार रात दिन गस्त कर रही हैं। गांवों में गोष्ठियों के जरिए ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है। अतिशीघ्र ही बाघ को पिंजडे में कैद करने का प्रयास किया जाएगा।
>
> **-निर्भय प्रताप शाही**, वन क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** रेलवे ट्रैक पर बैठकर बकरी चरा रही एक बुजुर्ग महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद मालगाड़ी करीब 45 मिनट खड़ी रही।

बताया जाता है कि घटना रविवार शाम लखीमपुर-फरधान स्टेशन के बीच भंसड़िया क्रासिंग के पास हुई। भंसड़िया गांव निवासी 65 वर्षीय महिला शालिंद्री अन्य लोगों के साथ रेलवे ट्रैक पर बैठकर बकरियां चरा रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन आते देख आसपास मौजूद लोगों ने महिला को ट्रैक से हटने के लिए आवाज लगाई, लेकिन वह समय रहते वहां से दूर नहीं जा सकी और हादसे का शिकार हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि महिला की पहचान उसके पुत्र अनिकेत ने की है। हादसे के चलते मालगाड़ी करीब 45 मिनट तक मौके पर खड़ी रही। उन्होंने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक शिवम कुमार यादव को सौंपी गई है।

### सीएचसी में एचपीवी वैक्सीनेशन आज से

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए सीएचसी में एचपीवी वैक्सीनेशन मंगलवार से सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक बिहारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन टीकाकरण मंगलवार को सीएचसी में 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को लगाया जाएगा, जिसके लिए उन्हें आयु प्रमाण पत्र या आधार कार्ड साथ में लाना होगा।

# हटाया जा रहा काल भैरव बाबा का मंदिर


संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- **शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए अन्य मंदिरों को भी हटाने का काम जारी**

**अमृत विचारः** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर में तेजी से कार्य कराया जा रहा है। पौराणिक शिव मंदिर के पीछे स्थित काल भैरव मंदिर के शिखर को हटाने का काम शुरू है। साथ ही अन्य मंदिरों को भी हटाए जाने की तैयारी की जा रही है। पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले मार्ग में लगी डाली, फूल, प्रसाद की दुकाने निर्माण कार्य में बाधा बन रही थी, जिन्हें सोमवार को प्रशासन में हटवा दिया है और लोहे की बेरीकेडिंग भी करवा दी है।

मां पूर्णागिरि धाम से लौटकर आने वाले श्रद्धालुओं, चैत्र के नवरात्र शुरू होते ही नगर सहित दूर दराज के लोगों के पौराणिक शिव मंदिर में दर्शन, पूजन करने की भीड़ के चलते शिव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्माण के काम में तेजी लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। अपराध निरीक्षक संतोष कुमार, एसएसआई देवेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ निर्माण स्थल पर जाकर पौराणिक शिव मंदिर जाने वाले निर्माण कार्य स्थल पर बाधा बनी प्रसाद, लाई, फूल, बेलपत्र, प्रसाद आदि की दुकाने हटवाकर, दुर्घटना के जोखिम से बचने के लिए निर्माण स्थल पर लोहे की बैरिकेडिंग लगवा दी है।

कॉरिडोर में एपीएम पवन श्रीवास्तव, जेई अजय प्रताप सिंह, विवेक वाजपेयी की देखरेख में गोकर्ण तीर्थ के दक्षिण और पूरब निर्माणाधीन यात्री हालों की तीसरी मंजिल पर छत डालने, पौराणिक शिव मंदिर के पीछे स्थित काल भैरव मंदिर को हटाए जाने के साथ ही शिव मंदिर परिसर के अन्य मंदिरों को हटाने का काम भी तेजी से कराया जा रहा है। मंदिर परिसर से हटाए जाने वाले देवी, देवताओं के मंदिरों को परिक्रमा पथ में स्थापित किया जाएगा।



गोला में पौराणिक शिव मंदिर के पीछे हटाया जा रहा काल भैरव बाबा का मंदिर।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 22 मार्च 2026, रविवार 5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बलिदान दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

## शहीदों की स्मृति में कवि सम्मेलन में 'जेल की 11 रातें' पुस्तक का विमोचन

- भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचार:** शहीदे आज़म भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर पड़रिया तुला कस्बे में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीर, श्रृंगार और हास्य रस के कवियों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कपिलस प्रकाशन, गोला से प्रकाशित दीपक पंडित की पुस्तक जेल की 11 रातें का विमोचन भी किया गया।

दीपक पंडित द्वारा बाजार मंडी स्थित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रृंगार रस के कवि नवल सुधांशु ने मां शारदे के आवाहन से की। इसके बाद सुप्रसिद्ध कवि-शायर एवं पुलिस इंस्पेक्टर धर्मराज उपाध्याय ने अपनी व्यंग्य और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया। वीर रस के कवि विनय शुक्ल ने शहीदों को नमन करते हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत रचनाएं प्रस्तुत कीं।इसके अलावा कवि कनक तिवारी, नाजिम नदीम, प्रख्यात मिश्र, कमल अग्नेय, पवन तारा, संदीप कटियार, उत्कर्ष उत्तम और अमित कैथवार सहित अन्य कवियों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन कवि विशेष शर्मा ने किया। इस दौरान दीपक पंडित द्वारा लिखित पुस्तक जेल की 11 रातें का विधिवत विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी शशांक यादव, मोहन बाजपेयी, दीपक पुरी, बीटू पटेल, आलोक मिश्रा, अजय सिंह, पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ल रिंकू, जसपाल सिंह पाली, देवेंद्र भदौरिया, मनोज खन्ना, यूसुफ अली अंसारी, पंकज बाजपेयी, अब्दुल सलीम खान, सुशील गुप्ता, सतीश त्रिवेदी, पवन जैसवाल, नागेंद्र प्रताप शुक्ल, सुनील बाथम, अखिलेश राज, रमेश गुप्ता, राहुल नयन मिश्र, भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे आदि मौजूद रहे।


काव्य पाठ करते मंचासीन कवि। ● अमृत विचार

### श्रद्धापूर्वक मना शहीदे- ए- आजम भगत सिंह का बलिदान दिवस

**पलिया कलां, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान महासभा एवं भाकपा माले द्वारा जहां स्थानीय माहौर वैश्य धर्मशाला में शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई, वहीं जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज पलिया में इस मौके पर भगत सिंह एवं उनके साथियों के 95 वें बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले की केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड कृष्णा अधिकारी ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को शहीद हुए आज 95 वर्ष बीत गए हैं, किंतु उनके विचारों की प्रासंगिकता आज और अधिक बढ़ गई है। वरिष्ठ नेता कमलेश राय ने कहा कि ईरान पर थोपे गए युद्ध का असर है कि हमारा देश भी तेल व गैस के संकट से घिर गया है। किसान यूनियन टिकैत के क्षेत्रीय नेता मंजीत सिंह ने कहा कि यदि युद्ध लंबा खिंचा तो इसका असर कृषि कार्यों पर भी पड़ेगा। इसके अलावा ऐपवा जिलाध्यक्ष आरती राय, कामरेड रामकिशन, रामदुलारे भारती ,रवि प्रताप ,कमरुद्दीन कादरी, चंद्रभूषण मिश्रा आदि ने भी गोष्ठी में अपने विचार रखे। जिपं. बालिका कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार सिंह भाटी ने कहा कि शहीद भगत सिंह त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। कार्यक्रम को शिक्षक अशोक वाजपेयी, रेशु देवी,राजेंद्र प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया।

### शहीदी दिवस पर याद किए गए सुखदेव राजगुरु व भगत सिंह

**उचौलिया,** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर क्षेत्र के गांव कोटरा स्थित सेवा का जुनून फाउंडेशन कार्यालय पर दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक उचौलिया गोपाल नारायण सिंह, सेवा का जुनून टीम के डायरेक्टर डा. संजीत सिंह सनी, समाजसेवी परमजीत कौर, एसआई मनोज कुमार, विवेक कुमार, समाजसेवी पीएन मिश्र, उचौलिया प्रधान इंद्रपाल, करमुलिया से इंद्रपाल मिश्रा, शिक्षक विकास पांडेय, राजू गुप्ता, संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।


शहीदों को श्रद्धांजलि देते लोग।

# मेधावी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक हुए सम्मानित


बच्चे व अभिभावकों को पुरस्कृत करते बीईओ रमन सिंह व प्रधान प्रतिनिधि मंजीत सिंह व अन्य।

- लगदहन कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचार:** पलिया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय ग्राम लगदहन में सोमवार को वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी पलिया रमन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने सुंदर और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वार्षिक परीक्षा में अपनी-अपनी कक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों सहित खंड शिक्षाधिकारी रमन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान मंजीत सिंह द्वारा प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक एवं कोच शिक्षक प्रमोद यादव को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके कुशल नेतृत्व में पलिया ब्लॉक ने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खंड शिक्षाधिकारी ने विद्यालय के अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, रसोइयों तथा एसएमसी अध्यक्ष सहेली देवी को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी अशोक कुमार, पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ललित कुमार, व्यायाम शिक्षक राजेश मिश्रा, संदीप सिंह, शिवनंदन, हरिओम आदि मौजूद रहे।

## अफसरों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा किसान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। रोशन नगर के एक किसान का बैनामा होने और अधिकारियों के आदेश के बावजूद खतौनी में नाम दर्ज नहीं हो सका है। रोशननगर निवासी कमलेश कुमार ने बताया कि उसने जमीन का बैनामा कराया था। दाखिल खारिज के लिए अधिकारियों द्वारा आदेश पारित किए जा चुके हैं, लेकिन खतौनी में जिसने जमीन बेची उसका ही नाम दर्ज है। कमलेश का कहना है कि मामला वर्तमान में न्यायिक एसडीएम रेनू मिश्रा के न्यायलय में लंबित है, लेकिन पीड़ित को राहत नहीं मिली है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि सभी आवश्यक दस्तावेज और आदेश होने के बावजूद उसे न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में न्यायिक एसडीएम रेनू मिश्रा से जानकारी करने की कोशिश की गई, पर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू, 80 किशोरियों को लगी वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आस्था और शक्ति के पर्व नवरात्र के बीच जिले में बेटी बचाओ, कैंसर भगाओ का मजबूत संदेश गूंजा। प्रधानमंत्री की प्राथमिकता वाले सर्वाइकल कैंसर रोकथाम अभियान के तहत जिला महिला अस्पताल से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन) वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई। पहले दिन शाम तक लगभग 80 किशोरियों को वैक्सीन लगाई गई।

अभियान का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रूप से सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ वाणी गुप्ता और सीएमएस डॉ आरके गुप्ता की मौजूदगी में किया।

कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे सुरक्षित और प्रभावी हथियार है। अब जागरूकता ही सबसे बड़ी ढाल है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को समय रहते टीका जरूर लगवाएं। खास बात यह है कि यह वैक्सीन पूरी तरह मुफ्त है और 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों के लिए उपलब्ध है। टीकाकरण के लिए अभिभावक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर आसानी से अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बिना किसी झिझक के अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं। उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पीएम की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के नेतृत्व ने बेटियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान को सफल बनाएं। जिला महिला अस्पताल से शुरू हुए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत जिले को 12 हजार किशोरियों का लक्ष्य आवंटित किया गया है।



जिला महिला अस्पताल में टीकाकरण के आरंभ पर विधायक, डीएम व एसपी।

- बेटियों को कैंसर से बचाने को लग रहा नि:शुल्क टीका
- डीएम, विधायक, जिलाध्यक्ष ने की अभियान की शुरुआत


टीकाकरण के बाद किशोरियां। ● अमृत विचार

> टीकाकरण जिला महिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार किया जाएगा। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों को नि:शुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी।
> –डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ।


किशोरी को टीका लगवाती डीएम। ● अमृत विचार

# राजस्व एवं आपदा की 3 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 47 मामलों में से केवल तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। अन्य के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सोमवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा विभाग की 28, पुलिस विभाग 5, संयुक्त जांच हेतु 4, खाद्य एवं रसद विभाग 4, चकबन्दी विभाग 2, विद्युत विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, वेसिक शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग की एक एक शिकायत सहित कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें केवल राजस्व एवं आपदा विभाग की तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।


लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र देने के दौरान डीएम-एसपी सहित अधिकारी।

- डीएम की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

बाकी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, ईओ आईएएस मनीषा धार्वे सहित जिला, तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाएं।

### लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। बी-पैक्स अहमदनगर के 3, बी-पैक्स ममरी के 2 तथा बी-पैक्स लंदनपुर के 1 लाभार्थी को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। साथ ही राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को सहायता स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत भी 5 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सेंट्रल बार एसोसिएशन ने सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को 5 सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है। डीएम को दिए ज्ञापन में संगठन महामंत्री अवस्थी ने कहा कि तहसील की खतौनी काउंटर के ऊपर लगी टिनशेड और बेंच टूटी पड़ी हैं, उसे सही कराने की जरूरत है। अधिवक्ताओं के बैठने के स्थान पर पूर्व डीएम के सहयोग से पड़ी टिन शेड जर्जर हो गई है, उसे क्रिटिकल फंड से सही कराया जाए। इसके अलावा अन्य मांगें भी हैं।

## कृष्ण-राधा की लीलाओं का किया मंचन

**रोशननगर, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र पर हो रही श्री शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञाचार्य पंडित अशोक कुमार तिवारी ने मंत्रोच्चारण कर यजमानो से हवन में आहुतियां डलवाईं। देवी भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। वृंदावन के रासलीला कलाकारों ने श्रीकृष्ण-राधा की झांकी दिखाईं। कलाकारों ने सुदामा चरित्र का मंचन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी जैजैराम कुशवाह, विमला देवी चैधरी, विजेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, रजनीश वर्मा, अर्जुन दिवाकर, राजेश्वर पाल, अंकित वर्मा, जदुवीर सिंह आदि तमाम दर्शक मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्मे का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
नि:शुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
नि:शुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

## वार्ड सदस्य ने पेड़ पर चढ़कर जताया विरोध

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार:** ब्लॉक पसगवां के ग्राम पंचायत खखरा में विकास कार्यों को लेकर दिए गए आश्वासन आखिरकार खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। बार-बार गुहार लगाने और अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो वार्ड 15 के सदस्य महात्मा रछपाल का धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित रछपाल ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए पेड़ पर चढ़कर अपनी नाराजगी जाहिर की और आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी दे डाली।


अपनी मांगों को लेकर पेड़ पर बैठे बाबा रछपाल।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने काफी देर तक उन्हें समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन रछपाल अपने रुख पर अड़े रहे। इस दौरान पूरे गांव में आक्रोश का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि रछपाल लंबे समय से गांव में नाली और खड़ंजा निर्माण की मांग उठा रहे हैं। उन्होंने पहले सड़क निर्माण को लेकर हरिवंश पाठ/पुराण का आयोजन भी शुरू किया था, जिसे ग्राम पंचायत के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद भी धरातल पर कोई काम शुरू नहीं हुआ, जिससे उनका भरोसा पूरी तरह टूट गया। रछपाल वर्तमान में नवरात्र का व्रत रखे हैं और इससे पहले भी कई बार अनशन व प्रदर्शन के जरिए अपनी आवाज उठा चुके हैं। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस, मितौली में जिलाधिकारी के समक्ष भी समस्या रखी थी। इतना ही नहीं, वे मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक अपनी शिकायत लेकर जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत खखरा में वर्षों से बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी हो रही है। नाली और खड़ंजा जैसी सुविधाओं के अभाव में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों रोष व्याप्त है। खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक ने बताया कि खड़ंजा निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कराया गया था, लेकिन रछपाल ने यह कहते हुए काम रुकवा दिया कि पहले नाली का निर्माण कराया जाए, उसके बाद सड़क बनाई जाए। इसी कारण कार्य बीच में ही रुक गया। फिलहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करता है या फिर हालात और बिगड़ने के बाद ही कार्रवाई होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पर महिला का जेवर, नकदी चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** लखनऊ में रह रहे महोली निवासी सुदामा कनौजिया ने बताया कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बेहड़ा गांव आए थे। सोमवार की दोपहर वह अपनी पत्नी रोली देवी के साथ लखीमपुर रोड से ई रिक्शा पर बैठकर लखनऊ जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन जा रहा था। ई रिक्शा में पहले से एक महिला बच्चों के साथ बैठी थी। स्टेशन पर ई रिक्शा से उतरकर जब उन्होंने अपना बैग चेक किया तो उसमें से 5000 नगदी, सोने के लाकेट, एक जोड़ी सोने के झाले गायब थे। सूचना देने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज तलाशने शुरू कर दिए है। नगर में आये दिन हो रही ऐसी घटनाओं से लोग चिंतित हैं।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर एक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के घरथनिया गांव निवासी रामलखन (55), शाहजहांपुर जनपद के इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी नीरज मिश्रा (54) सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद रामलखन की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

## अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराई

- हसनपुर कटौली बाजार से घर लौट रहे थे सतीश और बालकराम

संवाददाता, धौरहरा


मृतक बालकराम।


मृतक सतीश गौतम।

**अमृत विचार:** ईसानगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। सोमवार दोपहर सरपतहा पुलिस पिकेट के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे चालक सहित दो युवकों की मौत हो गई। ईसानगर थाना क्षेत्र के नकहिया सरपतहा गांव निवासी सतीश गौतम (20) पुत्र कृपाली गौतम अपने साथी बालक राम (22) पुत्र राम मिलन के साथ सोमवार सुबह हसनपुर कटौली बाजार गए थे। दोपहर करीब तीन बजे दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सरपतहा पुलिस पिकेट के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सतीश गौतम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बालक राम गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे उठाकर खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही ईसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया कि दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे। गांव के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और इस दर्दनाक घटना पर गहरा शोक जताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा को लेकर लापरवाही के चलते इस तरह के हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। दो मौतों से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के तेतारपुर के पास रविवार की देर शाम की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हुए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना भीरा क्षेत्र के गांव कौआखेड़ा निवासी त्रिलोक सिंह का 33 वर्षीय बेटा गुरबाज सिंह रविवार की देर शाम बाइक से पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव गुसाई पुरवा ससुराल जा रहा था। बताते हैं कि फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव तेतारपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल हालत में उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान गुरबाज सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# गूलर के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

- जांच में जुटी पुलिस, गांव में पसरा मातम

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बरखेरा निवासी एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव गूलर के पेड़ से लटका बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव बरखेरा निवासी राम कृपाल का 24 वर्षीय पुत्र शिवम सोमवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गूलर के पेड़ से लटकता देखा गया। इससे गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। मृतक के चाचा ने बताया कि शिवम की शादी हो चुकी थी और वह अपने पीछे एक मासूम बेटी को छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।

# बाग में फंदे से लटका मिला किशोरी का शव


गांव सलावतनगर में रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** थाने के गांव सलावत के बाग में 15 वर्षीय किशोरी का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतका खुशबू।

सोमवार को सलावत नगर निवासी शिवकुमार की 15 वर्षीय पुत्री खुशबू ने पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। पिता का कहना है कि उनकी पुत्री खुशबू रविवार शाम से लापता थी। परिवार वाले रात भर पता लगाने का प्रयास करते रहे। सुबह शौंच को गये गांव वालों ने बाग में रस्सी से लटका शव देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना मृतका के पिता ने पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मौर्य, उप निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, हिमांशु ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर लटकते हुए किशोरी के शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर पुलिस ने जांच पडताल शुरू कर दी। मृतका के भाई अनुज ने बताया कि उसकी चार बहनें, दो भाई हैं, जिसमें मृतका भाई बहनों में सबसे छोटी थी। जिसने अज्ञात कारणों से फांरी लगा ली है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

> सलावत नगर निवासी शिवकुमार की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिवार वालों ने किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। **-बृजेश कमार मौर्य,** थाना प्रभारी मैलानी

# पुलिस ने 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मैलानी, अमृत विचार:** थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम ने सुंदरलाल, गौरव वर्मा निवासी छत्तीपुर राजा, नन्हके उर्फ नन्हें निवासी पकरिया, शिवा निवासी ढ़ाकनपुर, रंजीत निवासी राजामंडी सांसिया कॉलोनी, मोंटू कुमार निवासी सुआबोझ, अजय कुमार निवासी बांकेगंज ग्रंट नंबर 10, छिंदर सिंह निवासी कुंवरपुर, प्रेमपाल निवासी पहाड़पुर और लल्लू राम निवासी झंझटपुर (बलरामपुर) को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। उन्होंने बताया शिवा पर 15 मुकदमे दर्ज हैं, सुंदर लाल और देशराज उर्फ गौरव वर्मा पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

### फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**लखीमपुर खीरी:** शहर की डीसी रोड स्थित काशीराम आवास निवासी एक किशोरी का शव कमरे में फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीसी रोड स्थित काशीराम आवास निवासी शानू की 16 वर्षीय बेटी अदीना का शव कमरे के अदंर फंदे से लटकते पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के परिजनों ने बताया कि अदीना ने यह कदम क्यों इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर ट्रॉली व जेसीबी सीज

संवाददाता, सिंगाही

- चार आरोपी गिरफ्तार, बिना दस्तावेज चल रहा था खेल
- खनन विभाग की आधी रात में छापेमारी से मचा हड़कंप

**अमृत विचार:** सिंगाही क्षेत्र में खनन इंस्पेक्टर ने रविवार की आधी रात के बाद छापा मारकर जोहरा नदी में बालू के अवैध खनन में लगी तीन ट्रैक्टर ट्रॉली और एक जेसीबी बरामद कर चार चालकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक चालक भाग निकला। खनन विभाग की कार्रवाई ने खनन माफियाओं में हड़कंप मचा दिया, वहीं स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

खनन इंस्पेक्टर आशीष कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। इसी के आधार पर देर रात अचानक सिंहोना गांव के निकट नदी पर छापेमारी की गई। कार्रवाई इतनी तेज और सटीक रही कि मौके पर मौजूद अधिकतर वाहन पकड़ लिए गए। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर एक ट्रैक्टर चालक ट्रॉली समेत फरार होने में सफल रहा। पकड़े गए चालकों में इरफान पुत्र रोजली निवासी बेनीपुरवा, प्रदीप पुत्र रामसुमेर निवासी निबौरिया, रियाजुद्दीन पुत्र शमशेर निवासी बथुआ और आकाश पुत्र रामखेलावन निवासी बेनीपुरवा शामिल हैं। सभी वाहनों और चालकों को कब्जे में लेकर सिंगाही थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। जब्त वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खनन इंस्पेक्टर की इस कार्रवाई के बाद एक बार फिर स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का खेल जारी था, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही थी। देर रात खनन विभाग की इस कार्रवाई ने पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान लगा दिया है।

# स्वयंसेविकाओं को बताई गई कानून की धाराएं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- एनएसएस शिविर में नागरिक सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार:** केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठम् दिवस सवयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को नागरिक सुरक्षा, महिला सुरक्षा के प्रति जागरुक कर देश के बलिदानियों का स्मरण कराया गया।

प्रथम सत्र का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल, डॉ. अमित कुमार यादव ने योग क्रिया एवं साफ सफाई के साथ शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. वहीद आलम एसोसिएट प्रोफेसर एवं डायरेक्टर लॉ एण्ड क्लीनिक सेल शिया पीजी कॉलेल लखनऊ ने नागरिक सुरक्षा संहिता, अपराध के प्रकार, बीएनएस की विभिन्न धाराएं, एफआईआर. के विभिन्न


शिविर में प्राध्यापक से पुलिस धाराओं की जानकारी लेती स्वयंसेविका। ● अमृत विचार

प्रकार, लोगों के अधिकार एवं कर्तव्यों इत्यादि से सम्बन्धित जागरूक करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपने योगदान को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को यूथ पार्लियामेंट में प्रतिभाग करने के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए विधानसभा, सांसद के कार्य विधियों से परिचित कराया। डॉ. विकास चौरसिया ने शहीद दिवस पर स्वतंत्रता आन्दोलन में स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए योगदान एवं संघर्षों की चर्चा करते हुए युवाओं को योगदान को दिलों में सजोए रखने का आग्रह किया।

द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किये।

सांस्कृतिक सत्र में स्वयंसेवकों ने गीत संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रश्नोत्तरी सत्र में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रगान के साथ द्वितीय सत्र का समापन किया। महाविद्यालय के डॉ. नवनीत कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ.राघवेन्द्र सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मनोज कुमार सरोज, डॉ. देवानन्द, डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि, डॉ. रीमा छाबड़ा, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. पूर्वा श्रीवास्तव, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. विश्वनाथ, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. बृजगोविन्द, डॉ. शैलेन्द, डॉ. योगेश कनौजिया, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# 80 राजस्व गांवों में चलेगा विशेष अभियान

संवाददाता, संपूर्णानगर/महंगापुर

**अमृत विचार:** किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर ने अपने क्रय क्षेत्र के 80 राजस्व गांवों में अस्वीकृत अथवा मिश्रित गन्ना प्रजाति की बुवाई पर सख्ती शुरू कर दी है। इसके तहत ऐसे कृषकों को चिन्हित करने के लिए पूरे क्षेत्र को 23 सर्किलों में विभाजित कर विशेष टीमें गठित की गई हैं।

मिल प्रशासन के अनुसार, अजबापुर चीनी मिल के तीन कार्मिकों के साथ छह गन्ना पर्यवेक्षकों को परिषद जेबीगंज क्षेत्र में तैनात किया गया है। इसी तरह गोला परिषद में चार गन्ना पर्यवेक्षक और एक मिल कर्मचारी, गुलरिया परिषद में पांच गन्ना पर्यवेक्षक, कुंभी परिषद में दो, जबकि पलिया क्षेत्र में दो गन्ना पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त एससीडीआई जेबीगंज, संपूर्णानगर, गोला के साथ पलिया, संपूर्णानगर और भीरा के सचिवों को टीम प्रभारी बनाया गया है।

ये टीमें गांव-गांव जाकर गन्ना फसलों का निरीक्षण करेंगी और प्रभावित क्षेत्रफल की प्रजातिवार जानकारी संकलित करेंगी। साथ ही जिन किसानों ने अस्वीकृत या मिश्रित प्रजातियों की बुवाई की है, उन्हें चिन्हित कर स्वीकृत प्रजाति के बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। मिल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन कृषकों की गन्ना पर्चियां डाउनग्रेड की गई हैं, उनसे विशेष रूप से संपर्क कर उन्हें सही प्रजाति अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान टीम किसानों को उन्नत और स्वीकृत प्रजातियों की जानकारी दे रही है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हेल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# दो समुदायों के बीच विवाद भड़का

संवाददाता, बेहजम

- अछनियां गांव में सड़क दुर्घटना के बाद आक्रोश, लगाया जाम
- पुलिस ने लाठी फटकार कर खदेड़ा, पुलिस तैनात

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र के अछनियां गांव में सड़क दुर्घटना के बाद दो समुदायों के बीच विवाद भड़क गया, जिसमें मारपीट हुई। मारपीट में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हुए हैं। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे पुलिस अफसरों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन हालात बेकाबू होते चले गए। इस पर पुलिस ने लाठी फटकार कर भीड़ को खदेड़ दिया।

पुलिस चौकी बेहजम के पिपरझला निवासी पंकज अपनी पत्नी कोमल और मासूम बेटी मान्नया के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। अछनियां गांव के पास उनकी बाइक एक स्थानीय व्यक्ति से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही मिनटों में उग्र विवाद में बदल गई। आरोप है कि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पंकज के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी पत्नी कोमल और बेटी भी पीट दिया। मारपीट के दौरान तीनों घायल हो गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी एकत्र हो गए।

घटना की खबर फैलते ही दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुटने लगे, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। कई वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सीओ मितौली यादवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मितौली और नीमगांव थानों की भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात की गंभीरता को देखते हुए सख्ती अपनाई और भीड़ को खदेड़ने के लिए उसे लाठी फटकारनी पड़ी। इसके बाद स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आई।

पुलिस ने घायलों को बेहजम सीएचसी भेजा। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब छह लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पुलिस पूछतांछ कर रही है। अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। प्रशासन ने दोनों समुदायों के जिम्मेदार लोगों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की है, ताकि क्षेत्र में दोबारा तनाव की स्थिति न उत्पन्न हो।

> शांति व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव में पुलिस तैनात है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। **-यादवेंद्र सिंह,** सीओ मितौली

# कैंडल जलाकर फरसा वाले बाबा को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, मैगलगंज ,अमृत विचार:** मथुरा में चर्चित गो रक्षक संत चंद्रशेखर बाबा उर्फ फरसा वाले बाबा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मैगलगंज कस्बे में शोक की लहर है। दौड़ गई। स्थानीय गौ रक्षक और भक्तों ने कस्बे के अमृत सरोवर पर कैंडल जलाकर बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बताया जाता है कि मथुरा के गांव नवीपुर निवासी संत चंद्रशेखर बाबा लंबे समय से गौ रक्षा के कार्यों में सक्रिय थे और फरसा वाले बाबा के नाम से विख्यात थे। वे अपने तेजस्वी स्वभाव और गौ सेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। क्रांतिकारी भगत सिंह के विचारों से प्रेरित होकर समाज में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। हाल ही में हरियाणा बॉर्डर के पास एक ट्रक दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। हादसे में ट्रक चालक की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हालांकि संत समाज के कई लोग इस घटना को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं, जिसके चलते गौ रक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने बाबा के जीवन और उनके गौ सेवा


फरसा वाले बाबा को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार

कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज और गौ रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष समर हिंदू, जिला महासचिव वंश हिंदू सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंकुल, अभिषेक, नीरज, मोनू, प्रवीण, राजन, उज्जवल, मोहन, रितेश, आयुष, राम जी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। लोगों ने बाबा के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम आधार कार्ड व पैन कार्ड में अंग्रेजी के अक्षरों में Mohammad Kashan था। मेरे पासपोर्ट में भी अग्रेजी अक्षरों में Mohammad Kashan हो गया है। जो कि गलत है। अब मैंने अपने आधार कार्ड व पेन कार्ड में अपने नाम के अंग्रेजी अक्षरों में Mohmmad Kashan संशोधन/स्पेलिंग ठीक करा ली है। **मोहम्मद काशान Mohmmad Kashan पुत्र श्री शकील अहमद Shakeel Ahmad निवासी मो. अगबाड़ा कस्बा शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेली (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5,6,7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210914019 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2023 अनुक्रमांक 2235785794 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिले। **दिपांशु मिश्रा पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी बरखेड़ा कला पीलीभीत**

**RAM MURARI PUBLIC SCHOOL (SEN. SEC.)**
Meeranpur Katra, Shahjahanpur
*We are hiring*
- *PGT Physics*
- *PGT English*
- *Primary Teacher's*
Interested candidates may send their resume on
*rammuraripublicschool@gmail.com*
*or 6398020476*

**NOTICE**
This is to inform the general public that I, Amit kumar Gupta, Resident of mohalla Laxmi Nagar, Khudaganj, Tilhar shahjahanpur, uttar pradesh, have change the name of my son from Pratush Gupta to Pratyush Gupta.

**सूचना आम**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल बैनामा आराजी क्षेत्रफल 86.12 वर्गमीटर जो खसरा नं0 423 का भाग वाकै सुर्खा छावनी बाहर चुंगी बरेली जिसका पंजीकरण दिनांक 19/05/1999 को फोटो स्टेट प्रति पुस्तक सं0 1, खण्ड 712 पृष्ठ 173 से 190 पर क्रमांक 1499 पर उपनिबन्धक कार्यालय बरेली में श्रीमती नत्थो देवी पत्नी हीरालाल (मुख्त्यारेआम छेदा लाल पुत्र तोताराम) द्वारा यशपाल सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह के हक में हुआ था। जिसे बाद में उपरोक्त यशपाल सिंह ने उक्त सम्पत्ति को अनीता पत्नी अजय कुमार को विक्रय कर दिया वास्तव में कही खो गया हैं। जिसे अब श्रीमती कंचन पत्नी राहुल मौर्य व राहुल मौर्य पुत्र बांके लाल उक्त अनीता पत्नी अजय कुमार से खरीद रहे है और एल0आई0सी0 एच0एफ0एल0 बरेली से ऋण ले रहे है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस में निम्न को दर्ज कराये । **रमेश चन्द्र पाठक सूचीबद्ध अधिवक्ता एल0 आई0सी0एच0एफ0एल0 बरेली** 9219511984, 9412677072

**सूचना**
मेरा नाम सैयद अब्दुस सुबहान अली पुत्र फजले हक ग्राम कल्लिया तह आंवला जिला बरेली हैं। मेरे हाईस्कूल अंक तालिका में मेरा नाम सैयद अब्दुस सुबहान अली (SYEDABDUS SUBHAN ALI) है। अग्रेंजी में स्पेश नहीं है। जो गलती से दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे मेरे आधार कार्ड के अनुसार सैयद अब्दुस सुबहान अली (SYED ABDUS SUBHAN ALI) नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा फार्म 25 मार्च से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एनईपी के तहत संचालित शैक्षणिक सत्र 2025-26 की स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के बीए, बीएससी और बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर, साथ ही बीएससी (गृह विज्ञान) के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के संस्थागत व बैक परीक्षा फॉर्म 25 मार्च से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के फॉर्म mjpru.samarth.edu.in पर भरे जाएंगे, जबकि अन्य श्रेणियों के फॉर्म विवि की आधिकारिक वेबसाइट mjpru.ac.in पर उपलब्ध होंगे। छात्र 10 अप्रैल तक ऑनलाइन फॉर्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं। भरे हुए फॉर्म को संबंधित कॉलेज द्वारा ऑनलाइन अप्रूव करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि आवेदन पत्र की हार्डकॉपी व्यक्तिगत या डाक द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी।

### बरेली की ज्योति व मोहिनी समाज से मिटा रहीं अशिक्षा का अंधकार, तिनका-तिनका जोड़कर अभावों से जूझते परिवारों के बच्चों को दे रहीं शिक्षा

# नवरात्र विशेष : पीपल पेड़ के तले, गरीबों के आंगन में शिक्षा की 'ज्योति' जले

संजय शर्मा, बरेली

**अमृत विचार:** गरीबी की मार से पढ़ने-लिखने की उम्र में दुश्वारियों का बोझा उठाते और पेट भरने को भीख मांगते मासूम! तस्वीरें ऐसी कहीं भी दिखें लेकिन दिल सबका दुखाती हैं और समाज के अंधेरे कौने की कड़वी सच बयां कर जाती हैं। बरेली की ज्योति और मोहिनी ने गरीबों के आंगन से अशिक्षा का अंधकार मिटाने का बीड़ा उठाया है। अभावों से जूझते परिवारों के आंगन में शिक्षा का उजियारा लाने की पहल अकेली ज्योति ने शुरू की थी, लेकिन सहेली मोहिनी का साथ मिलने के बाद उनकी ताकत कई गुना बढ़ गई है। दोनों तिनका-तिनका जोड़कर बच्चों की पढ़ाई पर होने वाला खर्च उठा रही हैं और समाज को 'चार कदम सूरज की ओर' चलने का संदेश दे रही हैं।


निशुल्क शिक्षा केन्द्र में पढ़ाती ज्योति और मोहिनी। ● अमृत विचार


मोहनी मौर्य। ● अमृत विचार


ज्योती ठाकुर। ● अमृत विचार

सरोकार की नींव मजबूत कर रहीं ज्योति ठाकुर बरेली शहर से सटे गांव करेली की रहने वाली हैं, तो उनकी मोहिनी इटौवा सुखदेव निवास करती हैं। ज्योति-मोहिनी की समाज में चर्चा का कारण गांव में पीपल के पेड़ के नीचे चलने वाला उनका निशुल्क शिक्षा केन्द्र है, जहां बेहद तंगहाल परिवारों के बच्चे पढ़ाई करते नजर आते हैं। आठ भाई बहन में छठे नंबर की ज्योति इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थीं, तो शिक्षा से दूर गरीब बच्चों को देखकर उनके लिए कुछ करने की ठान ली थी। खुद पढ़ते-पढ़ते उन्होंने गांव में बच्चों की क्लास लेना शुरू कर दी।

ज्योति को जब भी ऐसा कोई मासूम नजर आता तो उसके घर जातीं और परिवार को समझाकर उसे अपने केंद्र में पढ़ने भेजने का माहौल बनातीं। उनका छोटा सा प्रयास रंग लाता गया। क्लास में एक-एक कर बच्चे जुड़ते गए और आज संख्या 150 पार पहुंच चुकी है। इनमें कई मासूम तो ऐसे हैं, जिनके सिर से मां-बाप का साया उठ चुका है। समाजिक हित में किए जा रहे इस पुनीत प्रयास में ज्योति का साथ उनकी सहेली मोहिनी मोर्या भी निभा रही हैं। बच्चों का खर्च उठाने को ज्योति प्राइवेट स्कूल में टीचिंग भी करती हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया की मदद से लोगों को गरीबों की सहायता के लिए भी प्रेरित करती हैं। इससे शिक्षा केन्द्र में कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल, कपड़े, जूते, राशन और सर्दियों में कंबल जैसी जरूरी चीजें पहुंचाने को लोग आगे आते हैं। कई ऐसे मददगार भी मिल चुके हैं, जो स्वेच्छा से गरीब बच्चों की पढ़ाई में अपना योगदान देते रहते हैं।

### सोशल मीडिया के जरिए हुआ था संपर्क

दोनों बीएड कर चुकी हैं। पेड़ तले पाठशाला में वे बच्चों को हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी भी सिखाती हैं। होली, दीपावली, ईद हो या 26 जनवरी-15 अग्रस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व, कार्यक्रम कराकर बच्चों में संस्कार भी मजबूत करती हैं और उनका उत्साह बढ़ातीहैं। ज्योति ने पिछले साल अपनी मां और पिता दोनों को खो दिया था। दिक्कतें आती रहती हैं, लेकिन सेवा के संकल्प के साथ ज्योति- मोहिनी की सरोकारी यात्रा जारी है। वैसे तो शिक्षा से बंचित गरीब बच्चों को स्कूल पहुंचाने में सरकार में भी समग्र प्रयास कर रही है, लेकिन इन दो सहेलियों कोशिश समाज में खूब सराहना पा रही है।

### शिक्षा से समझदार बनाने का संकल्प

ज्योति ठाकुर और मोहिनी मोर्या की कोशिश पढ़ाई से छूटे बच्चों को अपने केंद्र के जरिए समझदार व शिक्षित बनाने की रहती है, ताकि उनके अंदर चीजों को समझने की क्षमता विकसित हो सके। उन्हें कहीं भी बोलने समझने में परेशानी न हो। दोनों कहती हैं, इस प्रयास को लगातार जारी रखने का उन्होंने संकल्प लिया है। ज्योति एनसीसी से भी जुड़ी रही हैं। रास्ते में कई मुश्किलें आईं लेकिन हौसले के साथ लोगों की मदद से हर बाधा पार कर रही हैं।

### इंसाफ को पार्क में धरना दे रहा परिवार

**बरेली, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में सही से इलाज न होने की वजह से युवक की मौत के मामले में पीड़ित परिवार के लोग इंसाफ की मांग को लेकर सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में कई दिनों से धरने पर बैठे हैं। सोमवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। इस संबंध में जिलाध्यक्ष ने डीएम से मुलाकात कराने की बात कही। दरअसल, एक निजी अस्पताल में ओवैस यादव को भर्ती कराया गया था। आरोप है कि सही तरह से इलाज नहीं होने की वजह से उनकी मौत हो गई।

# तीन पशु तस्करों के पैर में लगी गोली

### सिपाही भी जख्मी, फरीदापुर चौधरी में गोकशी के बाद पुलिस जुटी थी तस्करों की तलाश में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● आरोपियों में पिता व दो पुत्र शामिल मुख्य आरोपी पर दर्ज हैं आधा दर्जन मुकदमे

**अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने ग्राम फरीदापुर चौधरी में हुई गोकशी की घटना के बाद सोमवार तड़के तस्करों की घेराबंदी की। इसपर तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी तीन तस्कर पिता-दो पुत्र पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, एक सिपाही भी जख्मी हो गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध असलहा, कारतूस व पशु काटने के उपकरण बरामद किए हैं। तस्करों के खिलाफ हत्या की कोशिश व गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायल आरोपियों को अस्पताल भेजा गया है।

सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि 21 और 22 मार्च को थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी के समीप नाले में प्लास्टिक के बोरे में संरक्षित पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। इज्जतनगर थाने में गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी ने तस्करों की धरपकड़ के लिए तीन टीमों का गठन किया था। पुलिस लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही थी। सीओ तृतीय के मुताबिक सूचना पर पुलिस टीम सोमवार तड़के चेकिंग कर रही थी। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय के निकट स्थित मैदान पास बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं, जिसमें सिपाही राहुल कुमार जख्मी हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की। इस दौरान आरोपी असलम, उसका बेटा जीशान और नासिर पैर में गोली लगने से जमीन पर गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। घायल आरोपियों के पास से तीन तमंचे, आधा दर्जन खोखा कारतूस और गोकशी में इस्तेमाल होने वाले हथियार बरामद हुए। मौके बाइक और मोबाइल फोन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सीओ के मुताबिक पकड़ा गया मुख्य आरोपी असलम के खिलाफ गोवध और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस जीशान और नासिर के पुराने रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है। फिलहाल, तीनों घायल आरोपियों और सिपाही को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें तीनों आरोपी रोते दिख रहे हैं। कह रहे हैं कि साहब गलती हो गई। अब कभी गलत काम नहीं करेंगे।

### गोकशी में 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड, विभागीय जांच शुरू

पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव की जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने वाले दो चौकी प्रभारियों अमित कुमार और उमेश कुमार समेत सात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें चार हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल भी शामिल हैं, जिनकी बीट में यह घटना हुई थी। जिस स्थान पर अवशेष मिले, वह रेलवे की संपत्ति है, लेकिन पुलिस गश्त में कोताही पाए जाने पर एसएसपी ने विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

## 1000 वर्ष बाद सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेष 6 को बरेली पहुंचेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नाथ नगरी बरेली 6 अप्रैल को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। देशव्यापी यात्रा के अंतर्गत सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के 1000 वर्षों तक संरक्षित रहे पावन अवशेष बरेली पहुंचेंगे। यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक माना जा रहा है। बरेली में भक्तों के दर्शनार्थ इन अवशेषों को बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीतारामन शास्त्री ने ये पवित्र अवशेष बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर को सौंपे थे। इसके बाद महाशिवरात्रि 2025 पर इनका सार्वजनिक अनावरण किया गया, फिर इन अवशेषों की देशव्यापी यात्रा प्रारंभ हुई। यह यात्रा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए उत्तर प्रदेश में 30 मार्च को प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश में प्रवेश के बाद यात्रा झांसी, कानपुर, आगरा, मथुरा, वृंदावन, मेरठ, गजरौला, मुरादाबाद, प्रयागराज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों से गुजरते हुए 6 अप्रैल को बरेली पहुंचेगी। इतिहास के अनुसार वर्ष 1026 ईस्वी में आक्रमण कारी महमूद गजनबी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था, लेकिन आस्था की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रही। मंदिर के कुछ पवित्र अवशेषों को अग्निहोत्री पुजारियों ने गुप्त रूप से सहेज लिया, जो पीढ़ी दर पीढ़ी संरक्षित होते रहे।

### बुजुर्ग महिला की मौत, बहू के भाइयों पर धक्का देने का आरोप

**बरेली :** थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव मोहित में घरेलू विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची मुन्नी देवी (65) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के बेटे नूर मोहम्मद के अनुसार रविवार को पत्नी आसमा से विवाद होने पर उसने अपने भाइयों शकील, अकील और रिश्तेदार निजाम को बुला लिया था। इस दौरान घर में शुरू हुई हाथापाई को रोकने के प्रयास में मुन्नी देवी धक्का-मुक्की के कारण मुंह के बल गिर पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई।

# ठगों ने अधिवक्ता की पत्नी के खाते से 6.89 लाख उड़ाये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने बैंक प्रतिनिधि बनकर अधिवक्ता की पत्नी को झांसे में लिया और बैंक खाते से 6,89,500 रुपये उड़ा लिए। अधिवक्ता ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दशमेश नगर निवासी अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने बताया कि यह घटना 12 मार्च को हुई। पत्नी ममता गुप्ता के मोबाइल पर दोपहर के समय एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताया और केवाईसी अपडेट न होने पर खाता बंद होने का डर दिखाया। झांसे में लेकर ठगों ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा और दबाव बनाकर प्रक्रिया पूरी करने को कहा। इसी दौरान शातिरों ने बैंक रिकॉर्ड में दर्ज मूल ईमेल आईडी को बदलकर एक फर्जी आईडी जोड़ दी। इसके बाद, जिस खाते में कभी नेट बैंकिंग की सुविधा नहीं थी, उसे अवैध रूप से सक्रिय कर दिया गया। अगले दो दिनों के भीतर ठगों ने ममता गुप्ता के बचत खाते और फिक्स्ड डिपॉजिट को तोड़कर कुल 6.82 लाख रुपये विभिन्न अज्ञात खातों में ट्रांसफर कर लिए। इसके अतिरिक्त 14 मार्च को भी खाते से 7,500 रुपये की निकासी की गई। अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने तत्काल ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब उन खातों की तलाश कर रही है जिनमें ठगी की यह बड़ी रकम ट्रांसफर की गई थी।

### कमिश्नरी-कलेक्ट्रेट में गरजे किसान, किया प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कमिश्नरी में कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने कमिश्नर से कहा कि शहर से सटे कई गांवों में कालोनाइजर बिना मानचित्र स्वीकृत कराकर प्लाट बेच कॉलोनी बसा रहे हैं, जिससे अवैध निर्माण बढ़ रहा है। फसलों के समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग की। जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कमिश्नर को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें कृषि भूमि, समर्थन मूल्य, अवैध कॉलोनियों, गन्ना भुगतान और किसानों से जुड़ी अन्य प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। पदाधिकारियों ने आम का समर्थन मूल्य 60 रुपये प्रति किलो घोषित करने और सरकारी खरीद की व्यवस्था करने की मांग की। आलू, सरसों, बाजरा, ज्वार और मक्का का भी उचित समर्थन मूल्य तय करने की मांग की गई। ज्ञापन में गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकारी और बाजार मूल्य में भारी अंतर के कारण बिचौलियों का दबदबा बढ़ रहा है। प्रत्येक तहसील में कम से कम 60 खरीद केंद्र स्थापित किए जाएं। उनकी दूरी गांव से 5 किलोमीटर से अधिक न हो। छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने की व्यवस्था की जाए। बहेड़ी और नवाबगंज चीनी मिलों पर लंबित भुगतान जल्द दिलाने की मांग रखी। ज्ञापन में राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, विरासत और दाखिल-खारिज से जुड़ी समस्याओं का भी जिक्र किया।


**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यशी प्रिया होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट द्वारा पार्टनर स्नेहलता सागर पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार सागर निवासी- राजीव नगर गुलाब बाड़ी रोड आर.के. यूनिवर्सिटी, बरेली व मंजू पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र सागर पता- आर.ओ.-17, आकाश गंगा कॉलोनी आर.के. यूनिवर्सिटी जिला बरेली द्वारा निर्माण स्थल- गाटा नम्बर-1338 ग्राम उड़ला जागीर तहसील सदर, बरेली क्षेत्रफल-1155 वर्गमी. पर होटल निर्माण की अनुज्ञा हेतु ऑनलाइन मानचित्र संख्या- बी.डी.ए./बी.पी./25-26/0343 प्रस्तुत किया गया है। स्थल का भू-उपयोग बरेली महायोजना- 2031 में 80 मी. बाईपास व 30 मी. चौड़ा ग्रीनवैल्ट एवं उसके उपरान्त सामुदायिक सुविधाएं/उपयोगिताएं में दर्शित है। उत्तर प्रदेश के विकास के प्रस्तर 15.3.2 के उप प्रस्तर के बिन्दु संख्या- 2.5 के अन्तर्गत "होटल क्रिया" भू-उपयोग में सामुदायिक सुविधाएं/उपयोगिताएं भू-उपयोग में अनुमन्य है। आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन- 2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

**कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत**

पत्रांक: 144/न.पं.ब./2025-26 दिनांक: 23.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में निराश्रित गौवंशीय पशुओं को खिलाने हेतु निम्नलिखित चारा आदि की सप्लाई प्राप्त करने हेतु स्वीकृत निविदा की तिथि दिनांक 31.03.2027 तक किया जाना है।
1. हरा चारा 2. भूसा 3. चोकर 4. खल 5. नमक 6. गुड़
प्रति पशु की अनुमानित खुराक की लागत रू. 50/- प्रति दिन है। निविदाएं दिनांक 24.03.2026 से दिनांक 31.03.2026 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/आपूर्ति कर्ता फर्मे अपनी अपनी दरें दिनांक 31.03.2026 समय 12:00 बजे तक उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http/etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।

नागेन्द्र पाण्डेय, उपजिलाधिकारी/बीसलपुर, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत
श्याम बिहारी भोजवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायत बरखेड़ा, जनपद-पीलीभीत

**कार्यालय कृषि उत्पादन मंडी समिति, बहेड़ी (बरेली)**

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2026-666 दिनांक: 23.03.2026

**सफाई निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल, बहेड़ी की वित्तीय वर्ष 2026-27 की दैनिक सफाई कार्य हेतु निविदायें Germ Bid Number:Gem/2026/B/7380358 दिनांक 21.03.2026 के माध्यम से दिनांक 31.03.2026 के प्रातः 11:00 बजे तक एवं उपमण्डी स्थल, रिछा, बहेड़ी (बरेली) की वित्तीय वर्ष 2026-27 की दैनिक सफाई कार्य हेतु निविदायें Germ Bid Number:Gem/2026/B/7380382 दिनांक 21.03.2026 के माध्यम से दिनांक 31.03.2026 के प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था किसी भी कार्य दिवस में नियम/शर्तो एवं उपरोक्त के सम्बन्धी में पूर्ण जानकारी कार्यालय मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली) से प्राप्त कर सकते हैं।

नरेन्द्र कुमार गंगवार, सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समित, बहेड़ी (बरेली)
इशिता किशोर, उपजिलाधिकारी/सभापति, कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहेड़ी (बरेली)

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली**

पत्रांक/के0जी0बी0वी0/9105-09/2025-26 दिनांक: 23.03.2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-1553/68-5/2020 दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 एवं निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक- के0जी0बी0वी0/शिक्षक/1837/2024-25 दिनाँक 30.05.2024 द्वारा दिए गए निर्देशों के कम में जनपद रायबरेली के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवदेन पत्र आंमत्रित किये गये थे। आवदेन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 की सायं 05:00 बजे तक थी। प्राप्त आवेदन पत्रों से पात्र अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार) की काउंसलिंग दिनांक 23.01.2026 व साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों (सहायक रसोइया, चौकीदार व चपरासी) को 28.01.2026 को साक्षात्कार पूर्ण किया गया। शासनादेश देश में निहित प्राविधानों के अनुसार काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाने के निर्देश है। तत्क्रम में काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में दिनाँक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विकल्प हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होंगे।
विकल्प हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जनपद रायबरेली के एन0आई0सी0 की वेबसाइड- http://raebareli.nic.in व कार्यालय के सूचना तट पर उपलब्ध है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली

**कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत**

पत्रांक: /न.पं.ब./2025-26 दिनांक: 23.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वर्ष 2025-26 में पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचाायत योजना के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बरखेड़ा में सी.सी. रोड आदि के निर्माण कार्यो को कराने हेतु निर्माण कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 24.03.2026 | प्रात: 8:00 बजे |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | 24.03.2026 | प्रात: 10:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 06.04.2026 | प्रात: 10:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | 06.04.2026 | अपरान्ह 02 बजे |

नागेन्द्र पाण्डेय, उपजिलाधिकारी/बीसलपुर, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत
श्याम बिहारी भोजवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायत बरखेड़ा, जनपद-पीलीभीत

**कार्यलय ग्राम पंचायत चांदपुर निठाया विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

पत्रांक -मिमो/निविदा विज्ञप्ति/2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक: 19-03-2026

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत चांदपुर निठाया विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 26-03-2026को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें।व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी।

**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है**

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | महेश के प्लॉट से दीनानाथ के घर तक इंटरलॉकिंग सीसी नाली नि. कार्य | प्रा के अनुसार |

सचिव प्रधान

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0)**

**अल्प-कालीन निविदा सूचना**

केवल अनुभवी ठेकेदारों से इस मिल समिति में अल्प-कालीन निविदा दिनांक 28.03.2026 तक तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रम0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Renovation of G.M. Office toilet | रू0 2100/- | रू0 118/- |
| 2 | Repair of Floor and drain of at mud pump and old Quad set. | रू0 4000/- | रू0 118/- |
| 3 | Repair of Renovation of Comnunity Hall | रू0 2600/- | रू0 118/- |

उक्त कार्यो की नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित है निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में मिल में धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य जमा करने के उपरान्त मिल कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्व सुरक्षित होगा। प्रधान प्रबन्धक

**कार्यालय ग्राम पंचायत पदारथपुर वि.खं. भुता बरेली**

पत्रांक: 135/लेखा/निविदा/वर्ष 2025-26 दिनांक 22.03.2026


**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पदारथपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में सद्दाम के खेत से नाले तक पक्का नाला निर्माण कार्य होना है। जिसकी अनुमानित लागत 3.85 लाख रूपये है। इच्छुक फर्म सीमेंट, बजरफुट, बजरी, रेता, प्रथम ईट, रोड़ा आदि आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा दिनांक 28.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में सीधे अथवा डाक द्वारा जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगी जिस फर्म का टेंडर सबसे कम दर का होगा ग्राम पंचायत द्वारा उसे ही स्वीकार किया जायेगा।

अनिल कुमार, सचिव
श्रीमती हसीना, प्रधान

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना संख्या 54/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों का संचलन निम्नवत् किया जाएगा।



**05045/05046 लाल कुआँ-राजकोट-लाल कुआँ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

गाड़ी सं. 05045 लाल कुआँ से दिनांक 05.04.2026 से 26.04.2026 तक (रविवार) को (4 फेरे) और गाड़ी सं. 05046 राजकोट से दिनांक 06.04.2026 से 27.04.2026 तक (सोमवार) को (4 फेरे)

| गाड़ी सं. 05045 लाल कुआँ-राजकोट आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05046 राजकोट-लाल कुआँ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 12:35 | लालकुआं | 05:15 | --- |
| 12:58 | 13:00 | किच्छा | 04:35 | 04:37 |
| 13:16 | 13:18 | बहेड़ी | 04:15 | 04:17 |
| 14:10 | 14:15 | इज्जतनगर | 03:33 | 03:35 |
| 14:30 | 14:35 | बरेली जं. | 03:13 | 03:18 |
| 15:33 | 15:35 | बदायूं | 01:53 | 01:55 |
| 15:46 | 15:48 | उझानी | 01:37 | 01:39 |
| 16:18 | 16:20 | सोरों शूकर | 01:13 | 01:15 |
| 17:05 | 17:15 | कासगंज | 00:40 | 00:50 |
| 18:12 | 18:15 | हाथरस शहर | 23:30 | 23:33 |
| 19:03 | 19:05 | मथुरा कैंट | 22:58 | 23:00 |
| 19:20 | 19:25 | मथुरा जं. | 22:40 | 22:45 |
| 21:00 | 21:05 | भरतपुर | 20:30 | 20:35 |
| 23:38 | 23:40 | दौसा | 17:20 | 17:22 |
| 00:35 | 00:45 | जयपुर जं. | 16:25 | 16:35 |
| 01:50 | 01:52 | फुलेरा | 15:00 | 15:02 |
| 02:22 | 02:24 | नावा शहर | 13:03 | 13:05 |
| 02:38 | 02:40 | कुचामन सिटी | 12:48 | 12:50 |
| 02:53 | 02:56 | मकराना जं. | 12:30 | 12:33 |
| 03:27 | 03:30 | डेगाना जं. | 11:57 | 12:00 |
| 04:02 | 04:07 | मेड़ता रोड जं. | 11:10 | 11:15 |
| 04:25 | 04:27 | गोटन | 10:50 | 10:52 |
| 05:40 | 05:50 | जोधपुर जं. | 09:40 | 09:50 |
| 06:22 | 06:25 | लूनी जं. | 08:57 | 09:00 |
| 07:25 | 07:30 | समदड़ी जं. | 08:12 | 08:17 |
| 07:54 | 07:56 | मोकलसर | 07:48 | 07:50 |
| 08:20 | 08:23 | जालोर | 07:02 | 07:05 |
| 08:52 | 08:54 | मोदरान | 06:31 | 06:33 |
| 09:17 | 09:20 | मारवाड़ भीनमाल | 06:06 | 06:09 |
| 09:48 | 09:51 | रानीवाड़ा | 05:35 | 05:38 |
| 10:40 | 10:42 | धनेरा | 05:04 | 05:06 |
| 11:55 | 12:00 | भीलड़ी जं. | 04:30 | 04:35 |
| 12:41 | 12:43 | पाटन | 03:25 | 03:27 |
| 13:28 | 13:30 | महेसाणा जं. | 02:30 | 02:35 |
| 14:31 | 14:33 | वीरमगम जं. | 01:35 | 01:37 |
| 15:47 | 15:49 | सुरेंद्रनगर | 00:18 | 00:20 |
| 16:43 | 16:45 | वांकानेर जं. | 23:08 | 23:10 |
| 18:10 | --- | राजकोट | --- | 22:30 |

रेक संरचना: शयनयान श्रेणी-11, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित-02, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित-01, साधारण द्वितीय श्रेणी-04, एसएलआरडी-02=(कुल 20 कोच)

**05060/05059 लाल कुआँ-कोलकाता चितपुर-लाल कुआँ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

गाड़ी सं. 05060 लाल कुआँ से दिनांक 02.04.2026 से 25.06.2026 तक (वीरवार) को (13 फेरे) और गाड़ी सं. 05059 कोलकाता चितपुर से दिनांक 04.04.2026 से 27.06.2026 तक (शनिवार) को (13 फेरे)

| गाड़ी सं. 05060 लाल कुआँ-कोलकाता चितपुर आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05059 कोलकाता चितपुर-लाल कुआँ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 13:35 | लालकुआं | 15:45 | -- |
| 13:55 | 13:57 | किच्छा | 14:33 | 14:35 |
| 14:40 | 15:10 | भोजीपुरा जं. | 13:15 | 13:45 |
| 15:55 | 16:00 | पीलीभीत जं. | 11:55 | 12:00 |
| 17:00 | 17:05 | पूरनपुर | 10:50 | 10:54 |
| 18:20 | 18:30 | मैलानी जं. | 10:00 | 10:10 |
| 18:50 | 18:55 | गोला गोकरननाथ | 09:10 | 09:12 |
| 19:40 | 19:42 | लखीमपुर | 08:38 | 08:40 |
| 21:30 | 21:35 | सीतापुर | 07:25 | 07:35 |
| 23:20 | 23:25 | गोंडा जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:52 | 00:55 | बस्ती | 03:48 | 03:50 |
| 02:05 | 02:15 | गोरखपुर जं. | 02:35 | 02:45 |
| 03:00 | 03:02 | कप्तानगंज जं. | 01:30 | 01:32 |
| 04:00 | 04:02 | पडरौना | 00:30 | 0:32 |
| 05:45 | 05:50 | थावे जं. | 23:15 | 23:20 |
| 06:50 | 06:55 | सीवान जं. | 22:30 | 22:35 |
| 07:55 | 08:05 | छपरा | 21:30 | 21:40 |
| 08:56 | 08:58 | सोनपुर जं. | 19:45 | 19:47 |
| 09:10 | 09:15 | हाजीपुर जं. | 19:30 | 19:35 |
| 10:00 | 10:05 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:30 | 18:35 |
| 11:25 | 11:27 | समस्तीपुर जं. | 17:20 | 17:25 |
| 13:25 | 13:35 | बरौनी जं. | 16:20 | 16:30 |
| 15:05 | 15:07 | किऊल जं. | 14:18 | 14:20 |
| 16:40 | 16:45 | झाझा | 13:40 | 13:45 |
| 17:50 | 17:52 | जसीडीह जं. | 11:23 | 11:25 |
| 18:15 | 18:17 | माधपुर जं. | 10:35 | 10:37 |
| 19:08 | 19:10 | चित्तरंजन | 09:36 | 09:38 |
| 19:42 | 19:47 | आसनसोल जं. | 09:08 | 09:13 |
| 20:17 | 20:19 | दुर्गापुर | 08:36 | 08:38 |
| 21:31 | 21:33 | बर्द्धमान जं. | 07:33 | 07:35 |
| 22:23 | 22:25 | बैण्डेल जं. | 06:15 | 06:17 |
| 22:52 | 22:55 | नैहाटी जं. | 05:48 | 05:50 |
| 23:55 | --- | कोलकाता चितपुर | --- | 05:00 |

रेक संरचना: साधारण द्वितीय श्रेणी-04, शयनयान श्रेणी-06, तृतीय श्रेणी इकोनॉमी-04, द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित-01, प्रथम-सह-द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित-01, जनरेटर-सह-लगेज वैन-01 एलएसएलआरडी-01=(कुल 18 कोच)

मुजाधि/टी-128-ए मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

## अन्य फैसले

### लोक सेवा अधिकरण के पदाधिकारियों की आयु सीमा बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) अधिनियम, 1976 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अधिनियम की धारा-3(8) के स्थान पर नई उपधारा 3(8)(क) जोड़ी गई है, जिससे अधिकरण के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की आयु सीमा में दो साल की बढ़ोत्तरी हुई है। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से अधिकरण में अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं अधिक समय तक मिल सकेंगी, जिससे मामलों के निस्तारण में गति आएगी और न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। इस संशोधन का उद्देश्य प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखना तथा लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाना है।

### बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र का विस्तार करते हुए 14 नए गांवों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा और तेजी से हो रहे विस्तार को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा। नए गांवों के शामिल होने से इन क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, बिजली, आवास और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। विकास प्राधिकरण का दायरा बढ़ने से औद्योगिक और आवासीय परियोजनाओं को गति मिलेगी, जिससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### ललितपुर मेडिकल कॉलेज को 3250 वर्ग मीटर भूमि मिलेगी मुफ्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में ललितपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 3250 वर्गमीटर भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार का मानना है कि इस फैसले से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी। मेडिकल कॉलेज के विकास से न केवल क्षेत्र के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

### चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर प्लांट को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम फैसला लेते हुए चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मानकों के अनुरूप होगी, जिसके तहत शहर की ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा अक्षय स्रोतों से पूरा किया जाएगा। इसके लिए करीब 80 एकड़ जल क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा। परियोजना में पर्यटन विभाग की 28.20 एकड़ भूमि को कोल इंडिया लिमिटेड को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जो अपने संसाधनों से प्लांट स्थापित करेगी।

### सस्ती बिजली की दिशा में बढ़े कदम

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट ने 2242.90 करोड़ लागत से पछवारा साउथ कोल ब्लॉक विकास को भी मंजूरी दी है। इससे घाटमपुर तापीय परियोजना के लिए कोयला उपलब्ध होगा और बिजली उत्पादन लागत में करीब 1 रुपये प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना है, जिससे उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिल सकेगी।

# तहसीलों का अधिकार छीनने से खत्म होगा भ्रष्टाचार का खेल

## यूपी कैबिनेट के फैसले : भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया होगी सरल, भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने भूमि उपयोग परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया को सरल बना दिया है। अब किसी भी भूखंड का नक्शा स्वीकृत होते ही उसका लैंड यूज स्वतः बदल जाएगा और इसके लिए अलग से जिलाधिकारी या एसडीएम से अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभाग के इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी से तहसीलों का जहां अधिकार छिन गया है, वहीं एसडीएम से लेकर लेखपाल स्तर तक होने वाले भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उप्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में ही सभी औपचारिकताएं समाहित कर दी गई हैं। इससे न केवल आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि निवेशकों के लिए भी प्रक्रिया आसान और पारदर्शी बनेगी। इस सुधार से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग स्थापना में तेजी आएगी और उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

अब तक की व्यवस्था में किसी कृषि भूमि को आवासीय या व्यावसायिक उपयोग में बदलने के लिए एसडीएम, तहसीलदार और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। प्राधिकरण क्षेत्र में भू-उपयोग परिवर्तन के लिए मुख्य नगर और ग्राम नियोजक के यहां प्रस्ताव भेजे जाते थे, लेकिन उन पर त्वरित फैसला नहीं हो पाता था। इस दौरान फाइलें महीनों तक लंबित रहती थीं और कई मामलों में बिचौलियों के माध्यम से लाखों रुपये की अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती थीं।



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

### क्या बदला, क्या होगा फायदा

**पहले क्या था**
- लैंड यूज बदलने के लिए अलग से अनुमति जरूरी
- एसडीएम, तहसील और लेखपाल स्तर पर लंबी प्रक्रिया
- महीनों तक फाइल लंबित रहती थी
- दलालों के जरिए अवैध वसूली

**अब क्या होगा**
- नक्शा पास होते ही स्वत: लैंड यूज बदल जाएगा
- अलग से अनुमति लेने की जरूरत खत्म
- प्रक्रिया पूरी तरह सरल और तेज

**सीधा फायदा**
- तहसीलों में भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार
- आम लोगों और निवेशकों को राहत
- निर्माण और निवेश परियोजनाओं में तेजी
- पारदर्शिता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा

# नवयुग पालिका योजना को मंजूरी 58 शहरों का होगा स्मार्ट विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2916 करोड़ से बदलेगी नगर पालिकाओं की तस्वीर, डिजिटल गवर्नेंस पर जोर
- जिला मुख्यालयों के संतुलित विकास से घटेगी क्षेत्रीय असमानता

**अमृत विचारः** प्रदेश में संतुलित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में "नवयुग पालिका योजना" को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को स्मार्ट सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे नगर निगमों के बाहर के शहरों में भी आधुनिक विकास का लाभ पहुंच सके।

योजना के अंतर्गत 55 नगर पालिका परिषद, 3 नगर पंचायतों तथा दादरी नगर पालिका परिषद को शामिल किया गया है। पहली बार राज्य सरकार ने नगर निगमों से इतर नगरीय निकायों पर फोकस करते हुए उनके समग्र विकास के लिए अलग नीति लागू की है। इस योजना पर अगले 5 वर्षों (2025-26 से 2029-30) में कुल 2916 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हर वर्ष करीब 583.20 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे, जिसे पूरी तरह राज्य सरकार वहन करेगी।

नवयुग पालिका योजना के तहत डिजिटल गवर्नेन्स, ई-सेवाएं और स्मार्ट तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नागरिक सेवाएं अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेंगी। साथ ही सड़कों, जल निकासी, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं का व्यापक उन्नयन किया जाएगा।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि योजना के तहत निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है, ताकि जरूरत के अनुसार विकास कार्य किए जा सकें। इसके अंतर्गत ऑडिटोरियम, उत्सव भवन, प्रदर्शनी केंद्र, पार्कों का विकास और विद्युत व्यवस्था का आधुनिकीकरण जैसे कार्य भी शामिल हैं। परियोजनाओं के चयन के लिए जनपद और राज्य स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी, जो तकनीकी परीक्षण और अनुमोदन के बाद कार्यों को लागू करेंगी।

### ग्रेटर नोएडा में 174 एकड़ में बनेगा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के तहत ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ भूमि पर मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा और 30% फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी उपलब्ध होगी। भूखंड का आवंटन ई-नीलामी मॉडल से किया जाएगा, जिसमें कंपनियां, एलएलपी और साझेदारी फर्म भाग ले सकेंगी। परियोजना के लिए भूमि का रिजर्व प्राइस 11,000 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। चयनित निवेशक को 7 वर्षों में परियोजना पूरी करनी होगी, जिसमें पहले 3 वर्षों में 40% कार्य अनिवार्य होगा। यह लॉजिस्टिक्स पार्क प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने, माल ढुलाई लागत कम करने और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएगा।

# प्रदेश में 'री-यूज वाटर' नीति लागू पेयजल बचाने की बड़ी पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने सेफ री-यूज ट्रीटेड वाटर पॉलिसी को मंजूरी देते हुए जल प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के तहत अब घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधन (ट्रीटमेंट) के बाद दोबारा उपयोग में लाया जाएगा, जिससे पेयजल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके।

प्रदेश में सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के माध्यम से शोधित जल के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नीति के तहत पहले चरण में नगर निकायों के कार्य, निर्माण गतिविधियों, बागवानी और सिंचाई में इस पानी का उपयोग किया जाएगा। दूसरे चरण में इसे उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पीने योग्य पानी की अलग आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल स्वच्छ पेयजल की बचत होगी, बल्कि नदियों और जलाशयों में प्रदूषण भी कम होगा। साथ ही जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और ऊर्जा की खपत में भी कमी आएगी।

**'री-यूज वाटर' नीति की विशेषताएं**

*अपशिष्ट जल को ट्रीट कर दोबारा उपयोग
*एसटीपी और एफएसटीपी के जरिए शोधन
*निर्माण, बागवानी और सिंचाई में उपयोग
*उद्योग और रेलवे तक विस्तार
*ड्यूल पाइप सिस्टम से घरों में अलग सप्लाई
*प्रदूषण में कमी
*जल संरक्षण और ऊर्जा बचत को बढ़ावा

# अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर व मिर्जापुर में लगेंगी यूनिट, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**3540** करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को कैबिनेट से मिली मंजूरी, जल्द जारी होगा लेटर ऑफ कंफर्ट



नंद गोपाल नंदी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 3540 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत प्रदेश के पांच जिलों अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर और मिर्जापुर में सुपर मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के लिए संबंधित कंपनियों को जल्द ही लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वीकृत प्रस्तावों के तहत पक्का लिमिटेड अयोध्या में 676.26 करोड़, गैलेंट इस्पात लिमिटेड गोरखपुर में 765.11 करोड़, रिलायंस सीमेंट कंपनी प्रा. लि. रायबरेली में 550.31 करोड़, डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड फतेहपुर में 776.35 करोड़ और मिर्जापुर में 772.26 करोड़ के निवेश से औद्योगिक इकाइयां स्थापित करेंगी। इसके अलावा कैबिनेट ने जनपद सीतापुर में स्थापित रेडिको खेतान लिमिटेड को 6.88 करोड़ की पूंजीगत सब्सिडी देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

मंत्री नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश का प्रमुख केंद्र बन रहा है। सरकार हर निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और एमओयू को अंतिम रूप तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### औद्योगिक इकाइयों को 566.77 करोड़ की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए 566.77 करोड़ की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति को भी मंजूरी दी है। इसके तहत गोरखपुर की गैलेंट इस्पात लिमिटेड को करीब 244.39 करोड़, जबकि अन्य कंपनियों अंकुर उद्योग, पसवारा पेपर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और अन्य को भी निर्धारित राशि दी जाएगी। इसके अलावा उन्नाव की इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड और गौतमबुद्धनगर की विजन सोर्स एलएलपी को फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी के रूप में भी बड़ी राशि स्वीकृत की गई है।

# प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर विकसित होंगे आधुनिक पार्क

- निजी बिजनेस पार्क योजना से औद्योगिक निवेश को मिलेगी रफ्तार, 45 साल की लीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025 को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत आधुनिक प्लग-एंड-प्ले और रेडी-टू-यूज बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक कंपनियों के कार्यालय, आरएंडडी सेंटर और संचालन इकाइयां स्थापित की जा सकेंगी।

सरकार का मानना है कि तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में निवेश परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ती है। नई योजना इस समस्या को दूर कर विश्वस्तरीय औद्योगिक वातावरण तैयार करेगी, जिससे बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई और स्टार्टअप को भी लाभ मिलेगा। योजना को डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर) मॉडल पर लागू किया जाएगा, जिसमें निजी डेवलपर पार्क का निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगा। प्रत्येक पार्क के लिए कम से कम 10 एकड़ भूमि चिन्हित होगी और इसे 45 वर्ष की लीज पर विकसित किया जाएगा। प्रस्तावों के चयन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

# समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी करें मेट्रो परियोजनाएं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में अग्रणी बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शहरों की अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का माध्यम भी है। उन्होंने परियोजनाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए नए आय स्रोत विकसित करने पर जोर दिया। इसके तहत स्टेशनों पर रिटेल, फूड कोर्ट, मल्टीलेवल पार्किंग, ऑफिस स्पेस और विज्ञापन जैसे विकल्पों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने मेट्रो परियोजनाओं में मल्टी-मोडल और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि यात्रियों को निर्बाध यात्रा सुविधा मिल सके। बैठक में लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। लखनऊ मेट्रो का 23 किमी कॉरिडोर संचालित है और विस्तार 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य है। कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर पर तेजी से काम जारी है और शेष कार्य मार्च 2027 तक पूरा होगा। आगरा मेट्रो के कॉरिडोर-1 को जून 2026 और कॉरिडोर-2 को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मेट्रो सेवाओं के बढ़ते उपयोग से यातायात दबाव कम हुआ है। नॉन-फेयर बॉक्स आय 2024-25 में करीब 222 करोड़ रुपये रही। सीएम ने नियमित मॉनिटरिंग और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए।

# तीन वर्ष में 57 हजार बीमा सखी तैयार करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ग्राम पंचायत में एक बीमा सखी महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचारः** प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने अगले तीन वर्षों में प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में 57 हजार 'बीमा सखी' तैयार करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी और गांव-गांव तक बीमा सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी।

यह पहल भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से संचालित की जा रही है। योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर "बीमा सखी" बनाया जा रहा है, जो ग्राम स्तर पर बीमा उत्पादों का प्रचार-प्रसार और सेवाएं प्रदान करेंगी। प्रशिक्षण के लिए एलआईसी के ट्रेनिंग सेंटरों के सहयोग से जिला स्तर पर कैलेंडर तैयार किया जा रहा है और परीक्षा में असफल अभ्यर्थियों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।

**जनता दर्शन** | मुख्यमंत्री ने दिए अधिकारियों को निर्देश, कहा-जवानों व आमजन की शिकायतें समयसीमा में निपटाएं

# सैनिकों के परिवार की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान और देखभाल सरकार की जिम्मेदारी है।

जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से आए सैनिकों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं, जिनमें कई मामले जमीनी विवाद से जुड़े थे। सीएम योगी ने संबंधित प्रार्थना पत्र लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा और आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए और उनके परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न होने दी जाए।



जनता दर्शन में आए सैनिकों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

इसके अलावा जनता दर्शन में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े कई मामले भी सामने आए। मुख्यमंत्री ने हर प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का निष्पक्ष और नियमानुसार निस्तारण किया जाए। आर्थिक सहायता से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि इलाज के लिए अस्पताल से अनुमान (एस्टिमेट) तैयार कर आवेदन करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का इलाज नहीं रुकेगा, सरकार हर संभव मदद करेगी।

# अखिलेश के हाथ नहीं आएगी सत्ता, सपा पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- केशव मौर्य बोले, अखिलेश यादव जहां जाते हैं, वहीं हार तय



- ब्रजेश पाठक का तंज, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली

**अमृत विचारः** कैबिनेट बैठक के बाद प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। दोनों नेताओं ने साफ कहा कि अखिलेश यादव के हाथ प्रदेश की सत्ता कभी नहीं आएगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस तरह बिहार में उनके प्रचार के बावजूद तेजस्वी यादव चुनाव हार गए, उसी तरह पश्चिम बंगाल में भी अखिलेश के समर्थन से ममता बनर्जी को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश जहां भी जाते हैं, वहां हार तय हो जाती है। मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा का मतलब ही कानून-व्यवस्था को कमजोर करना रहा है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का हाल वही है, सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा था और जनता अब सब कुछ देख चुकी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि मौजूदा सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है। प्रदेश में आधारभूत संरचना मजबूत हुई है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है।



ज्ञान को केवल दिमाग से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, इसे अनुभव से भी प्राप्त किया जाना चाहिए।

**ओशो**, दार्शनिक

## संकट विकट निकट है

तेल, गैस आपूर्ति के सुचारु रहने के आश्वासनों तथा सामान्य पेट्रोल, डीजल के दामों में बढ़ोतरी को कुशलतापूर्वक थामे रहने के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकट संकट निकट आता दिख रहा है। पश्चिमी एशिया में तनाव और युद्ध का चौथा सप्ताह शुरू हो चुका है और युद्ध की तीव्रता मंद पड़ने की बजाय और भी तीव्रतर होती जा रही है। चौथे हफ्ते की शुरुआत ईरान द्वारा इजराइल पर भीषण हमले के जवाब से हुई, जो इजराइल के उसके परमाणु संयंत्र पर आक्रमण का प्रत्युत्तर था। उधर अमेरिका ने धमकी दी है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला गया, तो वह ईरान के तमाम ऊर्जा संयंत्रों, पावर प्लांट को तबाह कर देगा। जवाब में ईरान ने भी अमेरिका को खाड़ी के देशों में उनके खारे पानी को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्रों को भारी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। हजारों किलोमीटर दूर डियागो गार्सिया पर ईरानी मिसाइल हमले के बाद यूरोप भी खौफजदा है, उसे लगता है कि लंदन और बर्लिन भी उसके निशाने पर आ सकते हैं। ब्रिटेन की परमाणु संचालित पनडुब्बी के अरब सागर में उतरने के बाद अब ब्रिटेन भी युद्ध में शामिल हो चुका है। ये सभी ऐसे संकेत हैं, जिससे लगता है कि शायद जंग जल्द खत्म नहीं होगी।

इस बीच डैम कैपिटल एडवाइजर्स की रिपोर्ट की चेतावनी चिंता बढ़ाने वाली है कि खाड़ी क्षेत्र में जारी तनाव और आशंकित व्यवधानों के चलते दुनिया के कई प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। यह संकट यदि दो महीने और चला तो भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक मंदी की शिकार हो सकती है। रिपोर्ट में व्यक्त यह चिंता वाकई काबिले गौर है कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहीं तथा होर्मुज जलडमरूमध्य इसी तरह बाधित रहा, तो देश का राजकोषीय घाटा बुरी तरह बढ़ेगा और सल्फर, हिलियम, मेथेनॉल,एल्यूमीनियम जैसी वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होगी। रसायन, सेमीकंडक्टर तथा उर्वरक निर्माण उद्योग को गहरा धक्का लगेगा। साथ ही कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर भी बहुत बुरा असर दिखेगा। आम उपभोक्ता वस्तुओं के दाम भी बढ़ेंगे। तेल कीमतों की उछाल को नियंत्रित करने के लिए ऑल इंडिया डिस्टलर्स एसोसिएशन द्वारा पेट्रोल के साथ 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण की आपूर्ति की पेशकश और इसे तीस फीसदी तक पहुंचाने की बात हो अथवा एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों और कुकिंग स्टोव के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करना, इस आसन्न संकट से निपटने के बहुत ठोस उपाय नहीं हैं और न ही अमेरिका से एलपीजी तथा रूस से कच्चे तेल लिए भारत पहुंचने वाले कुछ जहाज। अच्छी बात यह है कि भारत सरकार इस संकट के पूर्वानुमानों को लेकर सतर्क है। मंत्रालय ने कच्चे तेल की आपूर्ति के विकल्पों की तरफ देखा है और प्रधानमंत्री ने इस बात की सख्त ताकीद की है कि कालाबाजारी और जमाखोरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने गैस परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के साथ ही उपभोक्ताओं और उद्योगों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने के संकेत दिए। उम्मीद है यह सतर्कता संकट समाधान का स्थायी कारक बनेगी।

### प्रसंगवश

## टीबी: 2026 में भी सिस्टम के लिए चुनौती

ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) आज भी समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। सरकार लगातार नए इनोवेशन, दवा रेजीमेन और प्रोटोकॉल के जरिए ज्यादा से ज्यादा संक्रमित लोगों तक बेहतर इलाज पहुंचाने की कोशिश कर रही है। इसके बावजूद, वर्ष 2030 के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को कई स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को दोबारा शुरू किए जाने के बाद भी सिस्टमिक और सामाजिक बाधाएं बनी हुई हैं, खासकर 2025 के लक्ष्य से पीछे रह जाने के बाद। ज्यादा मरीजों वाले जिलों में व्यापक स्क्रीनिंग की आवश्यकता साफ दिखाई देती है। दूर-दराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच के कारण डायग्नोसिस में देरी होती है, जिससे संक्रमण का फैलाव बढ़ता है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर में कम रिपोर्टिंग भी एक बड़ी समस्या है, क्योंकि कई मरीज सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के दायरे में आ ही नहीं पाते।




डॉ. राजेंद्र प्रसाद

वाइस चेयरमैन नेशनल टीबी टास्क फोर्स


सामाजिक और आर्थिक कारक भी टीबी के प्रसार में अहम भूमिका निभाते हैं। कुपोषण, गरीबी व भीड़भाड़ जैसी परिस्थितियां, खासकर प्रवासी मजदूरों और कमजोर वर्गों में इस बीमारी को बढ़ावा देती हैं। इन चुनौतियों के बीच, पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। यह बदलाव केवल नई योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि टीबी को समझने और उससे निपटने के तरीके में परिवर्तन को दर्शाता है। घर-घर जाकर जांच, कमजोर वर्गों की पहचान व फ्रंटलाइन वर्करों की सक्रिय भागीदारी से मरीजों की समय पर पहचान संभव हो रही है। इसका परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025 में 6.90 लाख टीबी मरीजों की पहचान की गई, जो निर्धारित लक्ष्य 6.75 लाख से अधिक है। डायग्नोसिस और उपचार में तकनीकी प्रगति ने इस अभियान को और मजबूती दी है। एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीनें दूरस्थ क्षेत्रों में संदिग्ध मरीजों की तुरंत पहचान कर रही हैं। मॉलिक्यूलर टेस्टिंग से जांच की सटीकता बढ़ी है, जबकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए छोटे और पूरी तरह मौखिक इलाज ने उपचार अवधि को लगभग दो साल से घटाकर 6-9 महीने कर दिया है। इससे मरीजों में इलाज का पालन बेहतर हुआ है और मृत्यु दर में कमी आई है। प्रिवेंटिव थेरेपी का विस्तार भी खासकर उच्च जोखिम समूहों में संक्रमण को रोकने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

उत्तर प्रदेश में अब तक 1.83 लाख से अधिक निक्षय मित्र पंजीकृत हो चुके हैं। बुलंदशहर जैसे जिलों में संस्थाओं द्वारा सभी टीबी मरीजों को गोद लेने जैसी पहलें भी सामने आई हैं। ग्राम स्तर पर भी व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है। 20,000 से अधिक ग्राम प्रधानों ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में योगदान दिया है और हजारों पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। मोबाइल डायग्नोस्टिक वैन, हैंडहेल्ड एक्स-रे और एआई तकनीक के उपयोग से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। साथ ही, नियमित वल्नरेबिलिटी मैपिंग और एक्टिव केस फाइंडिंग से जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब स्वास्थ्य शिक्षा पर और अधिक जोर देना आवश्यक है। लोगों में जागरूकता बढ़ाकर ही टीबी के प्रति भय और कलंक को खत्म किया जा सकता है। साथ ही, जांच के लिए आवश्यक रीएजेंट और दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। सामुदायिक भागीदारी, तकनीकी नवाचार और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली के संयुक्त प्रयासों से ही भारत को टीबी मुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## युद्ध की तपिश से भारत भी सशंकित







अनिल त्रिगुणायत

लखनऊ


अमेरिका व इजराइल का ईरान के साथ युद्ध अब भयावह हो चला है। विगत 28 फरवरी से ही वे एक दूसरे के सैन्य ठिकानों पर बम बरसा रहे हैं। युद्ध से तीनों देशों के धन-जन को काफी क्षति भी पहुंच रही है। इसकी विभीषिका का प्रभाव विश्व की समेकित ऊर्जा पर पड़ता दिख रहा है। इसके प्रत्यक्ष असर से भारत भी अछूता नहीं है। कच्चे तेल व एलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) का एक बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते भारत के समुद्र तटीय क्षेत्रों में बड़े जहाजों से आता है। होर्मुज ईरान व ओमान के मध्य स्थित करीब 33 किमी का महत्वपूर्ण संकरा समुद्री गलियारा दुनिया के करीब 25 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस के निर्यात का प्रमुख मार्ग है। वर्तमान में भारत के करीब 24 जहाज वहां फंसे हुए हैं। एलपीजी व कच्चे तेल से लदे उक्त जहाज यदि जल्द नहीं आएं तो यहां के विनिर्माण, परिवहन, खाद्य उत्पादन के अलावा ऊर्जा क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय। यहां वस्तुओं की कीमतें तो प्रभावित होंगी ही, उत्पादन व रोजगार पर भी खासा प्रभाव पड़ेगा।

> अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है?

अपनी जरूरत का करीब 89 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करने वाला भारत क्या इससे यथाशीघ्र उबर पाएगा? यक्ष प्रश्न यह भी कि संकट की इस घड़ी में सरकार के साथ प्रत्येक भारतीय अपनी जिम्मेदारी को क्या बखूबी निभा रहा है? अमेरिका की दादागिरी ने समूचे विश्व के आर्थिक तंत्र को झकझोर कर रख दिया है। करीब साढ़े 11 हजार किमी दूर ईरान से भला अमेरिका को किस बात का खतरा है कि वह इजराइल के साथ मिलकर उसे नेस्तनाबूद करने को युद्ध कर रहा? इसे गहराई से जानने के लिए अमेरिका का वेनेजुएला के कच्चे तेल भंडारों पर कब्जा तथा ग्रीनलैंड को हथियाने की उसकी मंशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अमेरिका द्वारा खेला जा रहा तेल का खेल वास्तव में वैश्विक बाजार पर आधिपत्य का ही है। ईरान पर उसका हमला मध्य-एशिया में अमेरिकी प्रभाव में वृद्धि का ही है। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम को इस युद्ध ने कमजोर करने का काम किया है। क्योंकि कच्चे तेल से निर्मित पेट्रोलियम पदार्थों के निर्यात में भारत का स्थान विश्व में चौथा है। यदि इसे सुचारु रूप से कच्चा तेल नहीं मिल पाएगा, तो हमारी रिफाइनरियों का क्या होगा? तेज रफ्तार से बढ़ती हमारी अर्थव्यवस्था क्या गतिमान रह पाएगी? यह आने वाला समय ही बता पाएगा।

हमारे देश के लोग बिना कुछ सोचे-समझे राशनिंग को ढाल बनाने लगते हैं। सामान्य दिनों में यहां एलपीजी की औसत बुकिंग करीब 55 लाख सिलेंडर प्रतिदिन है, लेकिन कुछ गत कुछ दिनों में बुकिंग बढ़कर करीब 76 लाख सिलेंडर प्रतिदिन हो गई। आपदा में अवसर ढूंढने वाले स्वार्थी किस्म के लोगों को क्या यह नहीं समझना चाहिए कि कच्चा तेल और एलपीजी भारत बड़े पैमाने पर आयात करता है? कालाबाजारी से तो उसके ही बंधु-बांधव प्रभावित होंगे। देश में करीब 25 हजार गैस वितरक हैं। जाहिर है, इसमें कुछ राशनिंग को बढ़ावा देने वालों को लाभ देते हों, लेकिन संकटकाल के इस दौर में उन्हें भी ईमानदारी और पारदर्शिता दिखानी होगी। उक्त ईंधनों के असमान वितरण तथा पैनिक पैटर्न से हमें बचना ही होगा।

आम भारतीयों की सुविधा के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गत दिनों नियमित आवंटन से इतर करीब 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसीन का आवंटन कर दिया है। अपनी भूमिका को और सक्रिय करते हुए भारत सरकार के वन मंत्रालय और कोयला मंत्रालय ने भी चुनौती से निपटने को कमर कस ली है। युद्ध की विभीषिका के मध्य सरकार व प्रत्येक भारतीय को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि कच्चे तेल व एलपीजी का हमारे यहां विकल्प क्या हो सकता है? क्योंकि भारत में दोनों ईंधन बहुतायत में आयात किया जाता है। आत्मनिर्भर होकर अपनी ऊर्जा संप्रभुता की सुलभ राह खोजनी होगी। उक्त राह हमारे खेतों, गोशालाओं व हमारी उस परंपरा में छिपी है, जिसे हमने आधुनिकता की आड़ में पीछे धकेल दिया है। हमें अपने उपलब्ध पशुधन का उपयोग कर प्रतिवर्ष 60 हजार करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन बचाना होगा। आंकडे बताते हैं कि देश के पशुधन में 21,924 अरब किलोवाट ऊर्जा प्रतिवर्ष उत्पन्न करने की क्षमता है। अफसोसजनक यह कि हम उसका केवल 25 प्रतिशत भाग ही उपयोग कर पा रहे हैं।

यह भी जान लें कि एक देसी बैल की जोड़ी प्रतिवर्ष 247 लीटर डीजल का स्थान लेती है। पशु अपशिष्ट व कृषि अवशेषों से बायोगैस के रूप में तीन हजार से अधिक टेराजूल प्रतिदिन ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है, जो देश के 55 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्षम है। भारत के करीब 65 प्रतिशत घरों में भोजन बनाने को लकड़ी व उपलों का प्रयोग आज भी किया जाता है। हमारे लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि ऊर्जा की असली सुरक्षा किसी आयात समझौते में नहीं, अपितु अपनी मिट्टी, पेड़-पौधे, जीव-जंतु और अपने पशुधन में है। अपेक्षा यह है कि हम उस 75 प्रतिशत ऊर्जा क्षमता को पहचानें और तेल संपन्न देशों की निर्भरता से पार पाएं। हमें बायोगैस संयंत्रों का भी विस्तार करना होगा। हमें किसानों में भी विश्वास भरना होगा कि भारत की ऊर्जा संप्रभुता उसके अपने खेतों में ही है। युद्ध ने हमें सशंकित तो किया है, तो आ अब लौट चलें... की तर्ज पर हम अपनी परंपरागत ऊर्जा का पूर्व की भांति उत्पादन करें। इसका संरक्षण कर आत्मनिर्भर बनें। ऐसा कर लेने के पश्चात न तो हम अमेरिका, रूस, ईरान पर निर्भर रहेंगे न ही वैश्विक युद्ध से सशंकित।

### आमने सामने



भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से कितनी भी बाधाएं लगाए, कुछ भी कर ले, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को ही चुनेगी। पश्चिम बंगाल में हर स्तर पर ममता बनर्जी ने काम किया है। ऐसे में ममता की ही सरकार वहां फिर से बनेगी।

**-अखिलेश यादव,** पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



अखिलेश यादव तो बिहार में तेजस्वी यादव को भी जिता रहे थे और अब वैसे ही वे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को जिता रहे हैं। जिस तरह अखिलेश यादव के प्रचार के कारण तेजस्वी यादव हारे थे, अब वैसे ही ममता बनर्जी भी चुनाव हारेंगी।

**-केशव प्रसाद मौर्य** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## युद्ध के बीच भारत में ऊर्जा आपूर्ति पर्याप्त व सुरक्षित




राजीव जैन

पूर्व महानिदेशक पीआईबी, नई दिल्ली


पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बाधाओं ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को गहरे संकट में डाल दिया है। यह वही समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के बड़े हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। हालात इतने गंभीर हैं कि एशिया के कई देशों में ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है और कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और उसका एक बड़ा भाग इसी मार्ग से आता है। इसके बावजूद, भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता व्यापक स्तर पर सामान्य बनी हुई है। यह स्थिति किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सक्रिय कूटनीति और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कुशल प्रबंधन का परिणाम है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है।

कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया। सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में ऊर्जा आपूर्ति "पर्याप्त और सुरक्षित" है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। भारत की ऊर्जा नीति का सबसे मजबूत आधार है स्रोतों का विविधीकरण। आज हमारा देश केवल खाड़ी देशों पर निर्भर नहीं है, बल्कि रूस, अमेरिका, ब्राजील और अफ्रीका के कई देशों से तेल आयात कर रहा है। हाल के घटनाक्रम में यह भी देखा गया कि रूस और अन्य वैकल्पिक स्रोतों से आयात बढ़ाकर भारत ने आपूर्ति संतुलन बनाए रखा। सरकार के प्रयासों से अब लगभग 70 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर के मार्गों से किया जा रहा है, जिससे जोखिम काफी कम हुआ है। मजबूत भंडार और मजबूत रिफाइनिंग क्षमता के कारण भारत ने इस संकट से पहले ही अपनी रणनीतिक तैयारी मजबूत कर ली थी। देश के पास कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं, जो अल्पकालिक झटकों को संभालने में सक्षम हैं। साथ ही, भारत की मजबूत रिफाइनिंग क्षमता जो दुनिया में अग्रणी है, घरेलू मांग को पूरा करने के साथ अतिरिक्त उत्पादन की भी क्षमता रखती है। संकट के दौरान सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें तेल कंपनियों को घरेलू मांग को प्राथमिकता देने के निर्देश, रिफाइनरियों को अधिकतम उत्पादन बढ़ाने के आदेश के अलावा एलपीजी आपूर्ति को घरेलू उपयोग के लिए प्राथमिकता देना तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए डेटा साझा करने की व्यवस्था की गई है। इन कदमों से यह सुनिश्चित हुआ कि संकट का असर आम नागरिक तक न्यूनतम पहुंचे। रसोई गैस की कोई परेशानी आम आदमी को कतई न होने पाए इसका व्यापक प्रबंध किया गया है।

> कई देशों को आपूर्ति संकट और कीमतों के झटके झेलने पड़े हैं, लेकिन भारत ने समय रहते अपने आयात स्रोतों और आपूर्ति श्रृंखला को पुनर्संतुलित किया।

पीएम मोदी ने गत दिनों कहा भी था कि भारत में एलपीजी की स्थिति को लेकर दहशत फैलाने वालों से देशवासियों को सतर्क रहना चाहिए। झूठी सूचना फैलाने वाले न केवल जनता के सामने अपनी पोल खोल रहे हैं, बल्कि देश को भी नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे ऐसे समय में कालाबाजारियों और जमाखोरों को रोकने के लिए अपनी निगरानी सख्त कर दें। इसी बीच सरकार की ओर से घोषणा की गई है कि राज्यों को एलपीजी के विकल्प के रूप में 48 हजार किलोलीटर अतिरिक्त केरोसिन आवंटित कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों के लिए दो एलपीजी सिलेंडर बुक करने के बीच की अंतरिम अवधि 25 दिन ही रहेगी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इसे बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है। एलपीजी के मोर्चे पर स्थिति सबसे चुनौतीपूर्ण रही, क्योंकि भारत अपनी बड़ी आवश्यकता आयात से पूरी करता है। फिर भी सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी, औद्योगिक उपयोग में अस्थायी कटौती की और वैकल्पिक आयात बढ़ाकर आपूर्ति संतुलित रखी। मूल्य स्थिरता से आम उपभोक्ता को राहत दी गई है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखने का प्रयास किया गया। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा। पीएम मोदी ने बार-बार स्पष्ट किया है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है।

इसी दृष्टिकोण के तहत भारत ने तीन प्रमुख स्तंभों पर काम किया। पहला, आपूर्ति का विविधीकरण, दूसरा रणनीतिक भंडारण तथा तीसरा वैकल्पिक ऊर्जा इथेनॉल व गैस आधारित वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था। जब दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, भारत ने संतुलित नीति, समयबद्ध निर्णय और मजबूत प्रशासनिक समन्वय के जरिए स्थिति को संभाला है। उक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि यदि नेतृत्व स्पष्ट हो, नीति दूरदर्शी हो और निर्णय समय पर लिए जाएं, तो सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों को भी प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने यह सिद्ध किया है कि संकट के समय भी आम नागरिक का हित सर्वोच्च प्राथमिकता रह सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## युद्ध का परिणाम

युद्ध जीवन और प्रकृति का विनाश कर रहा है, चारों ओर आग की लपटें और धुआं हैं, चारों ओर हाहाकार हो रहा है, लेकिन तृष्णा का अंत अभी भी नहीं दिख रहा है, संसार के नेता टुकुर-टुकुर देख रहे हैं, विश्वजनमत सो रहा है, संयुक्त राष्ट्र की भावना मूर्च्छित है। सभ्यता हार रही है और बर्बरता जीत रही है। विवेक सो रहा है और अविवेक का नशा सिर पर चढ़ गया है। महायुद्ध नहीं है, किंतु जो विध्वंस प्रतिदिन हो रहा है, वह कुछ कम नहीं है। यह कहीं पर से भी विश्व के कल्याण के लिए सही नहीं ठहराया जा सकता है।




डॉ. राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी

वरिष्ठ लेखक


यह सब जो हो रहा है, वह एकाएक नहीं हो रहा है, इसका कारण संसार की वह राजनीति है, जो अभी तक अंदर ही अंदर चल रही थी और अभी भी चल रही है, यह अंदर ही अंदर सुलगने वाली उस राजनीति का विस्फोट है। भले ही वह मजहबी उन्माद की राजनीति हो या आर्थिक साम्राज्यवाद की राजनीति हो। मजहबी आतंक कट्टरता और संकीर्णता की संतान है, तो बाजारवाद, आर्थिक साम्राज्यवाद का आतंक तृष्णा और प्रभुता का विस्फोट है, वह इंसान और प्रकृति दोनों एको कच्चा माल समझता है। अभिमान का कैसा मद है कि वह कह रहा है कि इस देश का नाम दुनिया के नक्शे से मिटा देंगे। पर्यावरण प्रदूषण का संकट इसी अविवेक और जड़ता का परिणाम है, जिसकी वजह से जलवायु परिवर्तन देखने को मिल रहा है। राजनीति का पतन हुआ है कि वह दायरों को देख रही है, किंतु मनुष्य को नहीं देख पा रही है। दुष्ट प्रकृति के लोग युद्ध में भी व्यक्तिगत स्वार्थ या लाभ देख रहे हैं। वे लोग युद्ध से भी मुनाफा कमाएंगे। यदि ऐसा न होता, तो शायद युद्ध ही न होता और यदि युद्ध होता, तो अब तक युद्ध के विरुद्ध जनमत खड़ा हो जाता।

यह सही है कि तकनीकी और विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है, मौसम की सटीक भविष्यवाणी प्रतिदिन आ जाती है, अब कोई तकनीकी और विज्ञान संसार के राजनेताओं को इस युद्ध का परिणाम समझा सके तो बहुत अच्छी बात होगी। युद्ध में हारने वाला तो हारेगा ही, जीतने वाला भी हारेगा, किंतु सबसे बड़ी हार तो मनुष्य और मनुष्यता की होगी। सामान्य जन की जिंदगी और अधिक कठिन हो जाएगी।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## वैश्विक शक्ति के रूप में उभरता ईरान

अमेरिका और इजराइल के ईरान के विरुद्ध जारी युद्ध को 24 दिन पूरे हो चुके हैं। जैसे-जैसे यह संघर्ष आगे बढ़ रहा है, ईरान की शक्ति के विविध आयाम स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। इस जंग में ईरान कूटनीतिक, सैनिक, भू-राजनीतिक तथा तकनीकी स्तर पर अमेरिका और इजराइल की अपेक्षाओं के विपरीत अधिक प्रभावशाली दिखाई दे रहा है। अमेरिकी हवाई हमलों और बमबारी के जवाब में ईरान ने पूरे मध्य-पूर्व में अमेरिकी ठिकानों, तेल-गैस रिफाइनरियों और आधारभूत ढांचे को निशाना बनाया है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा है।

ईरान की आक्रामक सैन्य और मिसाइल क्षमता यह संकेत देती है कि उसके पास अत्याधुनिक हथियारों का भंडार और उन्नत तकनीक मौजूद है। उसकी मिसाइलों की मारक क्षमता लगातार बढ़ती दिख रही है। तेहरान से हजारों किलोमीटर दूर तक हमले की क्षमता प्रदर्शित कर उसने यह स्पष्ट किया है कि उसकी पहुंच यूरोप तक हो सकती है। यह केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती देने का संकेत भी है। रणनीतिक दृष्टि से होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान का सबसे बड़ा हथियार बनकर उभरा है। इस मार्ग पर उसकी पकड़ ने विश्व शक्तियों को यह अहसास कराया है कि ऊर्जा आपूर्ति के प्रमुख मार्गों पर नियंत्रण कितना निर्णायक हो सकता है। तेल और गैस के परिवहन में बाधा आने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है और इसका असर आम नागरिकों के दैनिक जीवन तक पहुंच रहा है।




बीना नयाल

शिक्षिका, हल्द्वानी


यह संघर्ष भले ही ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच है, लेकिन इसकी तपिश पूरी दुनिया महसूस कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विभिन्न देशों के रुख से भी यह स्पष्ट है कि वे प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल होने से बचना चाहते हैं। कई राष्ट्र मध्यस्थता की भूमिका निभाने के लिए सक्रिय हैं, क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। युद्ध के चलते ईरान अब एक मजबूत सौदेबाजी की स्थिति में पहुंचता दिखाई दे रहा है। उस पर लगे आर्थिक और सैन्य प्रतिबंधों को हटाने की दिशा में परिस्थितियां उसके पक्ष में बन रही हैं। साथ ही, तेल व्यापार को वैकल्पिक मुद्राओं में करने की उसकी रणनीति वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, विशेषकर डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देती है। इससे अमेरिका की आर्थिक और कूटनीतिक स्थिति पर दबाव बढ़ सकता है। इस युद्ध ने यह भी दिखाया है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों का नहीं, बल्कि आर्थिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक शक्ति का भी होता है। लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और कई देशों की विकास यात्रा को पीछे धकेल सकता है। वर्तमान परिस्थितियों में दोनों पक्षों का कठोर रुख युद्धविराम की संभावनाओं को जटिल बना रहा है। स्थिति यदि और बिगड़ती है, तो यह संघर्ष व्यापक और विनाशकारी रूप ले सकता है। ऐसे में केवल वही देश प्रभावी मध्यस्थ बन सकते हैं, जिनकी विदेश नीति संतुलित, विश्वसनीय और शांति पर आधारित रही है। यह युद्ध केवल भू-राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान, रणनीतिक हितों और वैश्विक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला, तो इसके परिणाम दूरगामी और अत्यंत गंभीर हो सकते हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

बरेली की आध्यात्मिक पहचान जिन कुछ प्राचीन तीर्थस्थलों से निर्मित होती है, उनमें धोपेश्वर नाथ मंदिर का स्थान अत्यंत विशिष्ट, प्राचीन और श्रद्धा से परिपूर्ण है। यह केवल एक शिव मंदिर नहीं, बल्कि समय, साधना, लोकआस्था, इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत केंद्र है। इस मंदिर के प्रांगण में प्रवेश करते ही एक ऐसा अनुभव होता है मानो अनेक शताब्दियों की आराधना आज भी वातावरण में स्पंदित हो रही हों। मंदिर की घंटियों की ध्वनि, शिवलिंग पर निरंतर चढ़ता जल, धूप की सुगंध, प्राचीन वृक्षों की छाया और भक्तों की मौन प्रार्थनाएं इस स्थल को एक अद्वितीय दिव्यता प्रदान करती हैं। धोपेश्वर नाथ केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि बरेली की आत्मा में बसने वाला वह आध्यात्मिक केंद्र है, जहां पीढ़ियां अपनी आशा, आस्था और भावनाएं समर्पित करती रही हैं।



डॉ. तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी



## मंदिर से जुड़ी कथा

धोपेश्वर नाथ मंदिर से जुड़ी एक अत्यंत भावनात्मक कथा केदार नाथ टंडन की भी है, जो आज भी भक्तों में श्रद्धा से सुनाई जाती है। वे एक साधारण मुनीम थे, जो प्रतिदिन मंदिर आकर भगवान शिव के समक्ष अपनी जीवन की कठिनाइयां रखते थे। एक दिन एक संत ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनकी भक्ति शीघ्र ही उन्हें सामान्य जीवन से उठाकर समृद्धि के उच्च स्तर पर ले जाएगी। कुछ समय बाद उन्हें असम जाकर व्यापार प्रारंभ करने का अवसर मिला। वहां वे अत्यंत सफल हुए, किंतु समृद्धि के बीच भी उनका मन धोपेश्वर नाथ से जुड़ा रहा। वे प्रत्येक श्रावण मास में बरेली आकर दर्शन करते, दान देते, भंडारा कराते और अंततः असम में भी धोपेश्वर नाथ नाम से शिवलिंग स्थापित कर मंदिर बनवाया। यह कथा आज भी इस मंदिर को "जीवन बदलने वाली कृपा" के रूप में प्रतिष्ठित करती है।

# धोपेश्वर नाथ मंदिर

## ऐतिहासिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम



## जीवित विश्वास का मंदिर

वर्तमान समय में स्थानीय प्रशासनिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता बढ़ी है। डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बरेली छावनी, द्वारा आसपास के सांस्कृतिक और विरासत-संबद्ध स्थलों को गरिमा और स्वच्छता के साथ विकसित करने की दृष्टि इस व्यापक विरासत चेतना से जुड़ती है। यह समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है कि किसी मंदिर की पवित्रता केवल उसके गर्भगृह तक सीमित नहीं होती, उसके आसपास का वातावरण, स्वच्छता, हरियाली और सार्वजनिक गरिमा भी उसकी आध्यात्मिक अनुभूति को गहरा करती है। धोपेश्वर नाथ मंदिर आज केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की जीवंत आस्था और भविष्य की सांस्कृतिक दिशा है। यहां द्रौपदी की मौन प्रार्थना की कल्पना है, ऋषियों की तपस्या है, नाथ संतों की साधना है, साधारण भक्तों की बदली हुई नियति है, प्राचीन मूर्तियों की मौन गवाही है और आधुनिक समय की नई आध्यात्मिक पुनर्स्थापना की संभावना है। जब कोई भक्त शिवलिंग के सामने खड़ा होकर जल अर्पित करता है, तब वह केवल पूजा नहीं करता-वह स्वयं को शताब्दियों पुरानी उस आस्था से जोड़ देता है, जो पीढ़ियों से यहां प्रवाहित हो रही है। यही धोपेश्वर नाथ की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि जीवित विश्वास का मंदिर है।



### पांचाल भूभाग का हिस्सा

स्थानीय परंपराओं और जनश्रुतियों के अनुसार इस मंदिर की पौराणिक जड़ें प्राचीन पांचाल राज्य से जुड़ी मानी जाती हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र महाभारत कालीन पांचाल भूभाग का हिस्सा माना जाता है, जहां राजा द्रुपद का राज्य था और जहां से उनकी पुत्री द्रौपदी का गौरवशाली इतिहास जुड़ता है। लोकमान्यता है कि अपने जीवन के संघर्षपूर्ण समय में द्रौपदी ने इस क्षेत्र में स्थित शिवस्थलों पर भगवान शिव की उपासना की थी और धोपेश्वर नाथ में जल, पुष्प और श्रद्धा अर्पित कर अपने जीवन के लिए शक्ति, संरक्षण और न्याय की प्रार्थना की थी। यह कथा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि स्त्री-शक्ति, धैर्य और आंतरिक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुकी है। आज भी अनेक महिलाएं यहां आकर यह अनुभव करती हैं कि द्रौपदी की भांति यहां की प्रार्थना जीवन को संबल देती है। धोपेश्वर नाथ इस दृष्टि से वह स्थल बन जाता है, जहां शिव केवल देवता नहीं, बल्कि पीड़ा को सुनने वाले करुणामय साक्षी बन जाते हैं।

### नाथ परंपरा

मंदिर की प्राचीनता को स्थानीय स्तर पर प्राप्त कुछ पुरातात्विक संकेत भी पुष्ट करते हैं। मंदिर परिसर और उसके आसपास समय-समय पर प्राचीन शिलाखंड, पुरानी मूर्तियों के अवशेष तथा पत्थर पर उत्कीर्ण आकृतियां प्राप्त होने की बातें स्थानीय लोगों द्वारा कही जाती रही हैं। इन अवशेषों की शैली यह संकेत देती है कि यह क्षेत्र संभवतः किसी प्राचीन मंदिर समूह अथवा आध्यात्मिक संरचना का भाग रहा होगा। यद्यपि इस क्षेत्र में व्यापक वैज्ञानिक उत्खनन सीमित है तथापि स्थानीय स्मृतियों में सुरक्षित ये पुरातात्विक चिह्न यह बताते हैं कि धोपेश्वर नाथ की आराधना केवल कुछ पीढ़ियों पुरानी नहीं, बल्कि अनेक कालखंडों को पार करती हुई वर्तमान तक पहुंची है। धोपेश्वर नाथ का महत्व केवल पौराणिक नहीं, बल्कि नाथ परंपरा के कारण भी अत्यंत विशिष्ट है। बरेली क्षेत्र लंबे समय से साधना, योग और तपस्या की भूमि माना जाता रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार यहां धूम्र ऋषि जैसे महात्माओं ने तप किया और बाद में उनके शिष्यों ने इस क्षेत्र को साधना-केंद्र के रूप में विकसित किया। जहां आज आर. एन. टैगोर इंटर कॉलेज स्थित है, उस क्षेत्र को भी कभी ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। कहा जाता है कि यहां आश्रम थे, जहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा और अनुशासन ग्रहण करने आते थे। साधना और शिक्षा का यह अद्भुत संगम इस क्षेत्र को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाता है।



### बाबा हरदेव तालाब

स्थानीय परंपरा में बाबा हरिहर देव का उल्लेख विशेष श्रद्धा से किया जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने अपने गुरु की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यहां एक विशाल आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। विद्यार्थियों के लिए तालाब बनवाया गया, जिसके चारों ओर 108 पीपल के वृक्ष लगाए गए। यह तालाब आज भी बाबा हरदेव तालाब के रूप में स्मृतियों में जीवित है। इसके आसपास आम, अमरूद, कटहल, जामुन, अंजीर, केला आदि के वृक्ष लगाए गए, जिससे यह क्षेत्र प्रकृति और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम बन गया। यह बताता है कि यहां केवल पूजा नहीं होती थी, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने की व्यवस्था भी थी।

### नाथ नगरी कॉरिडोर

वर्तमान समय में धोपेश्वर नाथ मंदिर बरेली के सबसे सक्रिय आध्यात्मिक केंद्रों में से एक है। महाशिवरात्रि और श्रावण मास में यहां विशाल जनसमूह उमड़ता है। भक्त दूर-दूर से गंगाजल लेकर आते हैं। मंदिर परिसर में "हर हर महादेव" की गूंज, शिव स्तुति, रुद्राभिषेक और भक्ति का प्रवाह वातावरण को अत्यंत दिव्य बना देता है। अनेक परिवार पीढ़ियों से यहां आकर अपने बच्चों को भी इस परंपरा से जोड़ते हैं। हाल के वर्षों में मंदिर का महत्व और अधिक बढ़ा है, क्योंकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों को समग्र विकास से जोड़ने का प्रयास हुआ है। इसी क्रम में बरेली के लिए नाथ नगरी कॉरिडोर की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण बनकर उभरी है। इस कॉरिडोर का उद्देश्य केवल मंदिर तक पहुंच बनाना नहीं, बल्कि नाथ परंपरा से जुड़े प्रमुख स्थलों, मंदिरों, प्राचीन तालाबों, मार्गों और सांस्कृतिक बिंदुओं को एक समग्र आध्यात्मिक धारा में जोड़ना है। नाथ नगरी कॉरिडोर के अंतर्गत धोपेश्वर नाथ मंदिर का विशेष स्थान माना जा रहा है, क्योंकि यह बरेली की प्राचीन शिव परंपरा का केंद्रीय स्थल है। यदि यह परियोजना पूर्ण रूप से विकसित होती है, तो मंदिर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, पारंपरिक शैली की प्रकाश व्यवस्था, तीर्थयात्री सुविधाएं, विरासत-उन्मुख मार्ग, सांस्कृतिक सूचना पट्ट और पर्यावरणीय संरक्षण जैसे अनेक कार्य संभव होंगे। इससे बरेली की आध्यात्मिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त होगी।




---

**पौराणिक कथा**

## श्रीकृष्ण के प्रेम में दीवानी मीराबाई

भारत का राजस्थान प्रांत वीरों की खान कहा जाता है, पर इस भूमि को श्रीकृष्ण के प्रेम में अपना तन-मन और राजमहलों के सुखों को ठोकर मारने वाली मीराबाई ने भी अपनी चरण रज से पवित्र किया है। हिन्दी साहित्य में रसपूर्ण भजनों को जन्म देने का श्रेय मीरा को ही है। साधुओं की संगत और एकतारा बजाते हुए भजन गाना ही उनकी साधना थी। मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई.. गाकर मीरा ने स्वयं को अमर कर लिया। मीरा का जन्म मेड़ता के राव रत्नसिंह के घर 23 मार्च, 1498 को हुआ था। जब मीरा तीन साल की थी, तब उनके पिता का और दस साल की होने पर माता का देहांत हो गया। जब मीरा बहुत छोटी थी, तो एक विवाह के अवसर पर उसने अपनी मां से पूछा कि मेरा पति कौन है? माता ने हंसी में श्रीकृष्ण की प्रतिमा की ओर इशारा कर कहा कि यही तेरे पति हैं। भोली मीरा ने इसे ही सच मानकर श्रीकृष्ण को अपने मन-मंदिर में बैठा लिया।



माता और पिता की छत्रछाया सिर पर से उठ जाने के बाद मीरा अपने दादा राव दूदाजी के पास रहने लगीं। उनकी आयु की बालिकाएं जब खेलती थीं, तब मीरा श्रीकृष्ण की प्रतिमा के सम्मुख बैठी उनसे बात करती रहती थी। कुछ समय बाद उसके दादा जी भी स्वर्गवासी हो गए। अब राव वीरमदेव गद्दी पर बैठे। उन्होंने मीरा का विवाह चित्तौड़ के प्रतापी राजा राणा सांगा के बड़े पुत्र भोजराज से कर दिया। इस प्रकार मीरा ससुराल आ गई, पर अपने साथ वह अपने इष्टदेव श्रीकृष्ण की प्रतिमा लाना नहीं भूली। मीरा की श्रीकृष्ण भक्ति और वैवाहिक जीवन सुखपूर्वक बीत रहा था। राजा भोज भी प्रसन्न थे, पर दुर्भाग्यवश विवाह के दस साल बाद राजा भोजराज का देहांत हो गया। अब तो मीरा पूरी तरह श्रीकृष्ण को समर्पित हो गईं। उनकी भक्ति की चर्चा सर्वत्र फैल गई। दूर-दूर से लोग उनके दर्शन को आने लगे। पैरों में घुंघरू बांध कर नाचते हुए मीरा प्राय: अपनी सुधबुध खो देती थीं। मीरा की सास, ननद और राणा विक्रमाजीत को यह पसंद नहीं था। राज-परिवार की पुत्रवधू इस प्रकार बेसुध होकर आम लोगों के बीच नाचे और गाए, यह उनकी प्रतिष्ठा के विरुद्ध था। उन्होंने मीरा को समझाने का प्रयास किया, पर वह तो सांसारिक मान-सम्मान से ऊपर उठ चुकी थीं। उनकी गतिविधियों में कोई अंतर नहीं आया। अंतत: राणा ने उनके लिए विष का प्याला श्रीकृष्ण का प्रसाद कहकर भेजा। मीरा ने उसे पी लिया, पर सब हैरान रह गए, जब उसका मीरा पर कुछ असर नहीं हुआ। राणा का क्रोध और बढ़ गया। उन्होंने एक काला नाग पिटारी में रखकर मीरा के पास भेजा, पर वह नाग भी फूलों की माला बन गया। अब मीरा समझ गई कि उन्हें मेवाड़ छोड़ देना चाहिए। अत: वह पहले मथुरा-वृंदावन और फिर द्वारका आ गईं। इसके बाद चित्तौड़ पर अनेक विपत्तियां आईं। राणा के हाथ से राजपाट निकल गया और युद्ध में उनकी मृत्यु हो गई।

यह देखकर मेवाड़ के लोग उन्हें वापस लाने के लिए द्वारका गए। मीरा आना तो नहीं चाहती थी, पर जनता का आग्रह वे टाल नहीं सकीं। वे विदा लेने के लिए रणछोड़ मंदिर में गईं, पर पूजा में वे इतनी तल्लीन हो गईं कि वहीं उनका शरीर छूट गया। इस प्रकार 1573 ई. में द्वारका में ही श्रीकृष्ण की दीवानी मीरा ने अपनी देहलीला समाप्त की।



सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्य भूषण, बरेली

---

## मां नंदादेवी भक्तों को सपने में देती हैं दर्शन

अल्मोड़ा में स्थित मां नंदा देवी का पावन मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। यहां स्थापित मां नंदा देवी को शैलपुत्री का रूप माना जाता है। अल्मोड़ा की नंदा देवी चंद वंश राजाओं की कुलदेवी हैं, जो आज भी अपने भक्तों को सपने में दर्शन देती हैं और उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। पुजारी तारा दत्त जोशी बताते हैं कि यह मंदिर प्राचीन काल का है और माता की मूर्ति की स्थापना इस प्रांगण में करीब 200 साल पहले की गई थी। इससे पहले नंदा देवी को मल्ला महल में पूजा जाता था। उसके बाद इस प्रांगण में माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तब से लेकर आज तक यहां माता की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में हर महीने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के द्वारा यह भी कहा जाता है कि माता ने उन्हें सपने में आकर दर्शन दिए, जिसके बाद वह इस मंदिर तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि चंद वंशज राज परिवार मां नंदादेवी को अपनी कुल देवी के रूप में पूजन करते है।

*-रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

### 200 अशर्फियों को गलाकर हुई मंदिर की स्थापना

नंदादेवी मंदिर समिति संयोजक अर्जुन बिष्ट ने बताया कि 1670 में बाज बहादुर चंद बधानगढ़ से नंदादेवी की स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए थे। 1699 में राजा ज्ञानचंद भी बधानकोट से एक स्वर्ण प्रतिमा अल्मोड़ा लाए। 1710 में राजा जगत चंद को बधानकोट विजय के अवसर पर नंदादेवी की प्रतिमा प्राप्त नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने खजाने से 200 अशर्फियों को गलाकर नंदादेवी की प्रतिमा का निर्माण कराया और इन्हें मल्ला महल स्थित नंदादेवी मंदिर में प्रतिष्ठित कराया। जिस परिसर में वर्तमान नंदादेवी मंदिर स्थित है, वहां पर 1690-91 में तत्कालीन नरेश उद्योत चंद ने दो शिव मंदिर उद्योत चंद्रेश्वर और पार्वती चंद्रेश्वर बनाए। अंग्रेजी शासनकाल में 1815 में तत्कालीन कमिश्नर ट्रेल ने उन्हें उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर में रखवा दिया। इसके बाद कमिश्नर ट्रेल उनकी आंखों की रोशनी अचानक काफी कम हो गई। कुछ लोगों की सलाह पर उन्होंने अल्मोड़ा आकर 1816 में नंदादेवी का मंदिर बनवाकर (वर्तमान मंदिर) वहां नंदादेवी की मूर्ति स्थापित कराई। उसके बाद उनके आंखों की रोशनी लौट आई।



### मंदिरों में खजुराहो कलाकृति

नंदादेवी मंदिर अल्मोड़ा की मंदिर की निर्माण शैली भी काफी पुरानी है। यहां उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर की स्थापना 17 वीं शताब्दी के अंत में मानी जाती है। उद्योत चंद्रेश्वर मंदिर के ऊपरी हिस्से में एक लकड़ी का छज्जा है। मंदिर में बनी कलाकृति खजुराहो मंदिरों की तर्ज पर है। ये मंदिर संरक्षित श्रेणी में शामिल हैं।



### चंद वंशज करते हैं तांत्रिक पूजा

अल्मोड़ा में मां नंदा की पूजा-अर्चना तारा शक्ति के रूप में तांत्रिक विधि से करने की परंपरा है। पहले से ही विशेष तांत्रिक पूजा चंद शासक व उनके परिवार के सदस्य करते आए हैं। वर्तमान में चंद वंशज नैनीताल के पूर्व सांसद स्व. केसी सिंह बाबा का परिवार राजा के रूप में पूजा में बैठते हैं।

---

**बोधकथा**

## लालच का अंत

एक समय की बात है, एक छोटे से गांव में रामू नाम का किसान रहता था। वह बहुत मेहनती था, लेकिन उसकी एक बुरी आदत थी-उसे हमेशा और अधिक पाने की लालसा रहती थी, जो उसके पास था, उससे वह कभी संतुष्ट नहीं होता था। एक दिन खेत में काम करते हुए उसे जमीन के अंदर एक चमकती हुई सोने की मूर्ति मिली।




रामू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने सोचा, "अब तो मेरी किस्मत बदल गई।" वह मूर्ति को घर ले आया और उसे बेचकर बहुत सारा धन कमा लिया। अब उसके पास अच्छे कपड़े, बड़ा घर और ढेर सारी सुविधाएं थीं, लेकिन कुछ ही दिनों में उसका मन फिर असंतुष्ट हो गया। उसने सोचा, "अगर मुझे एक मूर्ति मिल सकती है, तो और भी मिल सकती हैं।" लालच में आकर वह रोज अपने खेत की खुदाई करने लगा। वह खेती पर ध्यान देना भूल गया।

दिन बीतते गए, खेत बर्बाद हो गया, फसल नष्ट हो गई और घर का खर्च भी बढ़ता गया, जो पैसा उसने मूर्ति से कमाया था, वह धीरे-धीरे खत्म होने लगा। अब रामू के पास न खेत बचा, न पैसा। एक दिन वह थककर बैठ गया और सोचने लगा, "मैंने क्या खो दिया?" तभी उसके गांव का एक बुजुर्ग उसके पास आया और बोला, "रामू, प्रकृति ने तुम्हें मेहनत से कमाने का रास्ता दिया था, लेकिन तुमने लालच में आकर उसे छोड़ दिया।" रामू को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने फिर से अपने खेत को संवारना शुरू किया, मेहनत की और धीरे-धीरे उसकी हालत सुधरने लगी। अब उसने तय कर लिया कि वह जो मिलेगा, उसमें संतोष रखेगा और मेहनत से ही आगे बढ़ेगा। कथा से सीख मिलती है कि लालच इंसान को उसके मूल रास्ते से भटका देता है। सच्ची सफलता मेहनत और संतोष में ही छिपी होती है।

---


# मर्यादा, करुणा और आदर्श के शाश्वत प्रतीक श्रीराम

गोस्वामी जी ने लिखा है- विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। उल्लेख मिलता है कि इक्ष्वाकु वंशीय, अयोध्या के चक्रवर्ती राजा दशरथ ने चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ किया, जिसके फलस्वरूप श्रीहरि के सातवें अवतार के रूप में श्रीरामचंद्र उनको पुत्र-रूप में प्राप्त हुए। एक मां के ममत्व की दृष्टि से रानी कौशल्या ने प्रगट हुए श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर अनुरोध किया कि आप मेरे गर्भ से जन्म लेकर शिशु-लीला कीजिए। मेरे वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता तो आपके बालरूप में ही प्राप्त होगी। इस संदर्भ में कौशल्या सहित अन्य समस्त नारी समाज के लिए भी यह अवसर उसके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और सार्थकता प्रदान करने वाला होता है, जब वह मां बनती हैं। तदनंतर श्रीहरि कौशल्या के गोद में नवजात शिशु की भांति चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी, पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्तबेला में जन्म लेते हैं। यही दिन चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है।



रामकथा में वनवास- प्रसंग को मूलतः संसारी जीवों के अनेक उतार-चढ़ाव, उथल-पुथल और झंझावातों के बीच से संतुलन बनाकर निकलने के सांकेतिक निष्कर्ष के रूप में ही ग्रहण करना चाहिए, जिसे प्रभु राम भरपूर, सानंद जीते हैं तथा 14 वर्ष के दीर्घ अंतराल तक तापस-वेष में जंगल-जंगल घूमने वाले श्रीराम स्वयं में इस यथार्थ के प्रतीक हैं कि अपने-अपने हिस्से का वनवास तो सबको स्वयं ही काटना पड़ेगा। अपने हालात पर किसी को दोष न देना और सत्साहस से उसका मुकाबला करते हुए परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेने का सबक उन्हीं से सीखना चाहिए। कंटकाकीर्ण पथ पर आम और खास सब एक समान हैं। अपने कर्म व प्रारब्ध की गति पर पर सभी को तैयार रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो।

रामजी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण व ग्रहणीय पक्ष यही है कि आप जीवन को दीन-दुखियों, जरूरतमंदों और हाशिये पर जी रहे लाखों लोगों के लिए प्रेरक कैसे बन सकते हैं। उनको मुख्यधारा में लाकर सम्मानित जीवन का उजाला कैसे प्रदान कर सकते हैं। श्रीराम ने चौदह वर्ष के जंगल-प्रवास को इसी संकल्प के साथ जिया। चाहे वह केवटराज को अपने स्नेह से अत्यंत प्रिय बना लेना हो, चाहे जनम-जनम से हरिदर्शन की भूखी एकनिष्ठ स्नेही-शबरी की कुटिया में जाकर उनके जूठे बैर खाना हो या वानर जाति, जो एक से दूसरी शाखा पर उछलकूद करके जीवन गुजार देते हैं, उनसे मैत्री कर भार्या सीता की खोज व प्राप्ति का पूरा श्रेय उन्हें देने का हो। श्रीराम की यह भिन्न-भिन्न गुण, धर्म, जाति व संस्कृति के साथ सर्वग्राहकता अद्भुत और अनूठी है। राजा न होते हुए भी उन्होंने सबको एक मंच पर अन्याय के विरुद्ध एकत्र कर लिया। लंकाधिपति को अयोध्या या अन्य राजाओं की सैन्य मदद से भी परास्त किया जा सकता था, परंतु राम जी ने ऐसा नहीं किया। कारण स्पष्ट है उन्होंने बिखरी हुई जनशक्ति को सही दिशा दी। महाबली के घमंड को माटी में मिलाना गुणनिधान के उसी चिंतन का प्रतिफल है। राम रथविहीन हैं, वानरों की सेना के सहारे, तापस वेषधारी हैं, सैन्य साजोसामान से वंचित हैं, किंतु स्त्री-अस्मिता की लड़ाई के लिए जो साहस और इरादे की जरूरत होती है, उनमें भरी हुई है। संपूर्ण रामकथा को पढ़ाते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वे अंतिम समय तक युद्ध को टालते के विकल्पों पर विचार विमर्श करते रहे। आज पूरी दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, चंद सिरफिरों के अहंकार और वर्चस्व की आग में खाड़ी के कई देश जल रहे हैं। ऐसे में राम का चरित्र, राम का आचरण और उनकी महानता से अहंकारी और लालची देशों को सबक लेना चाहिए कि उन्होंने जो अपनी ताकत इकट्ठा कर रखी है, वह दूसरे को भयभीत करने में नहीं, परस्पर सहयोग वह सामंजस्य में ही उसका सदुपयोग करें। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम राजाओं-महाराजाओं के ऐश्वर्यवादी जीवन से दूर केवल एक पत्नीव्रती हैं। पत्नी को सुरक्षित कैद से मुक्ति दिलाने हेतु रावण के एक लाख पूत सवा लाख नाती, ता रावन घर दिया न बाती की कहावत को उन्होंने चरितार्थ किया। सत्य की इसी स्थापना की पूर्ति के लिए ही तो उनका अवतार हुआ था। वे तभी तो जन-जन के प्रिय और आदर्श बन गए। जानकी के कंठाभूषण और प्रजापालक ऐसे कि प्रजा के सवाल खड़ा करने पर बिना देर किए उसी प्राणबल्लभा जानकी को त्यागने मे तत्पर हो गए। यह किसी और राजा-महाराजा के वश की बात नहीं, प्रजा को प्राणों की तरह मानने वाले प्रभु राम प्राण-प्यारी माता सीता को भी निर्वासन देने में नहीं हिचके। वस्तुतः आज के समय में जो अपनी प्रजा (जनमानस) की आर्त-पुकार अनसुना कर दे, उसे श्रीराम को हृदयंगम करना चाहिए।



संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,696.39 | 22,512.65 |
| गिरावट | 1,836.57 | 601.85 |
| प्रतिशत में | 2.46 | 2.60 |

सोना 1,43,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, मंगलवार, 24 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2565, राज श्री 2020, फ़ॉर्चून कि. 2600, रविन्द्रा 2575, फॉर्चुन 13 किग्रा 2300, जय जवान 2155, सचिन 2300, सूरज 2155, अवसर 2080, उजाला 2190, गृहणी 13 किग्रा 2145, क्लासिक (किग्रा) 2455, मोर 2360, चक्र टिन 2535, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2520

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, प्रति किलो : लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किशमिश पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**सोना प्रति 10 ग्राम :** पक्के जेवर 139500, गिन्नी 135500, **चांदी प्रति किलो :** पक्की 214500 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3400, मसूरी 1200, बासमती 7100–7700, परमल 1000–3400

**दाल दलहन :** काला चना 1700–3000, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5200, राजमा 7200–11600, दाल उड़द 5500, साबुत मसूर दाल 2600, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10400, काबुली चना 5600–10400, अरहर दाल 10400 –12000, लोबिया/करमानी 1600–3200

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुका है ईरान युद्धः आईईए

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख बिरोल ने कहा- कोई देश इसके प्रभाव से नहीं बचेगा अछूता

**वेलिंगटन, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो गया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में नेशनल प्रेस क्लब को संबोधित करते हुए कहा, अगर यह संकट यूं ही आगे बढ़ता रहा तो कोई भी देश इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा।

बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब तेहरान पर सोमवार तड़के इजराइल ने हमलों की बौछार शुरू की। इस बीच, एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य कमांडर ने ईरान के लोगों से फिलहाल शरणस्थलों में रहने को कहा है जबकि ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं और उनके बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।



**नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से हो चुके हैं क्षतिग्रस्त**

### महाराष्ट्रः रेस्तरांओं को पीएनजी आपूर्ति बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि इससे रेस्तरां एवं भोजनालयों को राहत मिलेगी। मंत्री ने रविवार को कहा कि 23 मार्च से अगले आदेश तक व्यावसायिक पीएनजी आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ने के साथ यह आपूर्ति 50 प्रतिशत हो जाएगी।

## भारतीय ध्वज वाले दो और जहाज होर्मुज पार करके भारत हुए रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से निकलकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। जहाज निगरानी से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे। दोनों एक–दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से फारस की खाड़ी में फंस गए थे। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चला है कि ये दोनों जहाजों ने सोमवार को जलडमरूमध्य को पार कर लिया और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। इससे पहले, लगभग 92,712 टन एलपीजी ला रहे एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी सुरक्षित रूप से भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। यह देश की लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है।

### युद्ध क्षेत्र में अब भारतीय ध्वज वाले 24 जहाज इन पर 611 नाविक

युद्ध क्षेत्र में बचे हुए 24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से 22 जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो पूर्वी भाग में हैं। पश्चिमी भाग में बचे हुए 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से छह एलपीजी वाहक हैं। इनमें से दो भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। बाकी बचे जहाजों में से एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन कर रहा है, तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क यानी थोक सामान की ढुलाई करने वाले हैं। इसके अतिरिक्त, एक ड्रेजर है, एक खाली है और तीन नियमित रखरखाव के लिए बंदरगाह पर हैं।

## पश्चिम एशिया संकट के बाद अमेरिका की नई व्यापार जांच से वैश्विक बाजारों में और बढ़ी अस्थिरता : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका की ओर से नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। वित्त 2025–26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी।

## खरीफ सत्र से पहले देश में बाधित हो सकती है उर्वरक की आपूर्ति

- **गैस संकट से प्रभावित यूरिया उत्पादकों ने सरकार से मांगी वित्तीय राहत**

**नई दिल्ली।** भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) ने चेतावनी दी है कि उत्पादन में कमी और पैकेजिंग सामग्री की अलग से कमी के कारण महत्वपूर्ण खरीफ सत्र से पहले उर्वरक आपूर्ति बाधित हो सकती है। इसके साथ, एफएआई ने सरकार से गैस आपूर्ति में व्यवधान से प्रभावित यूरिया उत्पादकों को वित्तीय राहत प्रदान करने का आग्रह किया है। सरकार को लिखे पत्र में एफएआई ने मौजूदा भूराजनीतिक संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों का हवाला देते हुए सीमित गैस आपूर्ति के तहत संचालित संयंत्रों के लिए ऊर्जा लागत प्रतिपूर्ति और जुर्माने में छूट की मांग की है।

# शेयर बाजार में निवेशकों के एक ही दिन डूबे 14.23 लाख करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट के कारण निवेशकों को एक ही दिन में 14.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई के अनुसार, सोमवार की गिरावट से कुल बाजार पूंजीकरण 14,23,396 करोड़ रुपये घटकर 4,14,52,902 करोड़ रुपये रह गया जो पिछले साल 15 अप्रैल के बाद का निचला स्तर है।

पिछले कारोबारी दिवस पर 20 मार्च को कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,76,298 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक निफ्टी-50 और सेंसेक्स ढाई प्रतिशत के करीब टूट गये। सेंसेक्स 21 महीने और निफ्टी-50 ग्यारह महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर बंद हुआ। खास बात यह रही कि बिकवाली का दबाव चौतरफा रहा जिससे 10 प्रतिशत कंपनियां ही गिरावट से अछूती रहीं। शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,78,499 करोड़ रुपये घटकर 87,29,171 करोड़ रुपये रहा गया।



### युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों की 48.29 लाख करोड़ रुपये घटी संपत्ति

पश्चिम एशिया युद्ध के 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से बीएसई संसेक्स 8,590.8 अंक यानी 10.56 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई का निफ्टी 2,666 अंक या 10.58 प्रतिशत नीचे आया। युद्ध शुरू होने के बाद से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 48.29 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज हुई और यह 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है।

## रिजर्व बैंक ने जनवरी में शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर खरीदे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर की खरीदारी की। केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की यह खरीद लगातार सात महीनों की शुद्ध डॉलर बिक्री के बाद की है। रिजर्व बैंक के सोमवार को जारी मासिक बुलेटिन के मुताबिक केंद्रीय बैंक ने ने पिछली बार मई 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद की थी। इससे पहले दिसंबर में 10.02 अरब, नवंबर में 9.71 अरब, अक्टूबर में 11.88 अरब, सितंबर में 7.91 अरब, अगस्त में 7.69 अरब, जुलाई में 2.54 अरब, और जून में 3.66 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री की। सकल आधार पर केंद्रीय बैंक ने जनवरी में 27.99 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद और 25.473 अरब अमेरिकी डॉलर की बिक्री की।



## गिरावटः सोना 9,050 रुपये टूटा, चांदी 10,500

**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।



## निवेशकों की आसानी के लिए आईपीओ खुलासे के नियमों को सेबी ने बनाया सरल

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेजों को सरल और मानकीकृत बनाने के लिए 'संक्षिप्त विवरण पुस्तिका का मसौदा' पेश किया है। इसका उद्देश्य निर्गम संबंधी जानकारियों को निवेशकों के लिए समझने में आसान बनाना है।

अब सार्वजनिक निर्गम लाने वाली कंपनियों को अपने विस्तृत प्रस्ताव दस्तावेजों के साथ इस संक्षिप्त विवरण पुस्तिका को भी जमा करना अनिवार्य होगा। नियामक ने कहा कि इस दस्तावेज में कंपनी के कारोबारी मॉडल, वित्तीय विवरण, प्रवर्तकों, जोखिम कारकों और मुख्य प्रदर्शन संकेतकों जैसी महत्वपूर्ण जानकारी अत्यंत सरल प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी। सेबी द्वारा 16 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार, इस संक्षिप्त मसौदे को निर्गम जारी करने वाली कंपनी, नियामक, उन शेयर बाजारों जहां प्रतिभूतियां सूचीबद्ध होनी हैं, और निर्गम से जुड़े मुख्य प्रबंधकों की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

# एफडीआई में 2% से ज्यादा होगी चीन की हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी**

सरकार की ओर से 'प्रेस नोट 3' में किए गए संशोधनों से भारत में आने वाले कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में चीन की हिस्सेदारी बढ़कर फिर से दो प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। प्रेस नोट 3 लागू होने से पहले यह इसी स्तर पर था।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि नियमों में बदलाव से कुल एफडीआई में चीनी निवेश का हिस्सा दो प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014 से 2019 के बीच हांगकांग सहित चीन से होने वाला कुल एफडीआई प्रवाह भारत के कुल निवेश का लगभग दो प्रतिशत था। हालांकि, प्रेस नोट 3 के नए नियम लागू होने के बाद यह घटकर मात्र 0.27 प्रतिशत रह गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नियमों में ढील दिए जाने से लंबित प्रस्तावों का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। इससे अल्पावधि में चीन और हांगकांग से निवेश में तेजी आ सकती है।

सरकार के इस कदम से भारत में एफडीआई प्रवाह तेज होने, घरेलू क्षमताओं के मजबूत होने और आयात पर निर्भरता कम होने की संभावना है। सरकार ने अप्रैल, 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए ये नियम लागू किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजीगत वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों और पॉलीसिलिकॉन जैसे क्षेत्रों के लिए मंजूरी की समयसीमा 60 दिन तय किए जाने से भारतीय और चीनी फर्म के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रेस नोट 3 के तहत 75,691 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से केवल 13,625 करोड़ रुपये को ही मंजूरी मिली थी।



- **क्रिसिल का केंद्र की ओर से प्रेस नोट 3 में बदलाव के बाद दावा**

## कोयला कारोबार में मुनाफाखोरी पर रोक लगाएं राज्यः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण छोटे कोयला खुदरा विक्रेताओं को मुनाफाखोरी करने से रोकें, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा व्यवधानों से घरेलू ईंधन बाजार पर असर पड़ने का खतरा है।

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, हमारे सचिव (कोयला) ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बात की है। मैंने कल मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। कोयले की कोई कमी नहीं है और घरेलू कोयले की कीमतों में वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं है। मंत्री ने कहा कि अगर कोयले की कीमतें बढ़ती हैं तो कार्रवाई करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमने राज्यों से कोयले की कीमतों पर नजर रखने और खुदरा विक्रेताओं को मौजूदा संकट से लाभ नहीं उठाने देने को कहा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोयले की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए।

## आंध्र में स्टील के इस्पात संयंत्र का शिलान्यास

**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली मंडल में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस) के 1.36 लाख करोड़ रुपये के इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखी। सरकार ने कहा, 1.78 करोड़ टन सालाना क्षमता वाला यह संयंत्र 5,465 एकड़ में दो चरणों में स्थापित किया जाएगा और इससे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करीब एक लाख रोजगार पैदा होंगे। पहले चरण में संयंत्र की क्षमता 73 लाख टन सालाना होगी।

## सीएनजी में 20% सीबीजी मिश्रण करने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन ने दिल्ली सरकार को सुझाव दिया है कि वह सीएनजी में सीबीजी के 20% तक मिश्रण को अपनाए। यह गैस चालित वाहनों को कॉर्बन निरपेक्षता के करीब ला सकता है। आईबीए ने कहा, हालांकि ईवी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, लेकिन समग्र वाहन बेड़े में ईवी की पहुंच सीमित है।

## निर्यात पर घरेलू कर, शुल्क छूट की पुरानी दरें बहाल

**पश्चिम एशिया संकट**

**नई दिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निर्यातकों की मदद के लिए निर्यात माल को शुल्कों और करों से छूट देने की योजना आरओडीटीईपी के अंतर्गत पुरानी दरों को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय किया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।


इस फैसले से शुल्क और करों में छूट की गत 22 फरवरी तक लागू दरें और मूल्य सीमा पुनः प्रभावी हो गयी हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों के कारण समुद्री लॉजिस्टिक्स में चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं, जिनमें मार्ग और पारगमन पैटर्न में परिवर्तन शामिल हैं। इनका प्रभाव इस क्षेत्र में या इसके माध्यम से जाने वाले निर्यात माल के लिए लॉजिस्टिक्स लागत और जहाज से माल भेजने के कार्यक्रम पर पड़ा है।

## मानक बॉन्ड प्रतिफल 14 महीने के उच्च स्तर पर


**कच्चे तेल की महंगाई**

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय मानक बॉन्ड प्रतिफल सोमवार को 14 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल 6.8173 प्रतिशत रहा जबकि शुक्रवार को यह 6.737 प्रतिशत पर बंद हुआ था।

बाजार भागीदारों से संकलित आंकड़ों के अनुसार यह 14 जनवरी 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। एरीटे कैपिटल (चॉइस समूह) में उपाध्यक्ष माताप्रसाद पांडे ने कहा, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर बैरल से ऊपर जाने के बाद बॉन्ड प्रतिफल बढ़ रहा है। जनवरी-फरवरी में सरकारी बॉन्ड के शुद्ध खरीदार रहे विदेशी संस्थागत निवेशक मार्च में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगालः ओवैसी–हुमायूं के गठबंधन से मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के गठबंधन की विपक्ष ने कड़ी आलोचना करते हुए इस गठबंधन से वोट बंटने और विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में धर्मनिरपेक्ष दलों के कमजोर होने की आशंका जताई है। विपक्ष के नेताओं ने ओवैसी को घेरते हुए कहा है कि उनकी पार्टी असल में भाजपा की मदद करना चाहती है।

एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन किया है। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना चार मई को होगी। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने इस गठबंधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे मुस्लिम समाज अलग-थलग पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ओवैसी की पार्टी वास्तव में भाजपा की मदद करना चाहती है, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। उनके पास ताकत नहीं है और उन्हें वोट नहीं मिलेंगे।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का ठेका ले रखा है।

कांग्रेस के एक अन्य सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि गठबंधन करना राजनीतिक फैसला है, लेकिन ध्यान सांप्रदायिक ताकतों को हराने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा, कौन किससे गठबंधन करता है, यह उनका मामला है। लेकिन हमारा लक्ष्य सांप्रदायिक ताकतों को हराना है और इसके लिए कांग्रेस लगातार काम करती रहेगी। शिवसेना (उबाठा) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम अक्सर भाजपा की मदद करती है। जब भी भाजपा मुश्किल में होती है, वह एआईएमआईएम को बुलाती है, जो उसके ''स्पीड डायल'' पर रहती है। पार्टी उसे चुनाव में उतरने और जीत दिलाने के लिए आमंत्रित करती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ माझी ने एआईएमआईएम को भाजपा की "बी-टीम" बताया और आरोप लगाया कि वह चुनाव में सिर्फ विपक्ष के वोट बांटने के लिए उतरती है, जिससे भाजपा को फायदा होता है। यह हर जगह हो रहा है।

**विपक्ष ने ओवैसी पर लगाया भाजपा की मदद करके धर्मनिरपेक्ष ताकतों को कमजोर करने का आरोप**

### आचार संहिताः 181 करोड़ कैश, शराब जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सभी 294 विधानसभा सीटों पर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और अब तक करीब 181 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी।




कोलकाता में चुनाव प्रचार करती तृणमूल प्रत्याशी श्रेया पांडेय।

## असम : झामुमो की सूची में 21 प्रत्याशी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की सूची सोमवार को जारी की। झामुमो क्षेत्रीय पार्टी की छवि को मिटाकर एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के रूप में उभरना चाहता है। पार्टी का उद्देश्य चाय बागानों में काम करने वाली जनजाति के लगभग 70 लाख लोगों को अपने पक्ष में करना है, जिनमें से कई लोगों की जड़ें झारखंड से जुड़ी हुई हैं। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने बताया, विस्तृत विचार–विमर्श के बाद, पार्टी ने असम की 126–सदस्यीय विधानसभा के चुनावों के लिए 21 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

### गोगोई ने जोरहाट सीट से भरा पर्चा

**जोरहाट।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने सोमवार को जोरहाट सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। गोगोई राज्य विधानसभा चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गोगोई ने जोरहाट स्टेडियम से रैली शुरू करने से पूर्व विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। लगभग तीन घंटे बाद इस रैली का समापन जिला आयुक्त कार्यालय पर हुआ। रैली में बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। गोगोई नजीर अली क्षेत्र स्थित अपने पैतृक आवास पर भी पहुंचे और अपने पिता एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की तस्वीर के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना की।

## पुडुचेरी में रंगासामी कैबिनेट के दो मंत्रियों को नहीं मिला टिकट

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में सत्तारूढ़ ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने बड़ा फैसला लेते हुए अपने दो मौजूदा मंत्रियों को टिकट नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री के. लक्ष्मीनारायणन और कृषि मंत्री थेनी जयकुमार को इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। सूत्रों के अनुसार, लक्ष्मीनारायणन की राजभवन सीट एनडीए गठबंधन में भाजपा को दे दी गई है। जयकुमार की मंगालम सीट से रंगासामी चुनाव लड़ेंगे।

## पुडुचेरी : नामांकन के आखिरी दिन तक द्रमुक–कांग्रेस में सीट बंटवारे पर गतिरोध

**पुडुचेरी।** केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) और कांग्रेस के बीच इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी बातचीत अब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। चेन्नई में रविवार से शुरू हुई मैराथन बैठकें सोमवार तड़के तक चलीं लेकिन बिना किसी निष्कर्ष समाप्त हो गईं। हालांकि दोनों दलों ने गठबंधन जारी रखने पर सहमति जताई है। स्थिति को देखते हुए दोनों दलों के संभावित उम्मीदवार सोमवार दोपहर तीन बजे तक सभी 30 सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे। बाद में 26 मार्च तक, जो नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है, आपसी सहमति बनने पर उम्मीदवार पर्चे वापस ले सकते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मिसाइल का मलबे से एक भारतीय घायल

**दुबई।** अबूधाबी के अल शवामेख इलाके में हवा में मार गिराई गई मिसाइल का मलबा गिरने से एक भारतीय नागरिक मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने आती हुई मिसाइल पर हमला किया, जिसके बाद आपात टीमों ने कदम उठाया। इसके बाद मिसाइल का मलबा रिहाइशी इलाके पर गिर गया। अबूधाबी के मीडिया कार्यालय ने एक्स पर कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराए जाने के बाद उसका मलबा अल शवामेख क्षेत्र में गिर गया। इस घटना में एक भारतीय नागरिक को मामूली चोट आई।

### पांच पूर्व सैनिकों को वेटरन अचीवर्स अवार्ड

**नई दिल्ली।** थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अपनी भोपाल यात्रा के दौरान पांच प्रतिष्ठित पूर्व सैनिकों को 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया। पुरस्कार विजेताओं, ब्रिगेडियर अवधेंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल एमके तिवारी (सेवानिवृत्त), मानद सूबेदार मेजर डीके सेन (सेवानिवृत्त), नायब सूबेदार जीएस मेहता (सेवानिवृत्त) और नायक एलएस राठौड़ (सेवानिवृत्त) को विभिन्न क्षेत्रों में उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### हवाई में 2,000 लोग बिजली से वंचित

**होनोलूलू।** हवाई द्वीप पर भारी बारिश के बाद आई भीषण बाढ़ के कारण रविवार अपराह्न तक 2,000 से अधिक लोग बिजली आपूर्ति से वंचित रहे। यह बाढ़ 20 से अधिक वर्षों में आई सबसे भीषण बाढ़ बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, एक सप्ताह पहले आए शीतकालीन तूफान की बारिश से पहले से ही अत्यधिक गीली मिट्टी पर भारी वर्षा हुई जिससे उफनता पानी घरों और कई कारों को बहा ले गया।

### नेपाल के बाझंग में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में सोमवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता 4.1 मापी गयी। भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सोमवार को दोपहर बाद 1:14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बाझंग के रायल क्षेत्र के पास स्थित था। बाझंग के पड़ोसी जिले बाजुरा और बैताडी समेत पड़ोसी जिलों में भी झटका लगा।

# फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछाने की ईरान ने दी धमकी

- **तटवर्ती इलाकों अथवा द्वीपों पर हमलों को लेकर चेताया**

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके तटवर्ती इलाकों या द्वीपों पर हमला होता है तो वह फारस की खाड़ी में महत्वपूर्ण संचार मार्गों पर बारूदी सुरंगें बिछा देगा। ईरान की राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने कहा कि उसके क्षेत्र को निशाना बनाने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप फारस की खाड़ी में सभी संचार लाइनों में बारूदी सुरंगें बिछा दी जाएंगी।

उसने यह भी कहा कि जहाज केवल तेहरान के समन्वय से ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे। बयान में कहा गया कि दुश्मन द्वारा ईरानी तटों या द्वीपों पर हमला करने के किसी प्रयास के बाद स्वाभाविक रूप से और सामान्य सैन्य अभ्यास के अनुसार फारस की खाड़ी और तटों के सभी पहुंच मार्गों एवं संचार लाइनों को विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदों से भर दिया जाएगा, जिसमें तैरती बारूदें भी शामिल हैं जिन्हें तटों से छोड़ा जा सकता है। ईरान ने कहा, ऐसे में, पूरे फारस की खाड़ी क्षेत्र में लंबे समय तक होर्मुज जलडमरूमध्य जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस बार, होर्मुज के साथ पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र व्यावहारिक रूप से अवरुद्ध हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वाले पक्ष की होगी। इस बीच, अमेरिका कथित तौर पर ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने योजनाओं पर विचार कर रहा है।

## खाड़ी के समुद्र में बारूदी सुरंग

दुनिया आज जिस डिजिटल युग में जी रही है, उसकी असली रीढ़ ज़मीन पर नहीं, बल्कि समुद्र की अतल गहराइयों में बिछी है। वैश्विक इंटरनेट ट्रैफिक का लगभग 95% से अधिक हिस्सा इन्हीं सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल्स के जरिए एक से दूसरे महाद्वीप तक जाता है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर से गुजरने वाली इन केबलों को निशाना बनाने की धमकी दी है। उसने केबिल काटने की चेतावनी दी है। विशेष रूप से गूगल की ब्लू-रमन परियोजना इस समय चर्चा के केंद्र में है। इधर ईरान ने भी अपने तटीय इलाकों और द्वीपों पर हमलों को लेकर फारस की खाड़ी में केबल के ऊपर बारूदी सुरंगें लगाने की चेतावनी दी है। यदि ऐसा हुआ तो दुनिया को डिजिटल ब्लैकआउट का सामना करना पड़ेगा। वित्तीय आदान-प्रदान पर भी इसका असर पड़ेगा।

## डिजिटल ब्लैकआउट का खतरा



### उपयोग और महत्व

- समुद्र के रास्ते आ रहीं यह केबल केवल 'यूट्यूब' देखने के लिए नहीं है, बल्कि इसके उपयोग बहुत व्यापक है।
- अत्यधिक डेटा क्षमता : यह केबल 218 टेराबिट्स प्रति सेकंड से अधिक की क्षमता रखती है। यह इतनी गति है कि एक सेकंड में हज़ारों हाई-डेफिनिशन फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं।
- क्लाउड कंप्यूटिंग : गूगल क्लाउड, माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर और अमेज़न एडब्ल्यूएस जैसी सेवाएं इसी केबल पर निर्भर हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों का डेटा इसी रास्ते से सफर करता है। ● वित्तीय लेनदेन : अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग और शेयर बाज़ारों के बीच रीयल-टाइम डेटा ट्रांसफर के लिए ये केबलें अनिवार्य हैं।

### केबल कटने का दुनिया पर असर

● डिजिटल ब्लैकआउट : एशिया और यूरोप के बीच इंटरनेट की गति 25% से 40% तक गिर सकती है। ● आर्थिक नुकसान : एक अनुमान के अनुसार, महत्वपूर्ण केबल कटने से वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रति घंटे लाखों डॉलर का नुकसान हो सकता है। ● ई-कॉमर्स और बैंकिंग ठप : ऑनलाइन भुगतानसेवा धीमी हो सकती हैं, जिससे व्यापारिक लेनदेन रुक सकते हैं।

### दुनिया के पास क्या हैं समाधान

● रूट डायवर्सिफिकेशन : गूगल की 'ब्लू-रमन' केबल परियोजना की तरह नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं जो विवादित क्षेत्रों (जैसे लाल सागर) से दूर हों। ● गहरी केबल बिछाना : केबलों को समुद्र की सतह से बहुत नीचे (8000 मीटर तक) दबाया जा रहा है ताकि जहाजों के लंगर या छोटे विस्फोट उन तक न पहुँच सकें। ● सैटेलाइट इंटरनेट : स्टारलिंक जैसे नेटवर्क को बैकअप के रूप में देखा जा रहा है।

### चोक प्वाइंट

● लाल सागर एक ऐसा चोकपॉइंट है जहां दुनिया की प्रमुख केबलें गुजरती हैं। यहाँ किसी भी प्रकार का व्यवधान न केवल इंटरनेट की गति को धीमा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, शेयर बाज़ार और बैंकिंग सेवा को पंगु बना सकता है।

### भारत के पास क्या हैं विकल्प

- मल्टीपल गेटवे : भारत केवल लाल सागर पर निर्भर नहीं है। भारत के पास सिंगापुर के रास्ते (पूर्व की ओर) जाने वाली केबलें भी हैं, जैसे मिस्ट और लैक्स।
- जियो की पहल : जियो अपनी आईईएक्स (इंडिया-यूरोप एक्सप्रेस) केबल बिछा रहा है, जो यूरोप को सीधे भारत से जोड़ती है और इसमें सुरक्षा के उन्नत उपाय किए गए हैं।
- स्वदेशी लैंडिंग स्टेशन : सरकार मुंबई, चेन्नई के अलावा नए लैंडिंग स्टेशन बना रही है ताकि डेटा ट्रैफिक को बांटा जा सके।

# गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से विकसित भारत का लक्ष्य संभव नहीं

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां

- **देश में यूएपीए के अत्यधिक इस्तेमाल पर जताई चिंता**

नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा कि 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है।

गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत कम दोषसिद्धि दर कानून के दुरुपयोग को नहीं तो अत्यधिक उपयोग को दर्शाती है।" यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के 2019 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन दोषसिद्धि दर लगभग पांच प्रतिशत है।



### अदालतों में लैंगिग प्रतिनिधित्व में हो समानता

न्यायमूर्ति ने कहा कि अदालतों में महिला जजों की संख्या बेहद अपर्याप्त है, 25 उच्च न्यायालयों में से केवल तीन। उन्होंने कहा कि मेरे शोध से पता चलता है कि जब भी भर्ती प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ होती है, तो न्यायिक क्षेत्र में अधिक महिलाएं प्रवेश करती हैं। जब भारत एक विकसित राष्ट्र (विकसित भारत 2047) बनेगा, तब न्यायपालिका में लैंगिक प्रतिनिधित्व में अधिक समानता होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ऐसा स्थान होना चाहिए, जो वास्तव में देश की विविधता को दर्शाए। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि विकसित देशों में बहस और असहमति के लिए अधिक गुंजाइश होनी चाहिए। बहस को अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### अधिकांश गिरफ्तारियां तो की गईं पर दोष साबित नहीं किया जा सका

न्यायाधीश ने कहा कि इससे लगातार कम दोषसिद्धि दर दिखती है। इससे क्या संकेत मिलता है? दुरुपयोग नहीं, तो अत्यधिक इस्तेमाल का, और आपराधिक न्याय प्रणाली पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? इससे अदालतों पर कितना बोझ पड़ता है? इससे पता चलता है कि अधिकांश लोगों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन उन्हें दोषी साबित नहीं किया जा सका। इससे संकेत मिलता है कि कई गिरफ्तारियां समय से पहले और पर्याप्त सबूतों के अभाव में की गईं। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में उनकी संख्या केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 25 उच्च न्यायालयों में से केवल दो में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं- गुजरात और मेघालय। एक महीने में एक और महिला मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगी।

## शीर्ष कोर्ट के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उसकी इमारत के गुंबद पर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न लगाने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रशासनिक स्तर पर विचार किया जाएगा। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के महासचिव से कहा कि वे उचित नोट सक्षम प्राधिकारी के सामने पेश करें। पीठ बी. वेणुगोपाल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के नए परिसर का निर्माण हो रहा है, जहां इस तरह की वास्तु पर ध्यान दिया जाएगा।

# प्री परीक्षा के बाद यूपीएससी जारी करेगा अस्थायी कुंजी

- **सिविल सेवा परीक्षा को लेकर सरकार ने दी जानकारी**

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सरकार ने सोमवार को बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) आदि के लिए अधिकारियों के चयन हेतु प्रतिवर्ष तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न में लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में, यूपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने के बाद अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अस्थायी उत्तर कुंजी जारी करने के लिए दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया, जो 2026 की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा से लागू होगी, यूपीएससी द्वारा आयोजित सभी संरचित परीक्षाओं पर लागू होगी। मंत्री ने कहा, "प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद ही जारी किए जाएंगे।" उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विषयों में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए, यूपीएससी अंतर-विषय मॉडरेशन लागू करता है ताकि किसी भी उम्मीदवार को, चाहे उसने कोई भी वैकल्पिक विषय चुना हो।

## मुंबई में फेरीवालों, सहायकों की पहचान का होगा सत्यापन

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका और पुलिस को सभी फेरीवालों तथा उनके सहायकों की पहचान का गहन सत्यापन करने का निर्देश दिया और कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध प्रवासी पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारी उसे वापस भेजने समेत कानून के अनुसार कार्रवाई करें। न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खाटा की पीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। इन याचिकाओं में महानगर में फुटपाथ और सड़कों पर अवैध व अनधिकृत फेरीवालों के कब्जे की वजह से पैदल चलने वालों और वाहनों को हो रही परेशानी को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत ने बीएमसी को निर्देश दिया कि वह सड़कों और फुटपाथों पर स्थित सभी दुकानदारों की व्यापक जांच करे, यह भी सुनिश्चित करे कि ये दुकानें पैदल यात्रियों या वाहनों की आवाजाही में बाधा न बनें। कहा, महानगरपालिका और पुलिस फेरी लगाने वाले, उनके सहायक के रूप में काम करने वालों की पहचान, उनकी भी जिन पर गैर भारतीय होने का आरोप है, का पूरी तरह से सत्यापन करें।।

# हिरासत में मौत मामले में नौ पुलिसकर्मी दोषी करार

- **तमिलनाडु के मदुरै जिले में साल 2020 में हुई थी घटना**

मदुरै, एजेंसी

तमिलनाडु के मदुरै जिले की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को प्रदेश के थूथुकुडी जिले के साथनकुलम में 2020 में एक व्यक्ति और उसके बेटे को हिरासत में यातना देने के मामले में सभी नौ आरोपी पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया।

पुलिस हिरासत में यातना के बाद पिता-पुत्र की मौत हो गयी थी। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश जी मुथुकुमारन ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोप साबित कर दिया है और पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों को 30 मार्च को सजा सुनाई जाएगी। मोबाइल फोन की दुकान के मालिक पी जयराज (59) और उनके बेटे जे बेनिक्स (31) को कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के नियमों के कथित उल्लंघन के संबंध में 19 जून 2020 को साथनकुलम पुलिस थाने ले जाया गया था। कोविलपट्टी उप-जेल में हिरासत के दौरान कथित क्रूर यातना दिये जाने के बाद पिता और पुत्र की 23 जून को मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस निरीक्षक एस श्रीधर, उपनिरीक्षक के बालकृष्णन, पी रघुगणेश, मुख्य आरक्षी एस मुरुगन और ए समीदुराई समेत 10 पुलिसकर्मियों पर हत्या का आरोप था। इसकी शुरुआती जांच सीबी-सीआईडी ने की थी, जिसे बाद में सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया। इस घटना के कारण उस वक्त राज्य में भारी जनाक्रोश फैल गया था। इस मामले में 105 गवाह थे।

## एनसीबी हिरासत में बीएसएफ के कांस्टेबल की मौत

**चंडीगढ़/अमृतसर।** बीएसएफ के एक कांस्टेबल की स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ बेहरमी से मारपीट की गई। बीएसएफ कांस्टेबल जसविंदर सिंह को एक मामले में पूछताछ के सिलसिले में तीन मार्च को जम्मू से पकड़ा गया था, जिनकी शुक्रवार रात अमृतसर में इलाज के दौरान मौत हो गई। अमृतसर के मकबूलपुरा थाना प्रभारी जसजीत सिंह ने बताया कि एनसीबी एक मामले की जांच कर रहा था और कांस्टेबल की हालत अचानक बिगड़ने के बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। शनिवार को अमृतसर सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। मां गुरमीत कौर ने रविवार को बताया कि उनका बेटा छुट्टी पर घर आया था और तीन मार्च को एनसीबी की जम्मू इकाई उसे अपने साथ ले गई।

# न्यूयॉर्क में रनवे पर विमान हादसा पायलट व सह पायलट की मौत

- **न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर ट्रक से भिड़ी उड़ान**

न्यूयॉर्क, एजेंसी




न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर रविवार रात लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर दमकल विभाग के ट्रक से टकरा गया, जिसके चलते दो पायलटों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भिड़ंत की वजह से विमान का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद 39 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को आसपास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। हवाई अड्डे का संचालन करने वाले न्यूयॉर्क एवं न्यूजर्सी पोर्ट अथॉरिटी की कार्यकारी निदेशक कैथरीन गार्सिया ने बताया कि ट्रक में सवार पोर्ट अथॉरिटी के दो कर्मचारी भी घायल हो गए। गार्सिया ने सोमवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों में विमान के पायलट और सह-पायलट शामिल हैं। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के नेतृत्व में घटना की जांच की जा रही है। गार्सिया ने कहा कि दमकल ट्रक यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान से जुड़ी एक अलग घटना के चलते घटनास्थल पर जा रहा था। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ान में दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। इससे पहले कहा गया कि एयर कनाडा की ओर से संचालन कर रही जैज़ एविएशन की उड़ान में 72 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान मॉन्ट्रियल-पियरे एलियट ट्रूडो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था। तस्वीरों और वीडियो में विमान का अगला हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त दिखता है और कॉकपिट से तार तथा अन्य चीजें लटकी दिखती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों की सराहना होगी।

**तुला** – आज निर्णय लेते समय सोच-समझकर कदम उठाएं। नए संबंध बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभ देंगे। घर का माहौल सुखद रहेगा।

**वृष** – आज आर्थिक मामलों में सावधानी जरूरी है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें, आराम करें। धैर्य और समझदारी से काम लें, जल्दबाजी से बचें।

**वृश्चिक** – आज कार्य में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। छिपी हुई चिंताएं सामने आ सकती हैं। ध्यान और योग से मन को शांति मिलेगी।

**मिथुन** – आज मित्रों से सहयोग मिलेगा और मन हल्का रहेगा। नए अवसर सामने आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं।

**धनु** – आज यात्रा के योग बन रहे हैं, लाभदायक साबित हो सकती है। नई सीख और अनुभव मिलेंगे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

**कर्क** – आज भावनाओं में बहने से बचें, व्यावहारिक निर्णय लें। कार्य में थोड़ी मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**मकर** – आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कड़ी मेहनत का फल मिलने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। नेतृत्व क्षमता से लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक लाभ के अच्छे संकेत हैं।

**कुंभ** – आज दोस्तों से मदद मिलेगी। मन में सकारात्मक विचार आएंगे। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**कन्या** – आज का दिन संतुलित रहेगा। योजनाएं सफल होंगी, मेहनत रंग लाएगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन** – आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 16.07 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-रोहिणी 19.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

### सुडोकू -98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

## देश में और बाहर पढ़ने को उपलब्ध है ऋण की सुविधा

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि बैंक छात्रों को मांग के आधार पर शिक्षा ऋण उपलब्ध करा रहे हैं और इसमें कहीं किसी तरह की कोताही नहीं बरती जा रही है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में सोमवार को कहा कि आज बैंक सभी जगह उपलब्ध हैं। विद्यालक्ष्मी और मॉडल विद्यालय में भी भारत सरकार ऋण उपलब्ध कराती है। विद्यालक्ष्मी योजना के तहत तीन प्रतिशत से कम ब्याज दर तय की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कई शिक्षा संबंधी योजनाएं चला रही है।

**संसद में बोली सरकार** | केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में पूछे गए सवाल पर दिया स्पष्टीकरण

# किसी राज्य पर हिंदी सहित कोई भी भाषा थोपी नहीं जा रही

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी राज्य पर हिंदी समेत कोई भी भाषा नहीं थोप रही। चौधरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद कलानिधि वीरास्वामी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बात कही।

तमिलनाडु के सदस्य ने उनके राज्य का समग्र शिक्षा अभियान के तहत बकाया धन जारी नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत तीन भाषा के फार्मूले को लेकर चिंता जताई। चौधरी ने कहा कि एनईपी में स्पष्ट रूप से छात्रों को बहुभाषाएं सिखाने से उनके शिक्षण पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख है। सभी राज्यों को स्कूलों में तीन भाषाओं को सिखाने का ढांचा बनाना चाहिए। कम से कम 15 साल तक के बच्चों को विशेष रूप से दो भाषाओं में दक्षता होनी चाहिए जो मातृभाषा हों। तीसरी भाषा पूरी तरह मांग पर आधारित



है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में केंद्र सरकार समग्र शिक्षा अभियान 2.0 के तहत राज्यों को शिक्षकों की नियुक्ति आदि में मदद करती है। तमिलनाडु में तीन भाषाओं के फार्मूले को लागू करने पर द्रमुक सांसद की चिंता पर चौधरी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि एनईपी 2020 में कहीं भी हिंदी समेत किसी भाषा को थोपने की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जनगणना 2011 के भाषा एटलस के अनुसार तमिलनाडु में 96 भारतीय भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं। चौधरी ने कहा कि एनईपी में तीन भाषाओं में दो मातृभाषाओं को सिखाने की बात है। उन्होंने कहा कि तीन भाषाओं को लागू करने की बात भी दो भाषाओं के फार्मूले, जिसे द्रमुक भी तमिलनाडु में स्वीकार करती है।

### तमिलनाडु भी लागू करे पीएमश्री योजना

शिक्षा राज्य मंत्री ने दावा किया कि तमिलनाडु ने मार्च 2024 में पीएमश्री योजना पर समझौता करने की इच्छा जताई थी, लेकिन अभी तक करार नहीं किया है। इस पर द्रमुक के कुछ सदस्यों को आपत्ति जताते सुना गया। चौधरी ने कहा कि अगर आप राष्ट्रीय शिक्षा नीति से सहमत हैं तो पीएमश्री योजना भी लागू करनी चाहिए। इसे देश में 14 हजार से अधिक स्कूलों के लिए डिजाइन किया गया है।



> मुझे लगता है कि मैंने पहले दो गेम में अच्छा खेला, तीसरे गेम में मैं थोड़ी भटक गई थी। गेम के बीच में मेरे कोच मेरे पास आए, तो मैंने उनसे बात की, और उन्होंने मुझसे अच्छी शुरुआत करने पर ध्यान देने को कहा, और मुझे खुशी है कि मैं इसे जीत पाई।
>
> अनाहत सिंह, स्क्वॉश खिलाड़ी


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली, मंगलवार, 24 मार्च 2026


## हाईलाइट

### मैच के दिनों में कोई भी अभ्यास सत्र करने की नहीं होगी इजाजत

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अभ्यास सत्र के लिए जारी किये गये नए दिशा-निर्देशों के तहत मैच के दिनों में कोई भी प्रैक्टिस सेशन करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक अलग इंतजाम भी किया है, जहां मुख्य पिच के दोनों ओर, हर टीम को दो-दो प्रैक्टिस विकेट दिए जाएंगे। जैसा कि पहले बताया गया था, किसी भी टीम को विरोधी टीम के लिए तय किए गए प्रैक्टिस विकेट का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई के एक नोट के अनुसार टीम मैनेजरों को हाल ही में ये अतिरिक्त गाइडलाइंस भेजी गई हैं :- टीमों को प्रैक्टिस एरिया में 2 नेट और मुख्य पिच के पास के विकेटों में से 1 विकेट ' 'रेंज हिटिंग' ' (जोरदार शॉट लगाने की प्रैक्टिस) के लिए मिलेगा। मुंबई के वेन्यू के लिए, अगर दोनों टीमें एक ही समय पर प्रैक्टिस कर रही हैं, तो हर टीम को 2-2 विकेट मिलेंगे।



अहमदाबाद में आईपीएल 2026 सीजन से पहले अभ्यास सत्र के दौरान टाइटन्स के ग्लेन फिलिप्स। एजेंसी

### अरुंधति रेड्डी फरवरी की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**दुबई।** भारत की मध्यम तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को आस्ट्रेलिया में टी20 शृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए फरवरी महीने में आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया। वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टी20 विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन के लिये सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया है। रेड्डी ने तीन मैचों की टी20 शृंखला में भारत की 2.1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शृंखला में 7.25 की इकॉनॉमी दर से आठ विकेट लिए। रेड्डी ने कहा आईसीसी महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना गर्व की बात है।

### अनाहत और अभय ने जीते स्क्वॉश के खिताब

**मुंबई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट का अपना महिला खिताब बरकरार रखा, जबकि अभय सिंह ने पुरुष वर्ग के चैंपियन बने। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में रविवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में स्क्वैश रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत सिंह ने मिस्र की दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी हाना मोअताज़ को 3-1 (11-5, 11-6, 9-11, 11-6) से हराकर अपना खिताब बरकरार रखा। वहीं, अभय सिंह ने अपने ही देश के वीर चोत्रानी को 3-0 (11-9, 11-8, 11-4) से हराकर पुरुषों का फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

# मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं : अक्षर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2023 में लागू हुआ था नियम और 2027 तक रहेगा

**2024 में रोहित ने कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है**

भारतीय हरफनमौला और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा मुझे यह पसंद नहीं है, क्योंकि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (हरफनमौला) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी एकादश में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा।

रोहित ने 2024 में कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है। इसके अगले सत्र में हार्दिक ने कहा था कि टीम में किसी हरफनमौला को चुनना मुश्किल हो गया है, जब तक कि वह बल्ले और गेंद दोनों से समान रूप से अच्छा न हो। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' से जुड़े 'पीटीआई' के सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है।

अक्षर ने पिछले आईपीएल सत्र में केवल 204 गेंदें फेंकी थीं, जबकि उससे पिछले सत्र में उन्होंने 264 गेंदें फेंकी थीं। उन्होंने कहा कि यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के कारण नहीं था, बल्कि उंगली की चोट के कारण था, जो उन्हें आईपीएल से पहले परेशान कर रही थी। उन्होंने कहा मैंने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की। यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उंगली का इस्तेमाल करता हूं, वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद चोटिल हो गई थी।

यह घाव इतना बढ़ गया था कि मैं गेंद की सीम पर पकड़ नहीं बना पा रहा था। अक्षर ने कहा इसीलिए मैं सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही गेंदबाजी कर रहा था और अपनी उंगली का ध्यान रख रहा था। सात मैचों के बाद हालत बेहतर हुई और मैंने नियमित रूप से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। अक्षर के सामने दिल्ली को पहली बार आईपीएल चैंपियन बनाने की चुनौती है। अक्षर ने महज 18 महीनों में सबसे छोटे प्रारूप में दो बार विश्व चैंपियन का खिताब जीता है। इस महीने की शुरुआत में टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली टीम की तुलना 2000 के दशक की अजेय ऑस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है। उस समय हालांकि ऑस्ट्रेलिया की टीम को वनडे प्रारूप में सफलता मिली थी। कुछ लोगों ने मौजूदा भारतीय टीम को अब तक की सबसे महान टी20 टीम बताया है। अक्षर ने कहा वह अलग-अलग युगों की टीमों की तुलना करने में विश्वास नहीं रखते। भारतीय टीम के लिए यह सब 2022 के बाद शुरू हुआ। हमने इस तरह की क्रिकेट खेलना शुरू किया और कड़े फैसले लिए।

# आईपीएल की वजह से टूटी पाकिस्तान सुपर लीग की कमर

## विदेशी खिलाड़ी वेतन वृद्धि की मांग के साथ जमकर कर रहे अनुबंध का उल्लंघन

**कराची, एजेंसी**





- दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता बनी बड़ी चुनौती
- आयोजन एकसाथ होने से भारत बना खिलाड़ियों की पहली पसंद

विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं।

दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल बृहस्पतिवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा।

पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, पीसीबी न केवल खिलाड़ियों द्वारा अनुबंधों के उल्लंघन से जूझ रहा है, बल्कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कुछ खिलाड़ियों द्वारा अंतिम समय में फीस बढ़ाने की मांग से भी परेशान है।

सूत्र ने बताया पीसीबी इस समय पीएसएल को निर्धारित समय पर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और उसने अभी तक नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ कोई कार्रवाई तय नहीं की है। नाम वापस लेने वाले खिलाड़ियों पर दो से चार साल तक का प्रतिबंध लगाने के बारे में आंतरिक चर्चा हुई है, लेकिन चिंता बनी हुई है कि ऐसे उपाय भविष्य में शीर्ष विदेशी प्रतिभाओं को पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध करने से और भी हतोत्साहित कर सकते हैं। उन्होंने कहा ऐसे में एक तर्क यह भी है कि प्रतिबंधों से पीएसएल के आगामी सत्रों के लिए बड़े विदेशी खिलाड़ियों से करार करना और भी मुश्किल हो जाएगा।

सूत्र ने स्वीकार किया कि दोनों लीगों के बीच वित्तीय असमानता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई खिलाड़ी चोट से जूझ रहे आईपीएल में काफी अधिक वेतन पैकेज दिए जा रहे हैं, जबकि पीएसएल फ्रेंचाइजी उन वेतन पैकेजों का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। पीसीबी ने पिछले साल अनुबंध उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी और उन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। यह कदम हालांकि प्रभावी साबित नहीं हुआ, क्योंकि बॉश ने पीएसएल खिलाड़ी ड्राफ्ट में शामिल होने से पहले ही अगली नीलामी में आईपीएल अनुबंध हासिल कर लिया। पीसीबी द्वारा इस मुद्दे को आईसीसी के अन्य सदस्यों के समक्ष भी उठाने की उम्मीद है, ताकि एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा सके, जो यह सुनिश्चित करे कि खिलाड़ी किसी लीग में शामिल होने के बाद अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करें। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और मार्नुस लाबुशेन, न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और डेवोन कॉन्वे कुछ अन्य विदेशी खिलाड़ियों के साथ पीएसएल में भाग लेने के लिए लाहौर पहुंच गए।

### हस्ताक्षर के बाद नाम वापस लेने वाले खिलाड़ी

इस वर्ष के पीएसएल से अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती और जॉनसन चार्ल्स, श्रीलंका के दासुन शनाका, जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी, ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन और जेक फ्रेजर-मैकगर्क, द. अफ्रीका के ओटनेल बार्टमैन, अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज और इंग्लैंड के टायमल मिल्स शामिल हैं।



बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास करते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली। एजेंसी

## जीत की खुशी



वर्ल्ड इनडोर एथलेटिक्स में महिलाओं की 60 मीटर हर्डल्स में मेडल जीतने के बाद पोडियम पर पोज देतीं बहामास की डेविन चार्लटन (बीच में), नीदरलैंड्स की नादिन विसर (बाएं), और पोलैंड की पिया स्क्रिजोव्स्का। ● एजेंसी

### शनाका राजस्थान रॉयल्स में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के टी20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को आईपीएल के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने खुशी जताई।

# मिचेल स्टार्क को लेकर दिल्ली कैपिटल्स ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जल्द एनओसी मिलने की उम्मीद



दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव और मुख्य कोच हेमांग बदानी ने सोमवार को यहां मीडिया से बातचीत में अपने तेज गेंदबाज की उपलब्धता से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। स्टार्क ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे। उन्होंने एनओसी मिलने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी गेंदबाजी की थी। जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक कोई फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती।

उनके बगल में बैठे राव ने आगे कहा वह आ रहे हैं, बस क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का सवाल है। वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की निगरानी में हैं। हम भी उनकी फिटनेस पर नजर रख रहे हैं।

राव और बदानी के साथ बैठे अक्षर से पूछा गया कि अगर स्टार्क एक अप्रैल को लखनऊ में खेले जाने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के लिए नहीं पहुंचते हैं, तो क्या वह टी. नटराजन को उनकी जगह खिलाने के लिए तैयार हैं। अक्षर ने कहा इस समय इसका जवाब देना मुश्किल है। अगर स्टार्क को एनओसी मिल जाती है, तो वह शुरुआती मैच से पहले भी आ सकते हैं। हम उस जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। अगर वह नहीं आते हैं, तो जरूरी नहीं है कि हम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की जगह दूसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को ही टीम में शामिल करें। उन्होंने कहा यह टीम संयोजन का मामला है। नटराजन हालांकि बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और पूरी तरह फिट हैं। नटराजन कंधे की चोट के कारण पिछले सत्र में सिर्फ दो मैच खेल पाए थे।

# नए चेहरों के साथ सत्र की शुरुआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे ।

दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है। उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं । महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं।

भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं।पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

## एशिया कप

### टीम

**रिकर्व पुरुष** : देवांग गुप्ता, आरव पूनिया, जुयेल सरकार और सुखचैन सिंह। **रिकर्व महिला** : कीर्तिक, अंशिका कुमारी, रूमा बिस्वास और रिद्धि। **कंपाउंड पुरुष** : रजत चौहान, प्रथमेश जावकर, उदय कम्बोज और ऋषभ यादव। **कंपाउंड महिला** : स्वाति दुधवाल, राज कौर, तेजल साल्वे और चिकिथा तानीपर्थी।

उपलब्धि | भुवनेश्वर करेगा मेजबानी, कलिंगा इनडोर स्टेडियम में होगी आयोजित, दो साल बाद होगी विश्व चैम्पियनशिप

# भारतीय इनडोर एथलेटिक्स के नए युग की आज से शुरुआत

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

भारत संकरे ट्रैक और एक समान हालात वाले इनडोर एथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से यहां शुरू हो रही पहली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये करेगा जबकि दो साल बाद इसी स्थान पर उसे विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करनी है। पिछले सप्ताह भारत को विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी।

भारत में पहली बार ट्रैक और फील्ड की विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो दिन तक चलेगी। भारत में शीर्ष स्तर की इंडोर सुविधाओं के अभाव में इंडोर एथलेटिक्स उतना लोकप्रिय नहीं रहा है। कुछ भारतीय हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करते आए हैं। इनडोर स्पर्धाओं में खिलाड़ी संकरे ट्रैक पर उतरते हैं। आउटडोर 400 मीटर ट्रैक चौड़े और सपाट टर्न वाले होते हैं। इंडोर स्पर्धायें हवा या मौसम से प्रभावित नहीं होती क्योंकि भीतर एक सी परिस्थितियां होती है।



भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले इसमें भाग नहीं लेंगे क्योंकि उनकी स्पर्धायें रोस्टर का हिस्सा नहीं हैं। कलिंगा स्टेडियम परिसर के भीतर विश्व स्तरीय सुविधायें तैयार होने के बाद भारत ने विश्व एथलेटिक्स को 2028 चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए मनाया है । भारत को 2028 में होने वाली एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिलने की भी उम्मीद है जिस पर फैसला मई में लिया जाएगा। अधिकांश भारतीय एथलीटों, आयोजकों और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अधिकारियों के लिये यह नया अनुभव होगा। इनडोर स्पर्धा 200 मीटर के ट्रैक पर होगी। सबसे छोटी फर्राटा दौड़ 60 मीटर की है। ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद , त्रिकूद और शॉटपुट को इसमें शामिल किया गया है लेकिन भालाफेंक, चक्काफेंक या तारगोला फेंक जैसी थ्रो स्पर्धायें नहीं होंगी।

### 300 एथलीट कर रहे प्रतिभाग

राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के सबसे बड़े दल हैं। दो दिन में पुरुष और महिला वर्ग में 11 स्पर्धायें होंगी जिनमें 60 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 60 मीटर बाधा दौड़, ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद, त्रिकूद और शॉटपुट शामिल हैं । हाल ही में पोलैंड में विश्व इनडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शामिल की गई चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले इसका हिस्सा नहीं है । चार गुणा 400 मीटर महिला और पुरुष रिले, पुरुष हेप्टाथलन और महिला पेंटाथलन को भी जगह नहीं दी गई है।